# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 161

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 23 मार्च, 2024


# अगले 6 दिन ईडी के सवालों के घेरे में रहेंगे अरविंद केजरीवाल

## दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया जहां जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने 10 दिन की हिरासत की मांग की थी

- इससे पहले, दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गुरुवार रात केजरीवाल की गिरफ्तार किया था
- केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान आप मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में लिया था
- दिन भर राजनेताओं से लेकर आम आदमी केजरीवाल के घटनाक्रम को लेकर न्यूज़ चैनल और मीडिया अपडेट्स से चिपके रहे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

शराब नीति मामले के मास्टरमाइंड होने और गंभीर आरोपों से घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छह दिन की प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले केजरीवाल के वकीलों ने जिरह के दौरान उनके बचाव में तमाम दलीलें दीं। दिन भर राजनेताओं से लेकर आम आदमी केजरीवाल के घटनाक्रम को लेकर न्यूज़ चैनल और मीडिया अपडेट्स से चिपके रहे। अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया जहां जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने 10 दिन की हिरासत की मांग की। इससे पहले, दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गुरुवार रात केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान आप मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में लिया था।



### जेल से आप के कार्यालय की ओर जाने वाली सभी सड़कें अवरुद्ध

आप कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के आईटीओ पर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। किसी भी विरोध प्रदर्शन को दबाने के लिए दंगा गियर में अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। दिल्ली में आप के कार्यालय की ओर जाने वाली सभी सड़कों को अवरुद्ध कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की याचिका वापस ले ली है। मुख्यमंत्री अब जांच एजेंसी की 12 सदस्यीय टीम द्वारा गुरुवार रात उनकी गिरफ्तारी को लेकर निचली अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे, जो सर्च वारंट के साथ उनके आधिकारिक आवास पर पहुंची थी।

### केजरीवाल मुख्यमंत्री बने रहेंगे और जेल से अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे

जांच एजेंसी ने मुख्यमंत्री से पूछताछ का पहला दौर शुरू कर दिया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद, आप ने कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री बने रहेंगे और जेल से अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। आप नेता आतिशी ने कहा, ऋअरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं और रहेंगे...इसमें कोई दो राय नहीं है।ऋ मुख्यमंत्री को जांच एजेंसी ने नौ बार तलब किया था, लेकिन उन्होंने समन को अवैध बताते हुए बार-बार उसके सामने पेश होने से इनकार कर दिया।

### पत्नी सुनीता को मिल सकती है जिम्मेदारी!

आम आदमी पार्टी में यह भी चर्चा आम रही कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। सूत्रों की माने तो मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जेल में होने की वजह से मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ही कद्दावर नेता बनकर उभरे हैं। वहीं यह भी कयास लगाया जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी सत्ता संभाल सकती है।

### रिश्वत को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई थी नीतिः ईडी

ईडी ने कहा, साजिश कुछ खामियों से उपजी है जो जानबूझकर छोड़ दी गई हैं या नीति में बनाई गई हैं। ये कथित तौर पर निविदा प्रक्रिया के बाद कुछ लाइसेंसधारियों और साजिशकर्ताओं को फायदा पहुंचाने के लिए थे। ईडी के वकील राजू ने कहा कि शराब नीति इस तरह से बनाई गई थी जिससे रिश्वत को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा हम आबकारी नीति की पृष्ठभूमि की बात करते हैं। विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था लेकिन यह एक फर्जी समिति थी। नीति इस तरह से बनाई गई थी कि यह रिश्वत लेने और रिश्वत देने वाले लोगों की वसूली को सक्षम करेगी ॥ उन्होंने आगे दावा किया कि केजरीवाल ने एहसान के बदले 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत की मांग की। एएसजी ने कहा कि रिश्वत के बदले साउथ ग्रुप ने दिल्ली में शराब कारोबार का नियंत्रण हासिल कर लिया। यह भी तर्क दिया गया कि केजरीवाल लगातार डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के संपर्क में थे। सिसोदिया और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह इस मामले में पहले से ही जेल में हैं। 15 मार्च, 2024 को ईडी ने मामले में भारत राष्ट्र समिति के विधायक और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को भी गिरफ्तार किया था।

### पहली बार किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारीः सिंधवी

अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, पहली बार भारत में किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी अधिक कठोर है, क्योंकि जमानत भी कड़ी है। इसलिए ईडी को यह साबित करना होगा कि केजरीवाल को गिरफ्तार करना जरूरी था। कथित धन के लेन-देन पर सिंघवी ने कहा कि इसमें शामिल होने के ठोस सबूत होने चाहिए। वहीं, ईडी ने केजरीवाल का रिमांड मांगते हुए कहा कि वह इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता हैं क्योंकि वह शराब नीति तैयार करने में सीधे तौर पर शामिल थे। इसके अलावा शराब नीति घोटाले के माध्यम से प्राप्त रिश्वत का इस्तेमाल आप ने गोवा विधानसभा चुनावों को निधि देने के लिए किया था।

### सत्ता के अहंकार में मोदी ने कराया गिरफ्तारः सुनीता

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। पक्ष और विपक्षा दोनों के बीच जुबानी जंग जारी है। इस बीच अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पत्नी सुनीता ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने दिल्ली वालों को समर्पित अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया एक्स के जरिए दी। उन्होंने लिखा, आपके तीन बार चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदीजी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ्तार करवाया। सबको क्रश करने में लगे हैं। यह दिल्ली के लोगो के साथ धोखा है। आपके मुख्यमंत्री हमेशा आपके साथ खड़े रहें हैं। अंदर रहें या बाहर, उनका जीवन देश को समर्पित है। जनता जनार्दन है सब जानती है। जय हिन्द

# 10 राज्यों के 20 स्कूलों की मान्यता रद्द

## उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के भी संस्थान




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने देश के अलग-अलग राज्यों के 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इन स्कूलों में नियम विरुद्ध आचरण करने के साथ-साथ कदाचार में लिप्त रहने के आरोप हैं। उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अलावा केरल और उत्तराखंड के स्कूलों पर भी गाज गिरी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और असम के भी कई स्कूलों की मान्यता भी रद्द की गई है।

### फर्जी और अयोग्य छात्रों का पंजीकरण

दिल्ली, पंजाब और असम के तीन स्कूलों की मान्यता को डाउनग्रेड यानी घटा दिया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुताबिक जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गई है, इनमें डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को दाखिला देने के प्रमाण मिले हैं। सचिव हिमांशु गुप्ता ने 22 मार्च को जारी बयान में कहा, क्या स्कूल संबद्धता और परीक्षा उपनियमों में निहित प्रावधानों और मानदंडों के अनुसार चल रहे हैं? यह जांचने के लिए देश भर के सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों में औचक निरीक्षण किया गया।

### किन राज्यों के स्कूलों पर गिरी गाज

जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गई है इसमें एक केंद्र शासित प्रदेश (जम्मू-कश्मीर) भी शामिल है।

- दिल्ली के पांच स्कूल
- उत्तर प्रदेश के तीन स्कूल
- केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के दो-दो स्कूल
- जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और असम के एक-एक स्कूल

### तीन स्कूलों को डाउनग्रेड करने का फैसला

निरीक्षण के बाद जारी सीबीएसई के बयान के मुताबिक 10 राज्यों के 20 स्कूलों में पाया गया कि कुछ स्कूल डमी और अयोग्य छात्रों का पंजीकरण कराने के अलावा विभिन्न कदाचारों में लिप्त पाए गए। स्कूलों में रिकॉर्ड भी ठीक से नहीं पाए गए। गहन जांच के बाद 20 स्कूलों की मान्यता रद्द करने, जबकि तीन स्कूलों को डाउनग्रेड करने का फैसला लिया गया। सीबीएसई ने अभिभावकों से इन स्कूलों से सतर्क रहने की अपील भी की है।

### सीबीएसई ने दिल्ली के इन पांच स्कूलों की मान्यता रद्द की

- सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, दिल्ली-81
- नेशनल पब्लिक स्कूल, दिल्ली-40
- चंद राम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दिल्ली-39
- मैरीगोल्ड पब्लिक स्कूल, दिल्ली-39
- भारत माता सरस्वती बाल मंदिर, दिल्ली-40

### उत्तर प्रदेश के इन स्कूलों की मान्यता रद्द हुई

- लॉयल पब्लिक स्कूल, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश
- ट्रिनिटी वर्ल्ड स्कूल, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश
- क्रेसेंट कॉन्वेंट स्कूल, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश

### राजस्थान के इन स्कूलों पर गिरी गाज

- प्रिंस यूसीएच माध्यमिक विद्यालय, सीकर, राजस्थान
- ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल, जोधपुर, राजस्थान

### छत्तीसगढ़ के स्कूलों के नाम-

- द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल, रायपुर, छत्तीसगढ़
- वाइकन स्कूल, विधान सभा मार्ग, रायपुर, छत्तीसगढ़

### महाराष्ट्र में इन पर गिरी गाज-

- राहुल इंटरनेशनल स्कूल, ठाणे, महाराष्ट्र
- पायोनियर पब्लिक स्कूल, पुणे, महाराष्ट्र

### केरल के दो स्कूलों की मान्यता रद्द हुई

- पीवीज़ पब्लिक स्कूल, मलप्पुरम, केरल
- मदर थेरेसा मेमोरियल सेंट्रल स्कूल, तिरुवनंतपुरम,

### इन सीबीएसई स्कूलों की मान्यता भी रद्द हुई-

- करतार पब्लिक स्कूल, कठुआ, जम्मू-कश्मीर
- साई आरएनएस अकादमी, दिसपुर, गुवाहाटी, असम
- सरदार पटेल पब्लिक स्कूल, मिसरोड हुजुर, भोपाल, मध्य प्रदेश
- ज्ञान ऐंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल, देहरादून, उत्तराखंड

### सीबीएसई ने इन तीन स्कूलों की मान्यता को डाउनग्रेड किया-

- श्रीराम अकादमी, बारपेटा, असम
- द विवेकानंद स्कूल, नरेला, दिल्ली
- श्री दासमेश सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल तलवंडी साबो, जिला बठिंडा, पंजाब


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# अखिलेश से सीतापुर जेल में बोले आजम खां, रामपुर से लड़िए लोकसभा चुनाव

- आजम खां और उनके परिवार का हालचाल लेने के साथ ही अखिलेश ने उनके साथ गंभीर राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां से सीतापुर की जेल में मिले। करीब डेढ़ घंटे की मुलाकात में रामपुर, मुरादाबाद और बिजनौर समेत पश्चिमी यूपी की कई लोकसभा सीटों पर चर्चा हुई। बताते हैं कि आजम खां ने अखिलेश को रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की पेशकश की, ताकि पश्चिमी यूपी में रणनीतिक संदेश जाए। सूत्रों के अनुसार, जेल में आजम खां और उनके परिवार का हालचाल लेने के साथ ही अखिलेश ने उनके साथ गंभीर राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। वर्ष 2019 में रामपुर लोकसभा सीट से आजम खां सपा के टिकट पर जीते थे, पर उन्हें कोर्ट से सजा होने के बाद हुए उपचुनाव में यह सीट भाजपा ने छीन ली। सपा का आरोप है कि सत्ता के जोर पर उनके मतदाताओं को वोट नहीं डालने दिया गया। मुलाकात के दौरान बताते हैं कि आजम खां की ओर से यह प्रस्ताव आया कि अगर अखिलेश रामपुर से मैदान में उतरते हैं तो सपा समर्थक मतदाताओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा। इससे जीत सुनिश्चित हो सकेगी। मुरादाबाद से चुनाव लड़ने के लिए सपा के विधायक कमाल अख्तर व नासिर कुरैशी और मौजूदा सांसद एसटी हसन की खामियों और खूबियों पर भी मंथन हुआ। सपा ने बिजनौर से पूर्व सांसद यशवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन उनका टिकट बदलना करीब-करीब तय माना जा रहा है। यहां से पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहे संजय लाठर, आंवला से बसपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ चुकीं रुचिवीरा और सपा विधायक रामौतार सैनी के नाम पर चर्चा हुई।

### बागपत का भी बदल सकता है टिकट

सूत्रों की मानें तो सपा का मेरठ और बागपत का टिकट बदलना भी तय माना जा रहा है। मेरठ से भानु प्रताप सिंह और बागपत से मनोज चौधरी को टिकट दिया गया है। मेरठ सीट पर विधायक रफीक अंसारी, अतुल प्रधान और योगेश वर्मा का नाम आगे है। जबकि, बागपत से मांगेराम कश्यप, अमर शर्मा व विकास मलिक का नाम आगे बताया जा रहा है।

### भाजपा की नाइंसाफी के खिलाफ संदेश देगाः अखिलेश

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खां से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि रामपुर इस बार वोट नहीं, भाजपा की नाइंसाफी के खिलाफ संदेश देगा। देश की जनता भाजपा के अहंकार को हराएगी। भाजपा जो अन्याय कर रही है, उसका नतीजा उसे भुगतना पड़ेगा। इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा को सबक सिखा दिया है।

# एमपी अग्रवाल प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा बनाए गए

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष होंगे। शासन की ओर से इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया है। ऐसे में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी आएगी। नवगठित शिक्षा सेवा चयन आयोग में 12 सदस्यों की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। लखनऊ में प्रमुख सचिव के समक्ष कार्यभार भी संभाला था। इनमें से नौ सदस्यों ने प्रयागराज स्थित आयोग कार्यालय पहुंचकर भी कार्यभार संभाल लिया है। रोहितांश सिंह एवं विमल कुमार विश्वकर्मा ने शुक्रवार को ही कार्यभार संभाला।

# ब्रज की होलीः बांकेबिहारी मंदिर में बरसे आस्था के रंग आराध्य संग होली खेल रहे भक्त, श्रद्धालुओं का सैलाब



जन एक्सप्रेस। मथुरा

बिहारी बिहारिन की रे मोपै यह छवि बरनि न जाय..., तेरौ कारौ चुटीला रेशम कौ कमर पड़ों लहराय..., कैसौ ये देश निगोरा जगत होरी ब्रज होरा... इन होरी के पदों के बीच बांकेबिहारी मंदिर में इन दिनों होली का उल्लास छाया है। टेसू का रंग, सुगंधित हर्बल गुलाल और फूलों की होली भक्त और भगवान के बीच हो रही है। श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन के साथ होली में इस कदर सराबोर हो रहे हैं कि हर कोई सुधबुध खोकर नाचते लगता है। श्रीबांकेबिहारी मंदिर में चल रही पांच दिवसीय होली में शुक्रवार सुबह से ही देशभर से श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन के साथ ही होली का आनंद लेने के लिए आ रहे हैं। श्रद्धालुओं में मंदिर में हो रही होली को लेकर गजब उत्साह है। सेवायत गोस्वामी गर्भगृह से बाहर जगमोहन में चांदी के सिंहासन पर ठाकुरजी को विराजमान कर रहे हैं।

**रिपोर्ट** अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद यह पहली होली है, मुख्यमंत्री योगी समेत प्रदेशवासियों में भारी उत्साह

# खास गुलाल से रामलला संग होली खेलेंगे सीएम योगी

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

- प्रभु राम की त्वचा को कोई नुकसान न हो इसलिए लखनऊ के वैज्ञानिकों ने तैयार किया विशेष हर्बल गुलाल
- कचनार और के फूलों और गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में चढ़ाए हुए फूलों से बना है गुलाल
- गुलाल की बाजार में बेहतर उपलब्धता के लिए हर्बल गुलाल तकनीक को कई कंपनियों और स्टार्ट-अप्स को हस्तांतरित किया गया है



**लखनऊ।** रामनगरी अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद पहला होली उत्सव है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत प्रदेशवासी खासे उत्साहित हैं। सीएम योगी प्रभु राम के साथ होली खेलने अयोध्या आने को आतुर हैं। आराध्य की त्वचा को रंग गुलाल से कोई दिक्कत न हो इसलिए सीएम योगी ने लखनऊ के वैज्ञानिकों से खास हर्बल गुलाल बनवाया है। यह गुलाल कचनार के फूल और गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में चढ़ाए गए फूलों से बनाया गया है। गुलाल की बाजार में बेहतर उपलब्धता के लिए हर्बल गुलाल तकनीक को कई कंपनियों और स्टार्ट-अप्स को हस्तांतरित किया गया है। लखनऊ के वैज्ञानिकों ने खास गुलाल तैयार किया है, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा जा चुका है। उन्होंने इस रंग की काफी तारीफ की है। वैज्ञानिकों ने इस रंग को पूरी तरह से जांच करने के बाद ही मुख्यमंत्री को दिया है ताकि रामलला की त्वचा को यह रंग किसी भी तरह से कोई नुकसान न पहुंच पाएं। अवधपुरी के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में विराजमान रामलला कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे। सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खास तौर पर तैयार किया है। यही नहीं, वैज्ञानिकों ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में चढ़ाए हुए फूलों से भी एक हर्बल गुलाल तैयार किया है। बुधवार को संस्थान के निदेशक ने दोनों खास गुलाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किए।

### सीएम योगी द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा

मुख्यमंत्री ने इस विशेष पहल के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश के कई स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए अधिक अवसर और रोजगार प्रदान करेगा। निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा है। विरासत को सम्मान और परंपरा के संरक्षण के लिए ही ये रंग बनाए गए हैं।

### कचनार को त्रेतायुग में अयोध्या का राज्य वृक्ष माना जाता था

संस्थान की ओर से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए बौहिनिया प्रजाति जिसे आमतौर पर कचनार के नाम से जाना जाता है, इसके फूलों से हर्बल गुलाल बनाया गया है। कचनार को त्रेतायुग में अयोध्या का राज्य वृक्ष माना जाता था।

### त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है हर्बल गुलाल

यह आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल आदि गुण भी होते हैं। इसी तरह, गोरखनाथ मंदिर में चढ़ाए हुए फूलों से हर्बल गुलाल को तैयार किया गया है। इन हर्बल गुलाल का परीक्षण किया जा चुका है और यह मानव त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल हैं।

### लैवेंडर और चंदन फ्लेवर में विकसित किया गया है हर्बल गुलाल

कचनार के फूलों से हर्बल गुलाल लैवेंडर फ्लेवर में बनाया गया है, जबकि गोरखनाथ मंदिर के चढ़ाए हुए फूलों से हर्बल गुलाल चंदन फ्लेवर में विकसित किया गया है। इन हर्बल गुलाल में रंग चमकीले नहीं होते क्योंकि इनमें लेड, क्रोमियम और निकल जैसे केमिकल नहीं होते हैं। फूलों से निकाले गए रंगों को प्राकृतिक घटकों के साथ मिला कर पाउडर बनाया जाता है। इसे त्वचा से आसानी से पोंछ कर हटाया जा सकता है।

### एलर्जी, जलन और गंभीर समस्या पैदा कर सकते हैं रसायनिक गुलाल

वर्तमान में बाजार में उपलब्ध गुलाल में खतरनाक रसायन होते हैं जो त्वचा और आंखों में एलर्जी, जलन और गंभीर समस्या पैदा कर सकते हैं। हर्बल गुलाल की पहचान करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि यह अन्य गुलाल की तरह हाथों में जल्दी रंग नहीं छोड़ेगा।

# लोगों के साथ विश्वासघात करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस पर फायर कर एक अपराधी फरार

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य तथा उनकी टीम द्वारा लोगों के साथ विश्वासघात कर उनके ट्रैक्टर किराये पर लेकर बेंचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर 6 ट्रैक्टर, 1 ट्राली व 1 कम्प्रेशर मशीन बरामद की गयी।

बीती 19 मार्च को वादी हिमांशु सिंह पुत्र राजकुमार निवासी सेमरा ने थाना बरगढ़ में सूचना दी कि कमल सिंह निवासी गाढ़ा कटरा व बाला उर्फ दीवेशपति द्विवेदी निवासी डेरावारी थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज द्वारा उनके ट्रक्टर व ट्राली 11 माह के एग्रीमेंट पर प्रतिमाह 24 हजार रुपये किराये पर ले गये थे, किन्तु माह पूरा होने पर किराया नहीं दिया एवं ट्रक्टर कहीं हटा दिया है। इस सूचना पर थाना बरगढ़ में कमल सिंह व बाला उर्फ दीवेशपति द्विवेदी के विरूद्ध अभियोग पजीकृत किया गया था।

प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य एवं उनकी टीम द्वारा गोकुलपुर तिराहा से ट्रैक्टर पर सवार आरोपी कमल सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूंछतांछ में आरोपी ने बताया कि यह ट्रक्टर उसने तथा उसके साथी बाला उर्फ दीवेशपति द्विवेदी ने हिमांशु सिंह से किराये का लालच देकर लिया था और इसे बेंचने जा रहे थे। वह दोनों मिलकर लोगों को बेवकूफ बनाकर किराये का लालच देकर ट्रैक्टर ले जाते है और उन्हें ले जाकर बेच देते है। साथ ही जब किसी का ज्यादा दबाव पड़ता है तो उनका कुछ पैसा वापस भी कर देते है। दोनों ने मिलकर दो ट्रैक्टर, एक ट्राली व एक कम्प्रैशर मशीन मऊ से तथा दो ट्रैक्टर व एक ट्राली शिवराजपुर शंकरगढ जनपद प्रयागराज से भी लोगों को बेवकूफ बनाकर किराये पर लेकर गये थे। जिसमे की मऊ की एक ट्रैक्टर ट्राली को एक कबाडी को बेच दिया था, उस पैसे को दोनों ने आपस मे बांट लिया था। शेष पांच ट्रैक्टर, एक ट्राली व एक कम्प्रैशर मशीन मडहा के जंगल में एक खाली पडे मकान के पास निर्जन स्थान पर लोगों की नजर से बचा कर बेचने के लिए रखे हुये हैं।

उसका साथी बाला उर्फ दिवेशपति द्विवेदी जंगल में ट्रक्टरों की रखवाली कर रहा है। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस टीम मडहा के जंगल में एक खाली पडे मकान के पास निर्जन स्थान के पास पहुंची तो आरोपी बाला उर्फ दीवेशपति द्विवेदी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुये अंधेरे का फायदा उठाकर बचकर भाग गया। मौके से 5 ट्रैक्टर बरामद किये गये।

गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह, मुख्य आरक्षी चालक रमेशचन्द्र, आरक्षी योगेश, शुभम पटेल, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चित्रकूट की दोनों विधानसभाओं में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विगत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में डोर टू डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास आधिकारी अमृत पाल कौर ने शहर के पुरानी बाजार रामलीला मैदान से प्रत्येक घरों के बाहर मतदाता जागरूकता सम्बन्धी स्टीकर लगाकर तथा शकुंतला देवी, रोहिणी गर्ग, जयदेवी बुजुर्ग मतदाताओं को माला पहना कर मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करते हुए हरी झंडी दिखाकर किया गया। साथ ही डोर टू डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने वाली टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो घर घर जाकर लोगों से सम्पर्क करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही प्रत्येक घर के बाहर जागरूकता सम्बन्धी स्टीकर चस्पा करेगें।

कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के लिए 11 टीमें बनाई गई हैं, जिनकी अगुवाई के लिए नोडल अधिकारी नामित किये गए हैं, जो प्रत्येक दिन एक-एक बूथ से सम्बन्धित घरों में जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। जिलाधिकारी ने उपस्थित मतदाताओं से अपील की कि इस लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 के पर्व में आप लोग बढ़-चढ़ कर मतदान करें।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, अधिशासी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव, स्वीप सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकारों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सीएमसीएलडीपी सभागार में दो दिवसीय बौद्धिक संपदा संपदा अधिकार विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में इंजीनियर पियूष गर्ग पेटेंट कार्यालय कलकत्ता, दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन एवं कोषाध्यक्ष बसंत पंडित उपस्थित रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने की। कार्यशाला अध्यक्ष प्रो आईपी त्रिपाठी अधिष्ठाता विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय एवं कार्यशाला संयोजक प्रो घनश्याम गुप्ता विभागाध्यक्ष ऊर्जा एवं पर्यावरण रहें। विषय विशेषज्ञ डॉ सुमित कुमार उदघाटन सत्र में रहे। सत्र संचालन डॉ वंदना पाठक ने किया। वैज्ञानिक और प्रबंधन बिरादरी को संवेदनशील बनाने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों पर केंद्रित इस राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विश्व जल दिवस पर भी विद्वानों ने अपने-अपने विचार रखें। दीनदयाल सोच संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव और ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल के सदस्य अभय महाजन ने कहा कि विश्व जल दिवस पर अपनी व्याख्यान प्रस्तुति में कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता में जल का महत्व पूरे वर्ष रहता है। हमें जल ही जीवन के नारे को आत्मसात करते हुए जल संरक्षण के लिए सदैव प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य देशों में जल दिवस वर्ष में केवल एक दिन मनाया जाता है, जबकि भारत में संपूर्ण वर्ष जल दिवस रहता है। बौद्धिक संपदा अधिकार के संदर्भ में महाजन ने कहा कि हमारा देश बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में काफी सशक्त है। आवश्यकता है पेटेंट कार्यक्रम के प्रति विशेष जन जागरूकता की। बसंत पंडित ने बौद्धिक संपदा अधिकार और जल के महत्व पर प्रकाश डाला।

इजी पियूष गर्ग पेटेंट कार्यालय कलकत्ता ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय से अपने आत्मीय संबंधों का स्मरण करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय में विविध प्रकार की बौद्धिक संपदा हैं, जिसे पेटेंट करा कर राष्ट्रीय विकास में योगदान किया जा सकता है। इजी पियूष गर्ग ने पेटेंट के नियम और प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय जल संरक्षण की दिशा में अपना सशक्त योगदान कर रहा है। मंदाकिनी नदी की सफाई एवं स्वच्छता के लिए पर्यावरण के शिक्षक एवं विद्यार्थी मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यावरण के शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में जल संरक्षण के सार्थक उपायों को प्रदर्शित करने वाले मॉडल स्थापित करें।

# तालाब में डूबे युवक को 24 घंटे बाद निकाला गया पानी से

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

**✻ पचनेही गांव में फसल कटाई करने के लिए आया था युवक**

अपने परिवार और गांव के कुछ लोगों के साथ पचनेही गांव फसल कटाई करने आया युवक गुरुवार की सुबह तालाब में नहाते समय डूब गया। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने तलाश की, लेकिन असफल रहे। बाद में गोताखोरों को तालाब में उतारा गया। चैबीस घंटे बाद शुक्रवार की सुबह युवक का शव बरामद हुआ। शव मिलते ही परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

बदौसा थाना क्षेत्र के नादनमऊ गांव निवासी बिंदा (36) पुत्र रज्जा अपने परिवार के सदस्यों और गांव के तकरीबन 20 लोगों के साथ पचनेही गकांव में अतुल सिंह के खेतों की फसल कटाई करने के लिए आए थे। गुरुवार की सुबह बिंदा पचनेही गांव के जंगल में स्थित तालाब में नहाने गया था। मालुम हो कि तालाब की खुदाई कराई थी, उसकी गहराई तकरीबन 13 फिट बताई गई। नहाते समय बिंदा तालाब में पानी की गहराई में समा गया। परिजनों ने खोजा लेकिन पता नहीं चला। तालाब के पास उसके कपड़े मिलने से शक हुआ। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से तालाब में बिंदा को खोजने का प्रयास किया, लेकिन नामाम रहे।

बाद में पुलिस ने रेस्क्यू करते हुए गोताखोरों को तालाब में उतारा। पूरे चैबीस घंटे बाद गोताखोरों ने शुक्रवार की सुबह बिंदा का शव बरामद किया। शव देखते ही मौके पर मौजूद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया। मृतक के चचेरे भाई रोहित ने बताया कि फसल कटाई के लिए पचनेही गांव आए थे, तालाब में नहाते समय डूब जाने से भाई बिंदा की मौत हो गई।

# डीएम ने की लोकसभा चुनाव में वाहनों की उपलब्धता सम्बन्धी बैठक

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए वाहनों की उपलब्धता के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों में शासकीय वाहन व अनुबंधित वाहन है वह तत्काल निर्वाचन कार्यालय को सूचना उपलब्ध करा दें ताकि निर्वाचन कार्य प्रभावित न हो। अगर कोई विभाग अपने विभागीय वाहनों की सूचना नहीं देगा तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके जिम्मेदार सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष होंगे। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि आरबीएसके टीम की जो गाड़ियां हैं, उनको तत्काल निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दें। यात्री कर अधिकारी से कहा कि प्राइवेट हल्के वाहनों को भी अधिग्रहित करने की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। यात्री कर अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि आप लोगों के विभाग में जो वाहन है और आपकी ड्यूटी निर्वाचन में लगी है तो भी वाहन उपलब्धता की सूचना परिवहन विभाग को अवश्य उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने अपर उप जिलाधिकारी से कहा कि एफएसटी में लगे सभी अधिकारियों को वाहन अवश्य उपलब्ध कराया जाए।

# एल.एल.बी. तृतीय सेमेस्टर में प्राची ने किया टॉप

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



संत कृपाल सिंह विधि महाविद्यालय लामा में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा एलएलबी पाठयक्रम का तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें अध्यनरत छात्र छात्राओं ने अप्रत्यासित अंक अर्जित कर परीक्षा उत्तीर्ण की हैं। छात्रा प्राची राठौर ने अपने तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में ने 71.6 प्रतिशत नंबर प्राप्त कर अपने विधि महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। अशोक चैसरिया ने 69.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया व शशांक ने 68.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया जो बड़े ही गौरव की बात हैं। प्राचार्य सर्वेश अग्निहोत्री ने प्राची राठौर की इस सफलता के लिए उनको बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। आपको यह भी बता दें कि प्राची राठौर ने अपने प्रथम सेमेस्टर में भी 71 प्रतिशत नंबर लाकर अपने विधि महाविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। महाविद्यालय के अच्छे परिणाम को देखते हुऐ अभिभावकों के द्वारा खुशी जाहिर की गई है। महाविद्यालय के प्रचार्य सर्वेश अग्निहोत्री ने बताया कि अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए अध्ययन की जरूरत के अनुसार अध्यापन प्रणाली में निरंतर सुधार एवं योग्यतम प्रध्यापको का प्रयास जारी रहेगा। सचिव यश शिवहरे ने छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# भारतीय इतिहास एवं वैश्विक राजनय विषय पर हुई संगोष्ठी

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में इतिहास, संस्कृति, पुरातत्व, राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

भारतीय इतिहास एवं वैश्विक राजनय विषय पर हुई इस संगोष्ठी में विद्वानों ने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के प्रो डीपी दुबे, प्रो नीलम चैरे, रतन सेन महाविद्यालय सिद्धार्थनगर के प्रो मिथलेश कुमार तिवारी, ग्रामोदय विष्वविद्यालय के प्रो अमरजीत सिंह, ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवां के प्रो अजय शंकर पाण्डेय, शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा की प्रो सुधा सोनी, महामति प्राण नाथ महाविद्यालय के प्रो संतोष कुमार चतुर्वेदी ने पहले दिन अपने विचार रखें। दूसरे दिन काशी हिन्दू विष्वविद्यालय वाराणसी के प्रो कौशल किशोर मिश्रा, अर्तरा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के प्रो राजीव रतन द्विवेदी, राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर के सुनील कुमार मिश्र, साकेत महाविद्यालय अयोध्या के प्रो हरि प्रसाद दुबे के साथ तमाम शोधार्थियों और विद्वानों ने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक एवं इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ महेन्द्र कुमार उपाध्याय, सह संयोजक डॉ प्रतिभा कुमारी शुक्ला, आयोजन सचिव एवं राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार त्रिपाठी ने रूपरेखा प्रस्तुत की। विष्व विद्यालय के संरक्षक एवं कुलपति प्रो शिशिर कुमार पाण्डेय ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की।

# संयुक्त टीम की छापामार अभियान में अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त जोन आगरा एस पी चैधरी के निर्देश पर होली व आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला आबकारी अधिकारी अखिलेंद्र बहादुर सिंह के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक मऊ कृष्ण कुमार मिश्रा, आबकारी निरीक्षक मानिकपुर रविशंकर गुप्ता, राजापुर नीरज वर्मा एवं रैपुरा थाना प्रभारी शैलेंद्रचंद्र पांडेय टीम के साथ एनएच 35 पर वाहन से अवैध मादक द्रव्य की बरामदगी को लेकर संदिग्ध वाहनों की जांच की। साथ ही दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में लहन नष्ट किया है।

आबकारी व रैपुरा थाने की पुलिस ने भौरी गांव के डेहलीपुरवा में आकस्मिक दबिश देते हुए एक आरोपी को 35 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया है। साथ ही आरोपी की निशानदेही पर करीब 200 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया है। इसके बाद मानिकपुर में दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानें नियमानुसार संचालित मिलीं। उहोंने बताया कि जन व राजस्व हित में दबिश की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। मानिकपुर में उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा की अध्यक्षता में अनुज्ञापियों की बैठक ली। जिसमें उप जिलाधिकारी ने समस्त अनुज्ञापियों को नियमानुसार दुकान संचालित करने का निर्देश दिए।

इस मौके पर प्रधान आबकारी सिपाही आजाद खान, आबकारी सिपाही लालाराम, दीपक यादव, सुमित्रा देवी आदि मौजूद रहे।

# विश्व जल संरक्षण दिवस पर बालक-बालिकाओं ने रैली निकाल कर किया जागरूक



**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

विश्व भूगर्भ जल संरक्षण दिवस अवसर पर रैलियॉ निकालकर जल संरक्ष के प्रति जागरुक किया गया कि कल के लिये आज जल की एक-एक बूंद बचाएं क्योंकि पूरे विश्व मे पीने का पानी सिर्फ एक प्रतिशत है। जिसका एक चैथाई ही हमारे पास है जिसे हम सब को सहेजना है जिससे कि आने वाली पीढ़ी को जल की कमी से न परेशान होना पडे। वही जल संरक्षण के लिए जल श्रोत कुये तालाब का भी संरक्षण आवश्यक है। भूगर्भ मे जल का स्तर लगातार तेजी से गिरता जा रहा है। जिससे आज भी तटीय क्षेत्रो में पेजजल की समस्या हो रही है। जब कि लोग पीने के पानी को सडकों को सींचने, नालियों को धुलने इत्यादि में लाखों लीटर प्रतिदिन बर्बाद कर देते हैं। वही सरकार द्वारा लगाये गये सार्वजनित नल व निजी टोटियो को खुला छोड कर जल की बबार्दी आम है। जिसके प्रति हमे जागरुक होना पडेगा और जल संरक्षण की भावना जाग्रत करना पडेगा। इसी के साथ अति प्राचीन जल श्रोतो को भी बचाना होगा। जहॉ सनसतन धर्म मे किसी भी धार्मिक कार्यो की शुरुवात मे जल श्रोत नदी, तालाब, कुये आदि को श्रेष्ठय मानकर पूजा आदि किया जाता है और उनको निर्माण कराने वालो के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करते रहे है। जब कि आज आधुनिता के परिवेश और धन कमाने की हविस जल श्रोतो पर ही अबैध कब्जा करके बेचा जा रहा है। जहॉ सरकारे लगातार सरोवर व अमृत सरोवर बनाने के लिए करोडो का धन व्यय करके जल संरक्षण पर जोर दे रही है। वही भूमाफिया तालाबो पर अबैध कब्जा करके बेचने मे लगे है। जब कि शासन के निर्देश पर तालाबो के संरक्ष का अभियान चलाकर अबैध कब्जा मुक्त करने का दावा कर रहा है। वही आये दिन तालाबो मे जेसीबी जैसे आधुनिक मसीनो से रातो-रात पुराई कराकर कब्जे किये जा रहे है। इसी प्रकार पूजी जाने वाली नदियो का भी जीवन पर भी संकट मडरा रहा है। जल जीवो को शिकार बनाकर नदियॉ भी सिमटती जा रही है। जिससे जल संकट भी बढता ही जा रहा है। जिसके प्रति हमे ही सजक और जागरुक होना पडेगा। वर्षा जल को संचयन करना होगा तब कहीं जाकर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचा पाएंगे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** बेटी की सुसराल से वापस घर जा रहा पिता की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में जख्मी बाइक सवार को पुलिस अस्पताल लाई। चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

जनपद हमीरपुर के मौदहा थानांतर्गत रागौल गांव निवासी गुलाम रसूल (48) पुत्र आबिद अली गुरुवार को अपनी बेटी की ससुराल बांदा आया था। शाम को वह बाइक में सवार होकर अपने घर वापस जा रहा था। तभी मटौंध थाना क्षेत्र के गोयरा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे गुलाम रसूल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उठाकर जिला अस्पताल लाई। वहां पर उसकी मौत हो गई। चिकित्सक ने भी देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों को मौत की खबर मिली तो कोहराम मच गया। मृतक के समधी मुमताज ने बताया कि गुलाम रसूल अपने पीछे तीन पुत्री और एक पुत्र छोड़ गया है।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री का हुआ जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



कटरा स्थित विजय भवन में आयोजित अधिवक्ता सम्मान समारोह में बांदा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमाला अंग वस्त्र पहनाकर ज़ोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान एकजुट होकर जनहित भावना के साथ कार्य करने को प्रेरित किया गया।

अधिवक्ता सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक दीक्षित व महासचिव रामप्रकाश शिवहरे व कोषाध्यक्ष को फूलमाला व अंगवस्त्र पहनकर ज़ोरदार स्वागत हुआ।

इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि न्यायिक व्यवस्था में जनता को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही एकजुट व जनहित भावना के साथ कार्य करने को प्रेरित किया।

एसोसिएशन के पूर्व रजनीश मोहन श्रीवास्तव, एडवोकेट संजय श्रीवास्तव और एडवोकेट शिव प्रसाद श्रीवास्तव ने संबोधन किया।

# अमर सिंह राठौर फिर बने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, राजेंद्र जाटव महासचिव

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



अतर्रा अधिवक्ता संघ के चुनाव में पर्चा वापसी व जांच के बाद सभी पदों में एक-एक प्रत्याशी होने के कारण अध्यक्ष पद में अमर सिंह राठौड़ व महासचिव पद पर राजेंद्र जाटव को निर्विरोध घोषित कर दिया गया। अन्य प्रत्याशी भी हुए निर्विरोध घोषित। अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं के साथ विजयी प्रत्याशियों का किया स्वागत। एक दूजे का मुंह मीठा कराकर किया खुशी का इजहार। 13वीं बार अमर सिंह राठौड़ ने अध्यक्ष बन रचा इतिहास।

अधिवक्ता संघ के चुनाव में शुक्रवार को पर्चा वापसी व जांच के उपरांत निर्वाचन अधिकारी राममिलन कुशवाहा ने अधिवक्ता संघ की दस पदों मैं मात्र एक-एक प्रत्याशी का नामांकन दाखिल होने से जांच उपरांत सभी को निर्विरोध घोषित कर दिया अध्यक्ष पद पर एक ओर जहां अमर सिंह राठौड़ ने 13वीं बार अध्यक्ष घोषित होकर इतिहास रच दिया वही महासचिव राजेंद्र जाटव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार कुशवाहा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विकास सिंह, अर्जुन प्रकाश कोषाध्यक्ष, महेश सिंह कुशवाहा संयुक्त सचिव प्रशासन लवकुश कुमार गुप्ता संयुक्त सचिव प्रशासन संतोष कुमार संयुक्त सचिव पुस्तकालय धीरेंद्र सिंह वरिष्ठ सदस्य महेश प्रसाद मौर्य कनिष्ठ सदस्य काशी प्रसाद को घोषित किया गया। सभी पदों में निर्विरोध घोषित होने के बाद पदाधिकारी के चेहरे में मुस्कान दिखाई दिया। समर्थकों ने फूलमालाओं के साथ सभी पदाधिकारीयों का जोरदार स्वागत किया। विजयी प्रत्याशियों ने मंडी स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रसाद वितरण किया। सभी अधिवक्ताओं ने एक दूजे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि अधिवक्ता संघ की मजबूती व अधिवक्ताओं के सम्मान व स्वाभिमान जहां हरसंभव लड़ाई लड़ी जाएगी वही मुंसिफ न्यायालय के लिए भूमि अधिग्रहण सहित संघ के विकास की दिशा में अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर बृजमोहन सिंह राठौड़ अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव पूर्व महासचिव मनोज द्विवेदी सूरज वाजपेई विनय मिश्रा संतोष गुप्ता द्वारपाल वर्मा अमर सचदेवा संतोष सिंह श्याम बाबू गुप्ता राजेंद्र यादव जितेंद्र तिवारी संजय श्रीवास द्वारपाल वर्मा दिलदार वर्मा संजय श्रीवास्तव संजय सिंह राजेंद्र गुप्ता राजेश सिंह लवकुश गुप्ता विश्वनाथ अवस्थी आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे आसमान साफ रहने के कारण बर्षा होने की कोई संभावना नही है तथा हवाओं की गति सामान्य से तेज चलने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.0 (-4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 39 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अनोखा विरोध अमिताभ ने खुद को जंजीरों में किया कैद

जन एक्सप्रेस | विनीत सिन्हा



कानपुर नगर। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में ई.डी. ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई तत्काल सुनवाई की याचिका मंजूर होने के बाद केजरीवाल के द्वारा वापस ले ली गई। सीएम की गिरफ्तारी के बाद से ही दिल्ली में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। ईडी दफ्तर जिस इलाके में स्थित है, वहां पर धारा 144 लगा दी गई है। भारतीय जनता पार्टी केजरीवाल पर लगे आरोपों का जिक्र करते हुए हमलावर हैं। शुक्रवार को कानपुर में समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई अपने आप को जंजीरों में बांधकर अरविंद केजरीवाल का समर्थन किया। अपने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करने के लिए चर्चित समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई आज फिर एक बार मीडिया की सुर्खियों में आ गए। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे तो वहां सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी उनके समर्थन में जंजीरों में जकड़े हुये पहुंच गये। मीडिया को जानकारी मिलते ही शहर भर की मीडिया भी विरोध प्रदर्शन करने के लिये पहुंच गई। आम आदमी पार्टी से लेकर कांग्रेस, सपा और अन्य विपक्षियां पार्टियां सरकार को घरने में लगी है। दिल्ली से लेकर यूपी में जगह-जगह प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

**अमिताभ बोले संविधान का गला घोंटने का काम किया जा रहा है**

कानपुर आर्य नगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी अरविंद केजरीवाल के समर्थन में अपने समर्थकों के साथ बड़े चौराहे पर पहुंचे। उन्होंने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध जताने के लिए खुद को लोहे की बेड़ियों में जकड़ रखा था। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार संविधान विरोधी है। जिस तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री को चुनाव से पहले गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। वह ठीक नहीं है। सरकार ने संविधान का गला घोटने का काम कर रही है। सरकार ईडी और इनकम टैक्स के जरिए नेताओं को जेल भेजने का काम कर रही है। अमिताभ ने कहा, कि हम लोग सरकार के विरोध में अपने अपनी आवाज जनता तक पहुंचाएंगें और आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा की सरकार को देश से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

# भाजपाई घर घर जाकर मतदाताओं के मोबाइल नंबर करेंगे नोट

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को किदवई नगर विधान सभा चुनाव संचालन समिति एवं किदवई नगर विधानसभा में निवास करने वाले लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सदस्यों की बैठक हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री,विधान परिषद सदस्य एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता, राम किशोर साहू,राम शरण कटियार, मणिकांत जैन, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने कहा कि भाजपा 6 अप्रैल स्थापना दिवस से 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक दो-डोर संपर्क अभियान चलाने जा रही है जिसमे पार्टी कार्यकर्ता 6 से 14 अप्रैल तक अपने अपने बूथों पर घर-घर संपर्क कर अपने पन्ने पर अंकित मतदाताओं के मोबाइल नंबर नोट करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों की बैठक होगी। सभी कार्यकर्ता अपनी-अपने घरों की छत पर पार्टी का झंडा लगाएंगे व 14 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने बूथों पर बने वाहट्सएप में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने व सोशल मीडिया के माध्यम से योगी सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने की बात कही।

इस अवसर पर राम बहादुर यादव, रामदेव शुक्ल, गणेश शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, सुमित जायसवाल, विनोद मिश्रा, संजय कटियार, वंदना गुप्ता, महेश मिश्रा, अचल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पत्नी को विदा कराने आया पति हाइटेंशन पोल पर चढ़ा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



गुरूवार देर रात नौबस्ता थाना क्षेत्र के हंसपुरम इलाके मे उस वक्त हड़कंप मच गया। जब एक युवक पत्नी से झगड़े के बाद 33 हजार वोल्ट की एचटी लाइन टॉवर मे चढ़ गया।

ज्ञातव्य हो कि मध्यप्रदेश के दिनारा गांव निवासी सहदेव सिंह की शादी धरमपुर बंबा निवासी पूजा से हुई थी। सहदेव और पूजा का एक बच्चा भी है। सहदेव अपनी पत्नी पूजा और बच्चे को वापिस घर लेने आया था। लेकिन पूजा ने ससुराल जाने से मना कर दिया था। जिस कारण सहदेव का पूजा से विवाद हो गया और वह हाईटेंशन के पोल पर चढ़ गया। सहदेव को हाइटेंशन पोल पर चढ़ता देख क्षेत्रीय लोगों मे कोहराम मच गया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची नौबस्ता पुलिस ने सहदेव को समझा बुझाकर किसी तरह नीचे उतरवाया और उसे उसकी पत्नी और बच्चे से मिलवाया। जिसके बाद सहदेव अपने बच्चे को गले लगाकर खूब रोया। हालाकि नौबस्ता थाना प्रभारी जगदीश पांडेय और उनकी पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्रीय लोगों ने काफी प्रशंसा भी की है।

# अनियंत्रित रोडवेज बस ने तीन छात्रों को रौंदा, दर्दनाक मौत





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शुक्रवार को घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा मे एक भीषण सड़क हादसे में रोडवेज बस ने तीन छात्रों को रौंद दिया जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख राहगीरों मे कोहराम मच गया। कानपुर से घाटमपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार हमीरपुर रोडवेज बस ने साइकिल सवार छात्रों को इतनी तेज टक्कर मारी कि हादसे मे साइकिल सवार तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खाई मे जा घुसी और बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। रोडवेज बस मे सवार यात्री बाल बाल बच गए। राहगीरों ने इस हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों छात्रों को तत्काल पतारा सीएचसी भेजा। तीनों मृतकों की पहचान घाटमपुर थाना क्षेत्र के कुंवरपुर निवासी दीपक तिवारी, अंकुश प्रजापति, मनीष कुमार सविता के रुप मे हुई है। तीनों मृतक पॉलीटेक्निक के छात्र थे। खाई मे गिरी बस को पुलिस द्वारा क्रेन बुलाकर बाहर निकाला गया और चौकी पहुंचाया गया। वही मृतक के परिजनों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। और ग्रामीणों का कहना है कि यहां आए दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं जिस कारण कई मौते भी हो जाती हैं।

जिसको लेकर सभी ग्रामीणों ने सरकार से स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग करी है। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार ने मौके पर ही ग्रामीणों और परिजनों की मांग से संबंधित अधिकारियों को बुलवाया और मांगे पूरी कराने का अश्वासन देकर शांति व्यवस्था बनाई।

# मुख्य फसलों में लगने वाले रोग एवं कीड़ों के प्रबंधन विषय पर दी जानकारी



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में शुक्रवार को कृषि वैज्ञानिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर डॉ.राम बटुक सिंह ने फल उत्पादन में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर जानकारी दी व डॉ.वाई.पी. मलिक ने मुख्य फसलों में लगने वाले रोग एवं कीड़ों के प्रबंधन विषय पर जानकारी दी। वही डॉ.सी.पी. सचान ने दलहन, तिलहन एवं खाद्यान्न फसलों में बीज उत्पादन के सैद्धांतिक तकनीकी विषय के बारे में बताया। कार्यक्रम में डॉ.महक सिंह ने रवी एवं खरीफ तिलहनी फसलों की वैज्ञानिक खेती के विषय में कृषि वैज्ञानिकों को जानकारी दी। निदेशक प्रसार डॉ.आर.के. यादव ने सभी वैज्ञानिकों से सीखी गई। नवोन्मेषी तकनीकी को कृषकों के प्रक्षेत्रों पर प्रयोग करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ.एस.एल. वर्मा सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# आनंदेश्वर मंदिर में इवेंट के नाम पर भक्तों से ठगी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के मिनी काशी कहे जाने वाले परमट स्थित मन्दिर आनंदेश्वर धाम में कुछ अराजक तत्वों द्वारा एक इवेंट की फर्जी सूचना प्रसारित कर पास जारी कर दिया गया और शुल्क भी लेने का मामला समाने आया है। लेकिन जब इस बात की जानकारी परमट मन्दिर के प्रशासन से की गयी तो उन्होंने इस बात का पूरी तरह से खंडन कर दिया है।

परमट बाबा आनंदेश्वर व्यापारिक सेवा समिति जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र बाजपेई ने बताया कि जो भी कार्यक्रम बाबा आनंदेश्वर मन्दिर में होते हैं वो सभी भक्तों के लिए निशुल्क होते हैं।

जिनको आनंदेश्वर सेवा समिति जूना अखाड़ा द्वारा कराया जाता है और आज से नहीं वर्षों से कभी भी भक्तों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया है।

## कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी कानपुर की अल-शरिया हेल्पलाइन से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। **प्रश्न:** दौराने सफर(यात्रा) रोज़ा तोड़ना जायज़ है या नहीं ? अगर कोई शख्स रोज़ा रखने के बाद सफर में रोज़ा तोड़ दे तो क्या कफ्फारा भी वाजिब होगा ?

**उत्तर:** सफर(यात्रा) एक शरई कारण है जिसकी वजह से शरीअत ने रोज़ा ना रखने की गुंजाइश दी है। लेकिन रोज़ा रख लेने के बाद सफर(यात्रा) की वजह से रोज़ा तोड़ना जायज़ नहीं है लेकिन रोज़ा तोड़ देता है तो क़ज़ा लाज़िम है कि कफ्फारा वाजिब नहीं है।

**प्रश्न:** मैं अपने मरहूम वालिद की तरफ से उनकी नमाज़ का फिद्या अदा करना चाहता हूं तो क्या फिद्या की रक़म अपने भाई या बहन को दे सकता हूं ?

**उत्तर:** नियम यह है कि मैय्यत के मां-बाप या संतान को फिदया देना जायज़ नहीं है और फिद्या भी आप अपने वालिद मरहूम की तरफ से निकाल रहे हैं। इसलिये फिद्या की रक़म अपनी बहन को देना दुरुस्त नहीं बल्कि दूसरे मुस्तहिक़े ज़कात (ज़कात के पात्र) को देना लाज़िम है।

**प्रश्न:** एक बालिग़ बच्चा अपने घर में मां-बाप और भाई-बहन को तरावीह पढ़ा रहा था, दौराने तरावीह कुरआन पढ़ने में ग़लती हो गई तो उसकी हाफिज़ा बहन ने उसे लुक़्मा दे दिया और बच्चे ने लुक़्मा ले भी लिया तो तरावीह की नमाज़ हुई या नहीं जबकि मां-बाप और भाई में से कोई हाफिज़ नहीं है ?

**उत्तर:** उपरोक्त प्रश्नानुसार हाफिज़ा बहन के लिये लुक़्मा देने की गुंजाइश है। लिहाज़ा तरावीह की नमाज़ दुरुस्त हो गई।

# विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्ड्स ने छात्रों से की मारपीट

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बीटेक के छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है, छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर उनकी छात्रवृत्ति के मामले में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को प्रदर्शन कर जमकर विश्विद्यालय प्रशासन को कोसा है। प्रदर्शनकारियों का ने आरोप लगाया कि छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्डों ने मारपीट की जिससे छात्रों का आक्रोश और बढ़ गया।घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचीं कल्याणपुर पुलिस ने गुस्साए छात्रों को समझा बुझा का शांत किया है। प्रदर्शनकारी बीटेक छात्र अर्चित राय का कहना था की सरकार छात्रों को स्कालरशिप दे रही है।लेकिन विश्व विद्यालय प्रशासन की गड़बड़ी के चलते छात्रों को स्कालरशिप नही मिल पा रही है।विश्व विद्यालय प्रशासन ने छात्रों का जो डाटा दिया है वो गलत है।जिस वजह से छात्र आक्रोशित होकर परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे।तभी अचानक विद्यालय प्रशासन के सुरक्षा गार्ड आए और छात्रों संग धक्का मुक्की कर मारपीट की जिससे छात्रों को चोटें आई हैं।

# खेत मे मिला लहुलुहान हालत मे युवक का शव

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन थाना घाटमपुर क्षेत्र के जलाला गांव के एक खेत मे लहुलुहान शव मिलने से ग्रामीणों मे अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों द्वारा सूचना डायल 112 को दी गई। सुबह लगभग 9 बजे सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों से पूछताछ करी तो शव की पहचान 32 वर्षीय आनंद के रूप मे हुई। वही मौके पर पहुंची एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा बताया कि मृतक आनंद के शरीर पर मारपीट के निशान पाए गए हैं। जिसको लेकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आनंद के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गई है। मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त कर ली गई है और परिजनों से पूछताछ करके पूरे मामले मे गंभीरता से छानबीन कर आवश्यक कार्यवाही करी जाएगी। मौके पर आई फॉरेंसिक जांच के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जुमे की नमाज के दिन पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में जुम्मे की नमाज पर शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट के आला अधिकारियों ने अपने अपने जोन, सर्किल व क्षेत्रो में पेट्रोलिंग व पैदल गस्त करके आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास कराया है जहा इस बार पुलिस बल, पीएसी, क्यूआरटी के साथ महिला अर्ध सैनिक बल को भी लगाया गया था।

इस दौरान डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने भी सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गस्त व पेट्रोलिंग की मीडिया से बातचीत करते हुए श्री गौतम ने बताया कि सभी धार्मिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल लगाया गया है और लगातार पैदल पेट्रोलिंग भी की जा रही है पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश के बाद सीआरपीएफ की महिला कंपनी, आईटीबीपी की पुलिस कंपनी, पैरामिलेट्री फोर्स, एलआईयू, 112 के पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात हैं इसके साथ ही सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी निगाह है।

# कब आएगा इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में कोर्ट का अंतिम फैसला ?

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

कानपुर नगर

सपा विधायक इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में लगातार लोग एक टक होकर अंतिम निर्णय का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से सुनवाई हर बार टल रही है। बीते दिन शुक्रवार को भी शहर वासियों के अंदर काफी देर तक उत्सुकता बनी रही खास करके मुस्लिम क्षेत्रों में लोग लगभग 10 बजे के बाद ही व्हाट्सएप ग्रुप में फैसले की ख़बर आने के लिए अपनी निगाहें गड़ाए हुए थे कई लोग अपने मिलने जुलने वालों के माध्यम से यह जान रहे थे कि कौन-कौन आ रहा है और कितने बजे कोर्ट में फैसला सुनाया जाएगा। परंतु बीते दिन फिर से सुनवाई टल गई और अगली तारीख नियत कर दी गई है।


अग्निकांड मामले में 19 मार्च को होगा फै

ई डी विधायक और उसके सहयोगियों पर दर्ज करवा सकती है मुकदमा: सूत्र

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**ई डी के धमाके होने बाकी**

आपको बताते चलें कि बीती 7 मार्च को कानपुर नगर में अचानक से प्रवर्तन निदेशालय (ई डी)की लखनऊ टीम के द्वारा सपा विधायक इरफान सोलंकी, हाजी वसी, शौकत पहलवान समेत विधायक के परिजनों के घर पर छापेमारी की कार्रवाई की गई थी, काफी कुछ दस्तावेज के रूप में लेकर टीम रवाना भी हुई थी। अब सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार यह निकलकर सामने आ रहा है कि आने वाले समय में ई डी मुकदमा भी इरफान के खिलाफ दर्ज करा सकती है हालांकि इस मामले किसी भी जिम्मेदार अधिकारी अथवा विभाग द्वारा न


सपा विधायक इरफान सोलं
आगजनी मामले की सुनवाइ

विधायक के अलावा भाई रिजवान सोलंकी और अन्य आरोपी भी पेशी पर लाए गए थे

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

पुलिस की विवेचना में

दर्जनों गवाहों की

हाथ में पाक किताब कुरान शरीफ

न्यायाधीश के अवकाश पर रह

आपको बताते चलें कि थाना जाजमऊ क्षेत्र में निवास करने वाली बेवा नजीर फातिमा की तहरीर पर दर्ज अग्निकांड मामले में समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और उनके छोटे भाई रिजवान सोलंकी समेत तीन अन्य आरोपियों शौकत पहलवान, मोहम्मद शरीफ, और इजराइल आटा के विरूद्ध कल कानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे ग्यारह में अंतिम फैसला आने की चर्चा जोरों पर थी। सुबह तय समय पर कानपुर जेल से सपा विधायक इरफान का छोटा भाई रिजवान और इजराइल आटा वाला को लेकर पुलिस पहुंची और खुद विधायक इरफान की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई दो अन्य जो जमानत पर रिहा हैं वह सीधे कोर्ट पहुंचे। थोड़ी देर दोनों पक्षों को विद्वान न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा सुना गया और मामले पर अंतिम फैसला न सुनाते हुए आगामी 28 मार्च की तारीख नियत कर दी गई है।

# डीसीपी साउथ ने किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में शुक्रवार को डीसीपी साउथ रवीन्द्र कुमार द्वारा थाना रेउना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में थाने के अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस आदि चेक किये गये तथा प्रभारी निरीक्षक से क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों के क्रियाकलापों की वर्तमान स्थिति व निगरानी के बारे में जानकारी की गई साथ ही आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक, बीट उप निरीक्षक,बी.पी.ओ. एवं चौकीदारों से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये कि क्षेत्र के संवेदनशील/अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो/पोलिंग बूथों की समीक्षा कर ली जाए तथा संवेदनशीलता के कारणों का परीक्षण करते हुए चुनाव में गड़बड़ी करने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर लिया जाए। क्षेत्र में स्थापित विभिन्न महापुरूषों की प्रतिमाओं की देखरेख एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए। थानाक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों पर अतिक्रमण हटवाकर यातायात व्यवस्था बनाये रखी जाए. किसी भी परिस्थिति में जाम न लगने पाये। साथ ही स्थानीय व्यक्तियों से जनसंवाद स्थापित करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत सभी चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर त्रिनेत्र अम्बेसडर एवं त्रिनेत्र मित्र के सहयोग से कैमरों को स्थापित कराने की कार्यवाही की जाए।


## 93व शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर बनाई मानव श्रृंखला

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 93व शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर विगत वर्षों की भांति कानपुर डिवीजन इंश्योरेंस इंम्प्लाइज एसोसियेशन के बैनर तले भारतीय जीवन बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय द्वार पर शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के विचारों के साथ मानव-श्रृंखला एवं पोस्टर-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा फूलबाग चौराहे तक साथियों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया एवं देशभक्ति के गाने गाए गए।मानव श्रृंखला की समाप्ति के पश्चात एन.सी.जेड.आई.ई.एफ. के महामंत्री कामरेड राजीव निगम ने साथियों को भगत सिंह जी, राजगुरु और सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए वर्तमान सरकार की तानाशाही एवं नीतियों से संघर्ष करने का आवाह्न किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ए.आई.आई. पी. ए.के पूर्व अध्यक्ष कामरेड अशोक तिवारी, एन.सी.जेड.आई.ई.एफ. के संयुक्त सचिव कामरेड अरूण तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



# ऑपरेशन त्रिनेत्र का पहला चौराहा कैमरों से हुआ लैस

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




शहर में कानपुर कमिश्नरेट पुलिस एवं कानपुर नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र एम्बैस्डर प्रोग्राम के अन्तर्गत विभिन्न सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों द्वारा शहर वासियों की सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग देने के लिए शहर के प्रमुख तिराहों एवं चौराहों को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराने से सम्बन्धित सहमति पत्र प्रदान किया गया था। त्रिनेत्र एम्बैस्डर रीजेन्सी हेल्थ द्वारा भी 20 चौराहों/ तिराहों को गोद लिया गया था, इसी क्रम में शुक्रवार को रीजेन्सी हेल्थ द्वारा प्रथम चौराहा दादानगर थाना क्षेत्र गोविन्द नगर को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिक से अधिक मतदान करने के लिए किया प्रेरित

जन एक्सप्रेस। रायबरेली







आचार संहिता लगने के बाद जगह-जगह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विकास खंड लालगंज के ग्राम पंचायत सचिवालय आलमपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेकर इस महा पर्व को सफल बनाने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई।

### मतदान बूथों का निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने विकासखंड लालगंज के प्राथमिक विद्यालय आलमपुर और बैसवारा इंटर कॉलेज में मतदान बूथों का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने साफ सफाई और कमरों का रखरखाव देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान से पूर्व यहां पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा ली जाए। साथ ही बूथों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। बूथों पर पेयजल, बिजली, शेड, रैंप और पंखों की व्यवस्था करा ली जाए।

### सदर तहसील स्थित वीवीपैट गोदाम का किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली के साथ मिलकर सदर तहसील स्थित वीवीपैट गोदाम का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था देखी। साथ ही सीसीटीवी कैमरो का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी जाए। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# लखनऊ-बलिया हाइवे पर घायल दो युवक ठेले से पहुंचे अस्पताल, एक गम्भीर

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर




लखनऊ-बलिया नेशनल हाइवे पर बीती रात मोतिगरपुर कस्बे में बाइक सवार दो युवक सड़क हादसे में घायल हुए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और 108 एंबुलेंस को फोनकर बुलाया। घंटे भर का समय बीत गया और एंबुलेंस नहीं आई तो ठेले से दोनों घायलों को पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। हादसे में घायल एक युवक की हालत बेहद नाजुक है। जानकारी के अनुसार लखनऊ-बलिया हाइवे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने मोतिगरपुर कस्बे की कादीपुर रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा ब्रेकर बनाया जा रहा है। इसके लिए सड़क खुदी हुई है और इस पर कोई संकेतक नहीं लगा है। इसी कारण बीती रात पल्सर सवार दो युवक अनियंत्रित होकर हाईवे पर गिर गए। दोनों काफी चोटे आई हैं। 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर सिपाहियों ने ठेले से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने घायल दोनों युवकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया है। घायलों की पहचान दिवाकर निषाद (30) पुत्र मुसई निषाद और अरुण निषाद (30) पुत्र आनंद निषाद निवासीगण ग्राम नानेमऊ थाना मोतिगरपुर के रूप में हुई है। इसमें अरुण की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है दोनों युवक मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के महमूदपुर जंगल से रिश्तेदारी से लौट रहे थे।

# अमृत सरोवर में डूब जाने से दो बच्चों की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। अमेठी





घर के पास मौजूद अमृत सरोवर में गहरे पानी में डूब जाने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई।सूत्रों के मुताबिक दोनों सगे भाई अमृत सरोवर के पास खेलने गए थे। जहां कि वे दोनों गहरे पानी में डूब गए।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। और सरोवर में उतरकर तलाश शुरू की। लेकिन बच्चों का कही पता न चल सका। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची। और बच्चों की तलाश के लिए गोताखोरों को मौके पर बुलाया। करीब ढाई घंटे बाद गोताखोरों ने दोनो बच्चों के शवों को बरामद कर लिया। मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कटरा हुलासी गांव का है। जहाँ गांव के ही रहने वाले जितेंद्र तिवारी का बेटा ग्यारह वर्षीय आयुष तिवारी और चौदह वर्षीय सुदीप तिवारी बृहस्पतिवार को शाम करीब छ बजे घर के पास मौजूद अमृत सरोवर के पास खेलने गए हुए थे। खेलने के दौरान गेंद पकड़ने के चक्कर में दोनों बच्चे गहरे पानी में डूब गए। काफी देर बाद जब बच्चे घर नही पहुचें तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। पता चला कि दोनो भाई अमृत सरोवर गए थे। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। और सरोवर में उतरकर बच्चों की तलाश शुरू की लेकिन उनका कहीं पता न चल सका। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी अमेठी कोतवाली पुलिस को दी जिसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुँची। और ग्रामीणों की मदद से बच्चों की तलाश में जुट गई। लेकिन कहीं पता न चला। पुलिस ने बच्चों की तलाश के लिए गोताखोरों को मौके पर बुलवाया। करीब ढाई घंटे बाद गोताखोरों ने दोनो बच्चों के शवों को बरामद कर लिया।बताया जा रहा है कि अमृत सरोवर की खुदाई जेसीबी मशीन से हुई। जिससे तालाब की गहराई ज्यादा होने के कारण ऐसा हादसा हुआ। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि दोनों बच्चे अमृत सरोवर के पास खेल रहे थे। और खेलते खेलते गेंद तालाब में चली गई। एक बच्चा कपड़ा उतारकर गेंद लेने तालाब में गया,तो डूबने लगा। भाई को डूबता देख दूसरा भाई उसे बचाने पानी में उतरा तो वो भी डूब गया। इस हृदय बिदारक घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# एस के खरे पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण और मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस। अमेठी



शुक्रवार को एस के खरे मेमोरियल पब्लिक स्कूल तिलोई अमेठी में शिक्षक,अभिभावक संगोष्ठी आयोजित हुई। समारोह के मुख्य अतिथि धीरेंद्र प्रताप सिंह-प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी एवं विशिष्ट अतिथि रंजू सिंह अध्यक्ष स्व. नरेन्द्र सिंह जन सेवा संस्थान तिलोई,अमेठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रबंधक ज्योति खरे ने सभी आगंतुकों एवम अभिभावकों का स्वागत किया। तथा छात्रों तथा शिक्षकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन की बधाई दी।अंबिका शरण खरे संस्थापक ने छात्रों और शिक्षकों अच्छे रिजल्ट के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एस के खरे पब्लिक स्कूल न्यूनतम शुल्क में समाज के सभी वर्गों के छात्रों को उच्च स्तरीय संसाधन व उत्कृष्ठ कोटि की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है।

शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी बच्चों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। और विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की बात कही।उन्होंने बताया कि विद्यालय जनपद स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।पंकज अवस्थी मंडल भाजपा अध्यक्ष तिलोई ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की। और सफल छात्रों को बधाई दी। प्रधानाध्यापिका प्रतिभा मिश्रा ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। स्कूल प्रबंधक ज्योति खरे ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका ज्योति लखमानी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पंकज तिवारी, विशाल श्रीवास्तव उपमा वर्मा, सोनम वर्मा, आराधना वर्मा, प्रियंका, वैशाली, विशाल आदि उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सदस्य तमंचा के साथ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर




करौंदीकला थाना क्षेत्र के कनरवल तिराहे के पास वाहन चेकिंग के दौरान वार्ड संख्या पांच से जिला पंचायत सदस्य को पुलिस ने पकड़ा।तलाशी में उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। करौंदीकला थाने की पुलिस दोपहर में क्षेत्र के कनरवल तिराहे के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच वहां से पैदल गुजर रहे वार्ड संख्या पांच के जिला पंचायत सदस्य चंदन यादव उर्फ बग्गड़ यादव निवासी भूपतिपुर थाना कादीपुर को संदिग्ध हालत में देखकर पुलिस ने रोका। तलाशी में उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए।बताया जा रहा है कि आरोपी जिला पंचायत सदस्य पर 16 अक्तूबर 2021 को करौंदीकला थाना क्षेत्र के खालिसपुर गोपालपुर गांव में हवाई फायरिंग करने का केस दर्ज है। इस संबंध में करौंदीकला थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार जिला पंचायत सदस्य चंदन यादव के खिलाफ स्थानीय थाने के अलावा पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाने में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# लोकतंत्र में तानाशाही जन क्रान्ति का आगाज: ओपी यादव

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

### केजरीवाल की गिरिफ्तारी असंवैधानिक

दिल्ली के मुख्यमन्त्री अरविन्द केजरीवाल की भारत सरकार के इशारे पर जिस प्रकार ई.डी. का दुरूप्रयोग कर गिरिफ्तारी की गयी उस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीसी (फौ0) ओपी यादव ने कहा कि केजरीवाल की गिरिफ्तारी लोकतंत्र में तानाशाही जनक्रान्ति का आगाज है। पीर पर्वत हो गयी है, अब पिघलनी चाहिए फिर हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए, आग मेरे सीने में न सही तेरे सीने में ही सही, जहाँ-कहीं आग हो वह आग जलनी चाहिए। संवैधानिक संस्थाओं का दुरूप्रयोग देश के लिए खतरनाक है। झूठ के बल पर जनता को बरगलाया जा रहा है। सरकारी ऐलान हुआ है, सच बोलो, घर के अन्दर झूठे की टूक मंडी है, घर के बाहर बोर्ड लगा है, सच बोलो। आज देश के हालात बद् से बद्तर है। गोरे अंग्रेजों ने तो सिर्फ साख ही हिलायी थी, काले अंग्रेजों ने जड़ से हिला डाला है। काले अंग्रेजों द्वारा जनता को गुलाम बनाने की साजिश हो रही है। अन्याय करने वाले से अधिक अन्याय सहने वाला दोषी होता है। अन्याय करने वाले से अधिक अन्याय सहने वाला दोषी होता है। अन्याय के खिलाफ चुप्पी साधने वाले लोग आने वाली पीढ़ी से आंख नहीं मिला सकेंगे। अब भी न चेते हिन्दुस्तां वाले तो तुम्हारी दास्तां तक न होगी दास्तानों में। श्री यादव ने कहा कि सरकारी अत्याचार के विरूद्ध सभी को एकजुट होकर आगामी लोक सभा चुनाव में मुँह-तोड़ जवाब देने की आवश्यकता है, तभी देश में लोकतंत्र बचेगा।

# एन.एस.पी.एस. त्रिपुला में छात्र-छात्राओं ने धूमधाम से मनाया होली का त्योहार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में शुक्रवार को छात्र, छात्राओं ने बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रंगों का त्योहार होली बड़े ही धूमधाम से मनाया। विद्यालय में आयोजित कायर्क्रम में बच्चो ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया और होली के मनभावन गीतों ने उपस्थित सभी छात्र, छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने शिक्षक, शिक्षिकाओं और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि रंगों का त्योहार होली संस्कृति के अनूठे उल्लास को समेटे हुए है। हमारी भारतीय संस्कृति हमेशा से विविधता में एकता का पर्याय रही है। होली का त्योहार इसी विविधता में एकता तथा भाईचारे का प्रतीक है। इस दिन लोग गिले-शिकवे भूलाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते है। उन्होंने बच्चों को होली में सावधानी पूवर्क रंग खेलने की हिदायत दी और कहा कि सभी सुरक्षित रंगों के साथ ही होली खेले और यथासंभव पानी की बबार्दी न करें। उन्होंने सभी को होली की अग्रिम बधाई दी।

कायर्क्रम मे विद्यालय की छात्रा सरगम, अनमोल, फातिमा और श्रद्धा ने होली आयो रे------- गीत प्रस्तुत किया तो वंही अदिति, अनन्या, अनुष्का, आराध्या, श्लोक, आज़म, और शिवम् आदि छात्रों ने रंग बरसे --- गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। कायर्क्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका संचिता त्रिवेदी के निदेर्शन में छात्रा उर्वी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, शाहीन खान, शिवकरन पाल, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र, छात्राएं एवं शिक्षणेत्तर कमर्चारी उपस्थित रहे।

### बांटा मुफ्त भोजन

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वाधान में नि:शुल्क रसोई का संचालन वर्षों से किया जा रहा है। साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजो, तीमारदारों, यात्रियों तथा जरूरतमन्दों को नि:शुल्क भोजन वितरण कार्य सम्पन्न हुआ है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में जरूरतमन्दों की नि:शुल्क और नि:स्वार्थ भाव से सेवा का कार्य अनवरत जारी है। संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा गरमा गरम भोजन के मेन्यू में अरहर की दाल सब्जी रोटी चावल शामिल किया गया था। स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय/जिला महिला अस्पताल के मरीजो और उनकी देखरेख कर रहे तीमारदारों परिजनों को सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर विजय निगम ने मुफ़्त खाने की थाली देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# राहुल गांधी मामले में हड़ताल के चलते टली सुनवाई, अगली तारीख दो अप्रैल

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

एमपी/एमएलए विशेष कोर्ट में राहुल गांधी की मानहानि मामले में पेशी थी। जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी हाजिर नहीं हाजिर नहीं हुए। जनवरी में जमानत पाने के बाद लगातार तीन पेशियां गुजर गई हैं और वे नहीं पहुंचे। आज अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते सुनवाई टल गई कोर्ट ने 02 अप्रैल की तारीख सुनवाई के लिए नीयत की है।

दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी को शुक्रवार को सुल्तानपुर की कोर्ट में बयान दर्ज कराने के लिए हाजिर होना था। लेकिन राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए। वहीं 13 मार्च से चली आ रही अधिवक्ताओं की हड़ताल आज भी जारी रही। इसके चलते आज कोर्ट में सुनवाई भी टल गई। परिवादी व भाजपा नेता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने बताया कि मानहानि के मुकदमे में राहुल गांधी को बयान मुलजिम के लिए आज सुल्तानपुर न्यायालय की एमपी/एमएलए कोर्ट में उपस्थित होना था। उनकी पत्रावली यहां चल रही है। बयान मुलजिम बगैर अभियुक्त की उपस्थित हुए नहीं बन सकता है। लेकिन आज बार एसोसिएशन की हड़ताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी इसके लिए अगली तारीख 02 अप्रैल नियत की गई है। इस तारीख को अब बयान मुलजिम होगा। दरअसल कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। उक्त मामले में राहुल गांधी की 20 फरवरी 2024 को जमानत कोर्ट से हो चुकी है। शुक्रवार 22 मार्च को उनका बयान सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी। जिसमें आज वो पेश नहीं हुए। अगली तारीख 02 अप्रैल बयान मुलजिम के लिए नियत की गई है।

# मैं शुद्ध राम का भक्त, मैने राम को किया पार यहां की जनता मुझको करेगी पार: भीम निषाद

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

इंडिया गठबंधन ने भीम निषाद को उम्मीदवार बनाया है। टिकट घोषणा के बाद पांचवें दिन गुरुवार रात वे सुल्तानपुर शहर में पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा मैं यहां शुद्ध राम का भक्त हूं, मुझसे बड़ा कौन भक्त है। मैने राम को पार किया है, यहां की जनता मुझको पार करेगी, ये भरोसा है मुझे।

भीम निषाद ने आगे कहा कि ये राम का नाम और धर्म को भी बेचना चाहते हैं। ये भगवान के सौदागर हैं। उन्होंने कहा लोग राममंदिर पर एकदम वोट नहीं करेंगे। ये मतदान है, वोट है नहीं। मतदान का मतलब होता है हिंदी में संधि विच्छेद कर दिया जाए तो मतदान होता है। कोई पागल थोड़ी है जो राम के नाम पर वोट करेगा। राम आस्था तो है ही, भगवान सबके हैं। किसी बीजेपी वाले के थोड़े हैं। उन्होंने कहा राम असली हमारे हैं निषादों के, वो बेवकूफ और पागल हैं। वही उन्होंने कहा विकास, नवजवानों और किसानों का मुद्दा लेकर हम चुनाव लड़ेंगे। बेरोजगारों के साथ जो अन्याय कर रहे ये हमारा प्रथम मुद्दा होगा। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी वैसे भी विकास रूपी गंगा बहाने का काम करती है। योगी-मोदी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा ये तो दोनों झूठिया हैं। आरएसएस और भाजपा के लोग झूठ और माफिया हैं। उन्होंने कहा आप बताईए नौकरी मिली क्या? जब नवजवान नौकरी मांगता है तो उसको लाठी और डंडा मारने का काम करते हैं। ये तो बहुत बड़े जालिम हैं। वही जयंत चैधरी और ओमप्रकाश राजभर पर हमला बोलते हुए बिना नाम लिए भीम निषाद ने दोनों को स्वार्थी बताया। उन्होंने कहा जिसको हमारे महबूब नेता (अखिलेश यादव) बढ़ाते हैं वो धोखा देता है।

### 29 व 31 मार्च को जनपद के समस्त उप निबंधक कार्यालय खोले जाएंगे: सहायक महानिरीक्षक निबन्धन

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। सहायक महानिरीक्षक निबंधन रायबरेली एस.बी. सिंह ने जनपद के समस्त उप निबंधक से कहा है कि महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश द्वारा विगत दिवस 21 मार्च 2024 को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत की आय सुनिश्चित की जाये। वितीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति अवधि में मात्र एक सप्ताह का समय अवशेष है। होली के अवकाश के पश्चात समस्त अवकाश दिवसों में निबन्धन कार्य हेतु कार्यालय खोले जाने एवं सार्वजनिक अवकाश के तिथि में निबन्धन का कार्य सामान्य कार्य दिवसों की भाँति सम्पादित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन एस.बी. सिंह ने महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनपद के समस्त उप निबंधक को निर्देश दिए है।

# मनुष्य का कर्म ही उसे भगवान बनाता है: जगद्गुरू

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



मानस संत सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर जगद्गुरू श्री रामानंदाचार्य श्री रामस्वारूपाजी महाराज के आगमन पर सर्वप्रथम पं0 नरेन्द्र शास्त्री द्वारा पादुका पूजन वैदिक रीति रिवाज से सम्पन्न कराया गया। पादुका पूजन के यजमान समाजसेवी विनय द्विवेदी रहे। तद्पश्चात जगद्गुरू को पुष्पहार निवेदित कर अभिनंदन करने वाले समिति के अध्यक्ष स्वामी ज्योर्तिमयानन्द, महामंत्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ल 'मिन्टू शुक्ला', कोषाध्यक्ष उमेश सिकरिया, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, राधेश्याम कर्ण, इं0 सुक्खू लाल चांदवानी, आशीष त्रिपाठी बालजी, आशीष अवस्थी, राकेश कक्कड़, उमेश अग्रवाल, गिरीश डोबरियाल, गोपाल श्रीवास्तव, महेन्द्र अग्रवाल ने किया। जगद्गुरू स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज जन्म और कर्म पर विस्तार से चर्चा करते हुए जगद्गुरू ने कहाकि यह मायने नहीं रखता है कि आपने किस कुल में जन्म लिआ। मायने यह रखता है कि आपने कौनसा ऐसा कार्य किया जिसे इस दुनिया से जाने के बाद भी आपका नाम याद रखा जाये। जो व्यक्ति अपने जीवन में अच्छे कर्म करते है उन्हे मृत्यु के बाद भी भगवान के रूप में याद किया जाता है। इसी प्रकार स्वामी जी ने कहा कि अधिकार और उपयोग पर चर्चा करते हुए कहा कि आप अपने कर्तव्य का पालन करे। अधिकार तो आपरूपी मिल जयेगा। कर्म पर व्याख्यान करते हुए जगद्गुरू ने कहाकि भीष्मपितामह अपने कर्मो से ही वाणों की सैय्या पर 6 माह तक लेटे-लेटे मृत्यु को प्राप्त करने के लिए आशू बहाते रहे। पश्चाताप करते रहे दुख झेलते रहे। जबकि माता सीता का हरण होने के बाद गिद्ध जटायु रावण पर हमलावर हो गया यह जानते हुए कि वह रावण को मार नहीं सकता है लेकिन जटायु का उद्देश्य स्वष्ट था कि यदि वह रावण को मार भले ही न सकता हो लेकिन रावण के हाथो मर तो सकता है लेकिन अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगा। वैदेहि से जटायु ने चिल्लाकर कहा कि मैं जबतक जीवित रहूँगा तुम्हारे ऊपर अन्याय नहीं होने दूंगा और भगवान राम को सीता के अपहरण की घटना को सुनाने के लिए जटायु ऑसू बहा रहा था। परन्तु भगवान राम के आगमन के बाद जटायु ने आशू नहीं बहाया। ऑशू भगवान श्रीराम के बह रहे थे और जटायु सीता अपहरण की कहानी से श्रीराम को अवगत कराया। भगवान राम ने कहा कि आप जीवित रहे यह हमारी इच्छा है परन्तु जटायु ने कहाकि कि मुझे जीवन नहीं आपकी अविरल भक्ति चाहिए और उसी का रूप है कि जटायु की आज भी प्रशंसा होती है। सनातन धर्म की ही मर्यादा है कि पशु और पक्षी भी धर्म के प्रति आस्था रखते है। तुलसीदास जी ने इसपर एक चौपाई भी लिखी है। श्रीराम व श्रीकृष्ण देव संस्कृति के उपासक थे। जबकि रावण दैत्य संस्कृति के लिये कार्य कर रहा था। भगवान के आशू ही सरयू की जलधारा है। ईश्वरीय शक्ति का विरोध मानवों को नहीं करना चाहिए। अन्याय के विरोध में उसे हमेशा खड़ा होना चाहिए। चरित्र बल से कोई भी बल अधिक नहीं माना जाता है और न ही प्रशंसनीय माना जाता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर लाल गुप्ता, फिरोज गांधी कालेज के प्रबंध सचिव अतुल भार्गव, कमलेश पाण्डेय, राजेन्द्र अवस्थी, यश श्रीवास्तव, अधिवक्ता दिलीप त्रिपाठी सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अम्बिकेश त्रिपाठी प्रतापगढ़ ने किया।

# इंडिया गठबंधन को फिर लगा बड़ा झटका, पल्लवी पटेल के बाद एक और सहयोगी ने उतारे उम्मीदवार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में रही जनवादी पार्टी ने शुक्रवार को आठ सीट पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि वह भाजपा की बी टीम की तरह कार्य कर रहे हैं। जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय चौहान का दावा है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें घोसी सीट से चुनाव की तैयारी करने के लिए कहा था। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा में भी कुछ अन्य सीटें भी देने का आश्वासन दिया था। लेकिन दो दिन पहले उन्होंने घोसी सीट पर उम्मीदवार घोषित कर दिया। इस पर पार्टी नेताओं की शुक्रवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। इसमें घोसी सीट पर खुद डॉक्टर संजय चौहान ने चुनाव लड़ने का एलान किया। इसी तरह मछलीशहर, गाजीपुर, बलिया, चंदौली, लालगंज, वाराणसी, भदोही में भी पार्टी के कार्यकर्ता मैदान में उतरेंगे। डॉ. चौहान ने आरोप लगाया कि सपा अध्यक्ष पीडीए की बात करते हैं, लेकिन चौहान बिरादरी को सम्मान नहीं देना चाहते हैं। उनका बर्ताव भी पिछड़ी जातियों के प्रति ठीक नहीं है। वह सिर्फ धनबल वालों को उम्मीदवार बना रहे हैं। संजय चौहान ने दावा किया कि राजीव राय घोसी के लिए एक कमजोर प्रत्याशी हैं और वहां पर चौहान समाज के लोग उनको वोट नहीं देने जा रहे हैं, जिनका तकरीबन साढ़े 3 लाख वोट है। संजय चौहान ने कहा कि वह चुनाव हारने या जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि अपने समाज के वोट को एकजुट करने के लिए ये चुनाव लड़ रहे हैं कि उनके समाज का वोट उनके पक्ष में एक जुट रहे यही उनकी कोशिश है जिससे 2027 में सदन में उनकी नुमाइंदगी कर सकें।

### 40 लाख नोनिया चौहान बिरादरी के हैं वोटर

उत्तर प्रदेश में करीब 40 लाख नोनिया चौहान बिरादरी के मतदाता माने जाते हैं। ओबीसी में इनकी भागीदारी करीब 2.33 फीसदी है। पूर्वांचल की चंदौली, वाराणसी, आजमगढ़, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, बलिया आदि सीटों पर चौहान बिरादरी के मतदाता अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में प्रभावी हैं। यही वजह है कि भाजपा, सपा, बसपा सहित सभी दल इन बिरादरी के छिटपुट वोटबैंक को अपने खेमे करने के लिए लालायित रहते हैं। इस बिरादरी को अपना कोर वोटबैंक मानने वाली राष्ट्रीय जनवादी पार्टी अभी तक सपा के साथ थी तो भाजपा ने भी दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाकर इस वोटबैंक पर डोरे डाले, लेकिन लोकसभा नामांकन की प्रक्रिया शुरू होते ही सियासी समीकरण भी बदलने लगे हैं।

### भाजपा-सपा के साथ गठबंधन में रह चुकी है राष्ट्रीय जनवादी पार्टी

जनवादी पार्टी ने 2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन किया। भाजपा ने मधुबन, घोसी, जखनिया, उतरौलिया और सेवता सीट जनवादी पार्टी को सौंपी। सभी सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 17 और 2017 के विधानसभा चुनाव में 25 सीटों पर उम्मीदवार उतारे। करीब दो फीसदी वोटबैंक हासिल हुआ। वर्ष 2019 में सपा ने गठबंधन में शामिल किया। चंदौली लोकसभा क्षेत्र से सपा के सिंबल पर डॉ. संजय चौहान मैदान में उतरे और 13 हजार वोटों से हार गए। वर्ष 2022 के चुनाव में भी सपा के साथ गठबंधन में रहे। सपा के ही सिंबल पर उतरौला, खड्डा और रसड़ा से उम्मीदवार उतारे, लेकिन तीनों सीटों पर दूसरे स्थान पर रहे।

### महान दल करेगा सपा और बसपा को समर्थन

विधानसभा चुनाव-2022 में सपा के साथ महान दल भी गठबंधन में शामिल था। महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशवदेव मौर्य की पत्नी को फर्रुखाबाद सदर और बेटे को बिल्सी से टिकट मिला। लेकिन दोनों हार गए। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ केशवदेव मौर्य ने मंच भी साझा किया। केशवदेव मौर्य का कहना है कि जहां सपा और बसपा का जिताऊ उम्मीदवार होगा, उसे समर्थन करेंगे, लेकिन कांग्रेस और भाजपा से दूरी बनाकर रखेंगे।

### सपा ने दिया था आश्वासन

इंडिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घोसी लोकसभा सीट पर तैयारी कर रहे थे। उनका दावा था कि सपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें आश्वासन दिया था। इसके बाद भी बुधवार को सपा ने इस सीट पर राजीव राय को उम्मीदवार घोषित कर दिया। ऐसे में अब डॉ. संजय ने सपा शीर्ष नेतृत्व पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने शुक्रवार को पार्टी नेताओं की बैठक बुलाई है। बताया कि पार्टी नेताओं के साथ मशविरा करके घोसी सहित पूर्वांचल की सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारा जाएगा। माना जा रहा है कि इसके बाद पूर्वांचल की कई लोकसभा सीटों पर सियासी रण दिलचस्प हो जाएगा।

# लोकसभा चुनाव: भाजपा चुनाव समिति की बैठक आज, तय होंगे यूपी की 24 सीटों पर प्रत्याशी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भाजपा के केन्द्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की शनिवार को दिल्ली में बैठक होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में होने वाली सीईसी की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा यूपी के मुख्यमंत्री मंत्री योगी आदित्यानाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल, भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि सीईसी की बैठक के बाद यूपी के शेष 24 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। साथ ही सहयोगी दलों के कोटे की सीटे भी तय हो जाएंगी। बता दें कि भाजपा ने अब तक यूपी में लोकसभा के 51 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। दो सीटें रालोद और एक सीट सुभासपा को दी गई है। जबकि दो सीट अपना दल (एस) को दी जानी है। ऐसे में भाजपा के कोटे की शेष बची 24 सीटों पर उम्मीदवार तय होना है। इसके लिए 18 मार्च को दिल्ली में भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई थी, जिसमें यूपी लोकसभा के प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हो चुका है। अब इस पर सीईसी की बैठक में मुहर लगनी है। इसके बाद सूची जारी कर दी जाएगी।

### कई मौजूदा सांसदों का कट सकता है टिकट

सूत्रों के मुताबिक कोर कमेटी की बैठक में बाराबंकी सीट पर उम्मीदवार बदलने के साथ ही कई अन्य सीटों पर नए चेहरे उतारे जा सकते हैं। सबसे बड़ा पेंच पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी और सुल्तानपुर सीट की सांसद मेनका गांधी के टिकट को लेकर फंसा है। इनके अलावा बरेली, रायबरेली, मेरठ, कैसरगंज, गाजियाबाद, प्रयागराज, बलिया, कानपुर, मैनपुरी, सहारनपुर और देवरिया सीटों पर बदलाव देखने को मिल सकता है।

# घर बदला तो चेक कर लें वोटर लिस्ट

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो चुकी है। 19 अप्रैल 2024 को पहले चरण का मतदान होगा, जबकि 1 जून को अंतिम व सातवें चरण के लिए वोटिंग होगी। तमाम पार्टियां अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर रही हैं। तय तो कर ही लिया होगा कि इस बार किसे कुर्सी पर बैठाना है। लेकिन अगर अपने पुराने घर को छोड़कर नए इलाके में जाकर बसे हैं तो वोटर लिस्ट में नाम जरूर जोड़वा लें,केवल एक फार्म भरना होगा, चाहे निर्वाचन दफ्तर जाकर करा लें या ऑनलाइन सबमिट कर दें।आपके क्षेत्र में किस दिन मतदान होगा, यह तो क्लियर है। देश में 7 चरणों में मतदान होगा, लेकिन 23 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश ऐसे हैं, जिनमें एक ही चरण में चुनावी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

# यूपी एटीएस की कार्रवाई: मानव तस्करी गिरोह का सदस्य तमिलनाडु से गिरफ्तार, पहले धरे जा चुके हैं सात सदस्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को सीमा पार कराने और उनके भारतीय नागरिकता के फर्जी दस्तावेज बनाकर मानव तस्करी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य कफीलुद्दीन को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। बांग्लादेश के चिटगांव का रहने वाला कफीलुद्दीन वेल्लोर में पनाह लिए था। उसके पास से लैपटॉप, चार मोबाइल, बांग्लादेशी नागरिकता का आईकार्ड व पासपोर्ट आदि बरामद हुआ है। एटीएस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाकर कानूनी कार्यवाही कर रही है। गौरतलब है कि एटीएस इस गिरोह के सात सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें बांग्लादेशी निवासी अदिलुर रहमान असरफी, तानिया मंडल व इब्राहिम खान, पश्चिम बंगाल निवासी शेख नजीबुल हक व अबू सालेह मंडल और असम निवासी मोहम्मद अब्दुल अव्वल शामिल हैं। इस गिरोह को ब्रिटेन की उम्मा फाउंडेशन से सामाजिक कार्यों के लिए चंदा मिलता था, जिसका इस्तेमाल मानव तस्करी में हो रहा था। एटीएस की जांच में पता चला कि इस गिरोह का एक और सदस्य कफीलुद्दीन वेल्लोर में रहता है। वह गिरोह के सदस्य शेख नजीबुल हक के दिए धन से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्या नागरिकों को आर्थिक सहयोग दे रहा है। वह उनके पासपोर्ट व अन्य भारतीय दस्तावेज भी बनवाता है। इस सूचना पर वेल्लोर भेजी गई एटीएस की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एक अप्रैल से फिर चलेगा दस्तक अभियान

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक अप्रैल से 30 अप्रैल तथा दस्तक अभियान का संचालन किया जाएगा। इसके लिए योगी सरकार ने विभागों को उनके दायित्व सौंप दिए हैं। नगर विकास विभाग को भी उसके कार्य और दायित्व के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि जनसामान्य में अधिकतम प्रभाव के लिए इस अभियान की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। नगर निकाय द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय वार व वार्ड वार संपन्न की जाने वाली गतिविधियों का माइक्रोप्लान जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी को 28 मार्च तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जाना है। नगर विकास विभाग को मिले दायित्वों में नगरीय निकायों में स्वच्छता को प्रमुखता से शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मियों का दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जलजनित रोगों तथा उष्ण मौसम से संबंधित रोगों हीट रिलेटेड इलनेसेज की रोकथाम तथा साफ-सफाई के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संवेदीकरण किया जाएगा। वहीं, नगरीय क्षेत्रों में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों तथा हीट रिलेटेड इलनेसेज के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित की जाएगी।

### भाजपा का महिला लाभार्थियों व कांग्रेस का नारी न्याय पर जोर

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** चुनावी मौसम में आधी आबादी को पूरा हक दिलाने का हर कोई वायदा कर रहा है। सत्तासीन भाजपा की टीम महिला लाभार्थियों के साथ लगातार संवाद कर वोट पक्का कर रही है। कांग्रेस नारी न्याय के लिए पांच गारंटी देने का वायदा कर महिलाओं के बीच भरोसा कायम करने की कोशिश कर रही है। इसके पीछे तर्क यह है कि महिलाओं की आबादी भले ही पुरूषों से कम हो लेकिन वह मतदान में आगे है। शायद इसीलिए सत्ता एवं संगठन में इनकी भागीदारी बढ़ रही है। प्रदेश में करीब सात करोड़ महिला वोटर है, जो मतदान मे पुरूषों से आगे हैं। इसीलिए सभी दलों के बीच आधी आबादी को अपने पाले में लाने के लिए रस्सा कसी चल रही है। सत्तासीन भाजपा महिलाओं को जाडने़ के लिए इन दिनों लाभार्थी महिलाओं के साथ संवाद कर वोट पक्का करने के लिए अभियान चला रही है। सरकार की अधिकांश लाभकारी योजनाएं महिलाओं पर केद्रित है। प्रदेश में करीब 15 करोड़ लोग हैं जो मुफ्त राशन का लाभ ले रहे हैं। लगभग 12 करोड़ राशन कार्ड की मुखिया महिला ही है। राज्य में 1.75 करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। मनरेगा के जरिए भी बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार दिया जा रहा है।

### विचारों को लोकव्यापी बनाता है मीडिया: भूपेन्द्र

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र की मीडिया कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मीडिया वह सशक्त माध्यम है जो विचारों व अभियानों को लोकव्यापी बनाता है। मीडिया का क्षेत्र व्यापक हुआ है। पार्टी में मीडिया का कार्य देखने वाले कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी भी बढ़ी है। अबकी बार 400 पार के लक्ष्य के साथ उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य लेकर काम करना है। आपके परिश्रम से खिला कमल देश को विकसित भारत के संकल्प को परणित करेगा। कनवेंशन सेंटर में आयोजित कार्यशाला में राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मीडिया हमारी बात को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इसलिए जनसंपर्क व संवाद के साथ ही मीडिया के सभी माध्यमों में भी हमें अपनी सशक्त उपस्थिति बनाए रखनी है। मोदी-योगी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार के जनकल्याणकारी काम हैं, आस्था और विरासत का सम्मान है। गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, व्यापारी, सहित समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोडकर विकसित भारत का संकल्प है। दूसरी ओर विपक्ष की ओर से फैलाए जाने वाला भ्रम और दुष्प्रचार है। ऐसे में संवाद व संचार के माध्यमों से हम अपनी उपलब्धियों को रखें और दुष्प्रचार के षडयंत्रों का पर्दाफाश करें। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि भाजपा के पास राष्ट्र के विकास का विजन है जबकि विपक्षी दलों के पास अपने परिवार का विजन है। मीडिया के क्षेत्र में तथ्य सहित अपनी बात रखना महत्वपूर्ण है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित ने कहा कि संगठन से लेकर सरकार तक पारदर्शिता हमारी नीति है। इस नीति-रीति से सबको जोडने़ के लिए हम जमीन पर जम कर काम कर रहे हैं। इस काम को विस्तार और प्रसार देने में मीडिया भी अहम माध्यम है।

### मंत्री संजय निषाद ने खुद घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद आज संतकबीरनगर के भ्रमण के दौरान रात्रि 7-15 बजे खलीलाबाद से मेहदावल के लिए निकल रहे थे,उसी दौरान मेहदावल चौराहे से बाइक और साइकिल सड़क हादसे में एक युवक और एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल मिले। मंत्री ने रुककर घायलों का हालचाल जाना और अपनी गाड़ी से मेहदावल सीएचसी में भर्ती करवाने ले गए। उन्होंने मेधावल सीएससी इंचार्ज को बेहतर उपचार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिलाधिकारी संत कबीर नगर को मामले से अवगत करवाया और बेहतर उपचार के लिए निर्देशित किया है।पीड़ित की पहचान ग्राम सभा लकड़ीसेइ निवासी संदीप निषाद के रूप में हुई है।

# मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों से अखिलेश का हुआ सफल रेस्क्यू, परिजनों ने जताया आभार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मेघालय में अपहृत लखनऊ निवासी मैकेनिक एवं सुपरवाइजर अखिलेश सिंह चौहान को सकुशल मुक्त करा लिया गया है। इसके बाद अखिलेश की पत्नी शीला सिंह चौहान और पुत्र सूरज चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात करके आभार जताया। मुख्यमंत्री ने अखिलेश के परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है। बता दें कि लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी अखिलेश सिंह चौहान मेघालय के साउथ गारो हिल्स में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत हैं। अपराधियों ने उनका अपहरण करके 50 लाख की फिरौती मांगी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से बात की और अखिलेश को मुक्त कराने का आग्रह किया। सीएम योगी की तत्परता के बाद हरकत में आई मेघालय पुलिस ने दक्षिण गारो हिल्स (बाघमारा) जिले के जंगल से अखिलेश को सकुशल बरामद करते हुए दो अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गये दोनों अपहरणकर्ता पुल निर्माण कंपनी से अखिलेश की रिहाई के बदले 50 लाख रुपए वसूलना चाहते थे।

# एनडीए से ऑफर मिला तो विचार करेंगे: पल्लवी पटेल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




समाजवादी पार्टी से अपना दल कमेरावादी का गठबंधन टूटने के बाद पल्लवी पटेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर एनडीए से ऑफर मिला तो हम इस पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन हमारे साथ वही कर रहा है जो नीतीश कुमार के साथ किया। हमने तीन सीट गठबंधन के सहयोगियों से चर्चा के बाद घोषित की थी। अखिलेश ने गठबंधन खत्म होने की बात कही है उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तय करे कि अपना दल कमेरावादी इंडिया गठबंधन में है या नहीं। एनडीए से ऑफर आया तो सोचेंगे हमें राजनीति करनी है। बता दें कि अपना दल का दूसरा घटक अपना दल सोनेलाल एनडीए का सहयोगी दल है और इसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल हैं। वह केंद्र में मंत्री हैं। अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष उनकी मां कृष्णा पटेल अक्सर खुलकर अपनी बड़ी बेटी अनुप्रिया की सार्वजनिक तौर पर निंदा करती रही हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को अपना दल कमेरावादी से 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन न होने का एलान कर दिया। इसके एक दिन पहले कृष्णा पटेल की अगुवाई वाले इस दल ने प्रदेश की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया था। अखिलेश यादव ने कहा कि अपना दल कमेरावादी से विधानसभा चुनाव 2022 के लिए गठबंधन किया गया था 2024 के लिए नहीं। सपा से लोकसभा की सीटों पर बात न बनने पर कृष्णा पटेल ने बुधवार को मिर्जापुर सहित तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इसके कुछ देर बाद ही सपा ने मिर्जापुर सीट पर अपना प्रत्याशी उतार दिया। कृष्णा पटेल की बेटी पल्लवी पटेल ने सपा के सिंबल पर कौशांबी की सिराथू विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को हराया था।

# आदर्श आचार संहिता का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन: रिणवा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 27,08,222 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 16,56,744 तथा निजी स्थानों से 10,51,478 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 1,81,494, पोस्टर के 7,65,247, बैनर के 4,88,367 एवं अन्य 2,21,636 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 1,26,500, पोस्टर के 4,85,130, बैनर के 2,93,540 एवं अन्य 1,46,308 मामलों में कार्यवाही की गयी।

### सोचने समझने की शक्ति कमजोर करता है नशा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** नशा अपने साथ सौ बुराई लेकर चलता है। नशा व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति कमजोर कर देता है। शरीर की अन्तः क्रियाओं को को प्रभावित करता है। यह विचार मुख्य अतिथि अध्यक्ष आंखें फाउंडेशन सदानन्द वर्मा ने वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय बाराबंकी द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में दूसरे दिन बौद्धिक सत्र के दौरान व्यक्त किए। श्री वर्मा ने यह एक स्लोगन पढ़ा- हर दिल की अब यह है चाहत, नशा मुक्त हो मेरा भारत। श्री वर्मा ने देश में बेटियों की दशा दिशा पर भी चर्चा की।विशिष्ट अतिथि एड. सुनील कुमार मौर्य ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं ने अमदहा मजरे कोटवा में ग्रामीणों को नशा मुक्ति से संबंधी जानकारी दी। ग्रामीणों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव व कैंसर जैसी भयानक बीमारी के बारे में बताया। विशेष शिविर के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि का स्वागत महाविद्यालय के शैक्षिक समन्वयक डॉ दिनेश सिंह ने किया।

# सपा विधायक अभय सिंह को वाई श्रेणी सुरक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अयोध्या की गोसाईगंज सीट से सपा विधायक अभय सिंह को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। जिसके बाद अब उनकी सुरक्षा में सीआरपीएफ कमांडो तैनात किए जाएंगे। बता दें कि अभय सिंह ने हालिया राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को वोट दिया था। अचानक उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा दिए जाने को लेकर सियासी गलियारों में तमाम कयास लग रहे हैं।

### राम मंदिर में फफक कर रो पड़े थे

अभय सिंह ने क्रॉस वोटिंग करने के बाद रामलला के दर्शन किए थे। रामलला के दर्शन के दौरान विधायक अभय सिंह भावुक हो गए और फफक कर रो पड़े थे। सोशल मीडिया में यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। उन्होंने कहा था कि वह पहले ही राम मंदिर दर्शन करने आना चाहते थे लेकिन समाजवादी पार्टी की तरफ से उन्हें रोका गया था।

### जयंत चौधरी 28 से करेंगे चुनाव प्रचार की शुरुआत

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान की शुरुआत 28 मार्च को करेंगे। इस दिन जयंत चौधरी अमरोहा और बिजनौर में अलग-अलग दो चुनावी सभाएं करेंगे। जयंत चौधरी 28 मार्च को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के सामने स्थित मैदान में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसी दिन वह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में हिंदू इंटर कॉलेज मैदान चांदपुर में एनडीए प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान के समर्थन में जनसभा करेंगे। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सभाओं के माध्यम से जयंत चौधरी एनडीए के पक्ष में माहौल बनाएंगे।

# होली के दौरान हाई अलर्ट पर रहेंगी 108 व 102 एम्बुलेंस, 24 घंटे उपलब्ध होंगी आपातकालीन सेवाएं




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

होली के दौरान आवश्यकता पड़ने पर 108 नम्बर डायल करें। इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा कुछ ही मिनट में आपकी मदद के लिए पहुंचेगी। होली के दौरान एम्बुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। त्यौहार के दौरान 108 व 102 एम्बुलेंस सेवाएं 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। प्रदेश सरकार ने ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज कंपनी को उत्तर प्रदेश में 108 व 102 एम्बुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी दी है। कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एम्बुलेंस रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही एम्बुलेंस से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है।

### जीवनरक्षक दवाएं के साथ प्रशिक्षित स्टाफ

टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित या अन्य समस्या होने पर 108 नंबर पर तत्काल सूचना दी जा सकती है। 108 एम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुंचकर सेवा देगी। सभी एम्बुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है।

### महिलाओं व बच्चों के लिये 102 एंबुलेंस रहेगी अलर्ट

त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व दो साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रदेश में 108 सेवा की 2200 एंबुलेंस और 102 सेवा की कुल 2270 एंबुलेंस 24 घंटे चल रही हैं। जरूरत पड़ने एम्बुलेंस 102 या 108 पर कॉल करके निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# यह सिर्फ चुनाव नहीं, राष्ट्रधर्म की स्थापना का सनातन यज्ञ भी है

**संकल्प और प्रतिज्ञा के बारे में श्रीमदभगवदगीता में भगवान कृष्ण ने बहुत सलीके से समझा दिया है। याद कीजिए कि जब जयद्रथ को मारने की प्रतिज्ञा अर्जुन कर लेते हैं कि सूर्यास्त तक नहीं मारा तो अग्नि समाधि ले लूंगा। आचार्य द्रोण कमलव्यूह के अंदर जयद्रथ को छुपा देते हैं जिसका आकर 32 कोस का था। जाहिर है वह उस तक कैसे पहुँचते! जयद्रथ की सुरक्षा में बड़े बड़े वीर तैनात थे। भगवान कृष्ण बोले, अर्जुन तुम रास्ता साफ करो मैं रथ ले चलता हूँ। संध्या हो आई अब भी 12 कोस रह गया। कृष्ण रथ से उतर गये।**

*लोकसभा 2024 का चुनाव वस्तुतः एक धर्मयुद्ध है। इसको बहुत संजीदगी से सभी को लड़ना ही होगा। राजनीतिक जय-पराजय अपनी जगह है किंतु देश को जीतना चाहिए। राष्ट्र विजयी हो, ऐसा संकल्प होना चाहिए। इसके लिए प्रतिज्ञा की नहीं केवल संकल्प की आवश्यकता है। प्रतिज्ञा में शक्ति नहीं होती। वह भीष्म बनाती है किंतु संकल्प शक्ति से भरी होती है। वह शिव बनाती है। शिव कल्याणकारी हैं। शिव से ही सत्य और सुंदर भी स्थापित हो पायेंगे। संकल्प और प्रतिज्ञा के बारे में श्रीमदभगवदगीता में भगवान कृष्ण ने बहुत सलीके से समझा दिया है। याद कीजिए कि जब जयद्रथ को मारने की प्रतिज्ञा अर्जुन कर लेते हैं कि सूर्यास्त तक नहीं मारा तो अग्नि समाधि ले लूंगा। आचार्य द्रोण कमलव्यूह के अंदर जयद्रथ को छुपा देते हैं जिसका आकर 32 कोस का था। जाहिर है वह उस तक कैसे पहुँचते! जयद्रथ की सुरक्षा में बड़े बड़े वीर तैनात थे। भगवान कृष्ण बोले, अर्जुन तुम रास्ता साफ करो मैं रथ ले चलता हूँ। संध्या हो आई अब भी 12 कोस रह गया। कृष्ण रथ से उतर गये। अर्जुन ने पूछा, केशव यह क्या ? कृष्ण ने कहा अश्व थक गये हैं। आगे बोलते हुये भगवान कृष्ण जो बोले वह ध्यान देने योग्य है।अर्जुन कदाचित तुमने मेरे उपदेश पर ध्यान नहीं दिया था जो युद्ध के शुरू में मैंने दिया था तुम प्रतिज्ञा करने वाले होते कौन हो ? तुम तो निमित्त हो, यदि तुम प्रतिज्ञा न किये होते तो अब तक जयद्रथ को मार देते। तुम्हारा ध्यान एक तरफ सूर्य पर है दूसरी तरफ जयद्रथ पर। इसलिये तुम्हारे निशाने चूक रहें हैं। ऐसा लक्ष्य तय कर दिये कि असफल होने पर तुम्हें ही विनष्ट कर देगा.... यह डर ही तुम्हें हरा देगा। भगवान के वचन बड़े सारगर्भित हैं। मुझे नहीं लगता आज तक किसी ने इतनी सुंदर यथार्थ बात की हो । कई संदर्भों में बात हो सकती है, लेकिन वर्तमान में देखिये सब प्रतिज्ञाबद्ध हो रहे हैं। यह क्या बात हुई कि अनुच्छेद 370 हटा दो तभी समर्थन करेंगे। पाकिस्तान पर हमला कर दो... तभी समर्थन करेंगे। राममंदिर बना दो... तभी समर्थन करेंगे। श्रीराम मंदिर बन गया। 370 हट चुका। तीन तलाक भी हट गया। सीएए भी लागू हो गया। देश के गृहमंत्री ने ताल ठोक कर डंके की चोट पर संकल्प दोहरा दिया कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी हमारा है। ध्यान दीजिए, भाजपा प्रतिज्ञापत्र नहीं जारी करती, वह हर चुनाव में संकल्प पत्र जारी करती है। नेतृत्व सक्षम है किसी प्रतिज्ञा की आवश्यकता क्या है ? सक्षम नेतृत्व केवल संकल्प लेता है और उसे हर हाल में पूरा भी करता है। आगे भी निश्चित ही दंडात्मक कार्य होगा और हो रहा है। यह ठीक है कि इस समय भावना प्रबल है परंतु इसी समय सुनियोजित तरीके से काम करने की आवश्यकता है। जो विरोधी हैं वह भी यही ढाल बना रहे हैं। फिलहाल उनसे न 370 से मतलब है न राम मंदिर से। गीता में भगवान ने कहा तो हैः*

***स्वधर्ममपि चावेक्ष्य न विकम्पितुमर्हसि।***
***धर्म्याद्धि युद्धाच्छ्रेयोऽन्यत्क्षत्रियस्य न विद्यते॥2- 31॥***

*अपने खुद के धर्म से तुम्हें हिलना नहीं चाहिये क्योंकि न्याय के लिये किये गये युद्ध से बढ़कर एक क्षत्रिय के लिये कुछ नहीं है।*

***सुखदुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।***
***ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि॥2- 38॥***

*सुख दुख को, लाभ हानि को, जय और पराजय को एक सा देखते हुए ही युद्ध करो। ऐसा करते हुए तुम्हें पाप नहीं मिलेगा।*

*अथ चेत्त्वमिमं धर्म्यं संग्रामं न करिष्यसि।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वैसे पाकिस्तान अपने को सारी दुनिया के मुसलमानों के पक्ष में खड़ा होने का दावा करता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भी पाकिस्तान से शिकायत रही है कि वह हर उस मौके पर बांग्लादेश सरकार को कोसता है जब वहां पर 1971 के मुक्ति संग्राम के गुनहगारों को फांसी दी जाती है। यानी पाकिस्तान से सब नाखुश और नाराज हैं। इस बीच, पाकिस्तान में तो आजकल हाहाकार मचा हुआ है। महंगाई के कारण आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज है। रमजान के महीने में लोग भारी कष्ट उठा रहे हैं। बेरोजगारी,अराजकता, कठमुल्लों और मोटी तोंद वाले सेना के अफसरों ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। ये स्थिति दुखद और दुभार्ग्यपूर्ण है।**

# पाकिस्तान से क्यों खफा हैं इस्लामिक मुल्क?



आर.के. सिन्हा

**पाकिस्तान से रोज सैकड़ों अफगान अपने देश वापस लौट रहे हैं। पाकिस्तान की इस कार्रवाई पर हजारों अफगानिस्तानियों का कहना है कि वे गुजरे कई दशकों से पाकिस्तान में हैं। वे पाकिस्तान की नागरिकता भी ग्रहण कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।**

पाकिस्तान में आजकल सिर्फ अंदरूनी हालात ही खराब नहीं हैं, उसके सामने कई गंभीर संकट और भी हैं। उसे उसके दो पड़ोसी देश, जो उसकी तरह से ही इस्लामिक देश हैं, उससे सख्त नाराज हैं। पहले ईरान और अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फिलहाल अफगानिस्तान और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। दोनों मुल्कों के बीच सरहद पर झड़प भी हुई है। झड़प की शुरुआत पाकिस्तान की तरफ से विगत सोमवार को हुई। इसके जवाब में अफगान तालिबान ने भी सीमा पर पाकिस्तानी चौकियों पर गोलीबारी की। ऐसे में सवाल है कि क्या दोनों देश युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं? पाकिस्तान के हमलों के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता पर किसी भी तरह के उल्लंघन के गंभीर परिणाम होंगे। इसके साथ ही तालिबान ने पाकिस्तान की नवगठित सरकार से दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को खतरे में डालने के लिए गैर-जिम्मेदाराना कार्यों की अनुमति नहीं देने का भी आग्रह किया। दरअसल पाकिस्तान में हाल के आतंकवादी हमलों को लेकर दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पाकिस्तान का आरोप है कि हमले अफगानिस्तान की सरजमीं से किए गए। जबकि, तालिबान ने पाकिस्तान के इस दावे को गलत बताया है। आपको याद होगा कि बीते जनवरी के महीने में पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोला था। ईरान ने पिछली 16 जनवरी को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से कहा गया था कि हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ईरान ने पाकिस्तान में बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया। ईरान ने आठ साल पहले सन 2016 में भी पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर मोर्टार दागे थे। इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है। पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। उधर, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच करीब 2400 किलोमीटर लम्बी अन्तरराष्ट्रीय सीमा है। इसका नाम डूरण्ड रेखा है। दरअसल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंध तब से लगातार खराब होने लगे जब पाकिस्तान ने पिछले



**दरअसल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंध से लगातार खराब होने लगे जब पाकिस्तान ने पिछले साल अपने देश से अवैध अफगानों को निकालने का सिलसिला शुरू किया। पाकिस्तान से रोज सैकड़ों अफगान अपने देश वापस लौट रहे हैं।**

साल अपने देश से अवैध अफगानों को निकालने का सिलसिला शुरू किया। पाकिस्तान से रोज सैकड़ों अफगान अपने देश वापस लौट रहे हैं। पाकिस्तान की इस कार्रवाई पर हजारों अफगानिस्तानियों का कहना है कि वे गुजरे कई दशकों से पाकिस्तान में हैं। वे पाकिस्तान की नागरिकता भी ग्रहण कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। यहां पर बड़ा सवाल यही है अपने को इस्लामिक संसार का नेता कहने वाले पाकिस्तान से इस्लामिक मुल्क ही खफा क्यों है? इस सवाल का सीधा सा उत्तर है कि पाकिस्तान के डीएनए में ही अपने पड़ोसियों के लिए संकट पैदा करना है। उसने भारत के खिलाफ क्या-क्या हथकंडे नहीं अपनाए। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1948, 1965, 1971 में युद्ध छेड़े और बुरी तरह से मार भी खाई। जंग के मैदान में धूल में मिलने के बाद पाकिस्तान ने 1999 में करगिल में घुसपैठ की। तब भी उसका बहुत बुरा हश्र हुआ। पाकिस्तान के साथ दिक्कत यही है कि वह बुरी तरह पिटने के बाद भी सबक नहीं लेता। उसे बार-बार पिटने की आदत सी हो गई है। फिलहाल वह ईरान और अफगानिस्तान से पिटने के लिए तैयार है। अब पाकिस्तान के बांग्लादेश से संबंधों की भी जरा बात कर लीजिए। 1971 तक बांग्लादेश हिस्सा था, पाकिस्तान का। अब दोनों जानी दुश्मन हैं। दोनों एक-दूसरे को फूटी नजर भी नहीं देख पाते। क्यों? बांग्लादेश ने 1971 के नरसंहार के गुनहगार और जमात-ए-इस्लामी के नेता कासिम अली को फांसी पर लटकाया तो पाकिस्तान को तकलीफ होने लगी। बांग्लादेश ने साफ शब्दों में कह दिया कि वह पाकिस्तान की ओर से उसके आंतरिक मसलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। दोनों मुल्कों के संबंधों में तल्खी को समझने के लिए इतिहास के पन्नों को खंगाल लेना सही रहेगा। शेर-ए-बंगाल कहे जाने वाले मुस्लिम लीग के मशहूर नेता ए.के.फजल-उर-हक ने ही 23 मार्च,1940 को लाहौर के मिन्टो पार्क अब जिन्ना पार्क में मुस्लिम लीग के सम्मेलन में पृथक राष्ट्र पाकिस्तान का प्रस्ताव रखा था। उस तारीखी सम्मेलन में संयुक्त बंगाल के नुमाइंदों की बड़ी भागेदारी थी। वे सब भारत के मुसलमानों के लिए पृथक राष्ट्र की मांग कर रहे थे। सात साल बाद 1947 में पाकिस्तान बना और फिर करीब 25 बरसों के बाद खंड-खंड हो गया। ईस्ट पाकिस्तान बांग्लादेश के रूप में दुनिया के मानचित्र पर सामने आता है। यानी पाकिस्तान से एक और मुल्क निकला। और, जो दोनों मुल्क कभी एक ही मुल्क के हिस्सा थे, अब एक-दूसरे की जान के प्यासे हो गए हैं। 1971 में जिस नृशंसता से पाकिस्तानी फौजों ने ईस्ट पाकिस्तान के लाखों लोगों का कत्लेआम किया था, उसको लेकर ही दोनों मुल्क लगातार आमने-सामने रहते हैं। मैं स्वयं इस नरसंहार का प्रत्यक्षदर्शी हूं। मैं उस समय युद्ध संवाददाता के रूप में लगभग डेढ़ वर्ष भारतीय सेना के साथ बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन में रहा था। बांग्लादेश में उस कत्लेआम के गुनहगारों को लगातार साक्ष्य के आधार पर न्यायालय से दंड मिलता रहा है। यह बात पाकिस्तान को गले नहीं उतरती। पाकिस्तानी सीरियलों और नाटकों में बांग्लादेशियों को बेहद हिकारत से दिखाया जाता है। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान बताया जाता है। अब समझ लें कि पाकिस्तान समाज कितनी बेशर्मी से बांग्लादेशी मुसलमानों का मजाक बनाता है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी अहोरात्र |
| नक्षत्रः | पूर्वाफाल्गुनी |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शूल, 19:33 |
| सूर्योदयः | 06:22 |
| सूर्यास्तः | 18:33 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 09:25-10:56 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:03 से 12:51 |

## जन एक्सप्रेस

### है ख़तरा मंडरा रहा !

*बचना गिरफ्तारी से ।*
*होगा लगता दूर ।।*
*लगता कोर्ट बोल रहा ।*
*है सब कुछ भरपूर ।।*
*बार-बार समन से ।*
*काम न चलने वाला ।।*
*है ख़तरा मंडरा रहा ।*
*मुश्किल में रखवाला ।।*
*ऊंट पहाड़ नीचे ।*
*लगता शायद आया ।।*
*आई आंच घोटाले की ।*
*छोड़ रहा ना साया ।।*
*धीरे धीरे चर्चा ।*
*बढ़ रही चहुंओर ।।*
*छंटे नहीं हैं बादल ।*
*है संकट घनघोर ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*हवा में जो हम दीप जलाना सीख लेते हैं ।*
*ग़मों की भीड़ में मुस्कुराना सीख लेते हैं ।।*
*उन्हें आता नहीं दुश्मनों को भी बुरा कहना।*
*वो सलीके से गीत गाना सीख लेते हैं।।*
*कैसी जात,मजहब कैसी सरनहद।*
*प्यार से हर पर्दे हटाना सीख लेते हैं।।*



*पौधे नाजुक हैं, तरीके से लगाना इन्हें।।*
*उपजाऊ हो जमीन, फलना सीख लेते हैं।।*
*छोड़ो भी जिंदगी के फलसफे साहब।।*
*चलो संजीव अब हंसना हंसाना सीख लेते हैं ।।*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

**आपके द्वारा कुछ भी किया जा सकता है, शिक्षा आपकी क्षमता को उजागर करने की कुंजी है**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# होली के रंगों से हो सकती हैं आपको स्वास्थ्य समस्याएं



**होली** रंगों, मस्ती और खुशियों का त्योहार है, जिसमें न सिर्फ स्वादिष्ट व्यंजन खाने को मिलते हैं, बल्कि हर तरफ रंग, गुलाल नजर आते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि होली के ये रंग कई स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का कारण भी बन सकते हैं। रंगों को बनाने के लिए कई तरह के केमिकल और कांच के टुकड़ों का उपयोग किया जाता है, जो न सिर्फ आपकी स्किन को डैमेज कर सकते हैं, बल्कि स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को भी बढ़ा सकते हैं।

**स्किन से जुड़ी समस्याएंः** होली के सिंथेटिक रंगों में मौजूद केमिकल स्किन पर जलन और रेडनेस की समस्या का कारण बन सकते हैं, जिससे चेहरे पर चकत्ते या खुजली हो सकती हैं। कुछ लोगों को रंगों में मौजूद सामग्री से एलर्जी हो सकती है, जिससे रेडनेस, सूजन या पित्ती जैसे लक्षण हो सकते हैं।

**आंखों से जुड़ी समस्याएंः** होली के कुछ रंगों में सिलिका और सीसा होते हैं। रंगों में मौजूद इस तरह के केमिकल आंखों के लिए हानिकारक होते हैं, जिससे आंखों के डैमेज होने तक का खतरा बढ़ सकता है। इस तरह के रंग आपकी आंखों की पुतलियों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इतना ही नहीं कई बार होली खेलते समय आंखों में ज्यादा रंग जाने के कारण ग्लूकोमा और ड्राई आई की परेशानी भी हो सकती है।

**सांस से जुड़ी समस्याएंः** होली के रंगों में सिलिका, सीसा, कांच और पारा जैसे केमिकल होते हैं, जो फेफड़ों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं और सांस से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकते हैं, जिससे आपको खांसी और सांस लेने की परेशानी हो सकती है।

### होली खेलते समय बरतें ये सावधानियां

- होली खेलने के लिए हर्बल रंगों का ही इस्तेमाल करें।
- सिंथेटिक रंगों के स्थान पर नेचुरल फूलों के कलर को चुनें।
- होली खेलते समय बच्चों पर निगरानी बनाए रखें।
- रंगों से खेलने के दौरान आंखों में चश्मा पहनना न भूलें।
- होली खेलने से पहले शरीर पर अच्छे से ऑयल मसाज करें।
- आंखों या मुंह में रंग जाने पर तुरंत साफ पानी से आंख और मुंह को साफ करें।

**अस्थमा का दौरा आने का खतराः** अस्थमा से पीड़ित व्यक्तियों को होली में रंगों से खेलने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। डॉ. रुचिता शर्मा के अनुसार होली के रंगों के कारण अस्थमाके मरीजों को अस्थमा का दौरा आ सकता है।

**गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएंः** होली खेलते समय ज्यादा मात्रा में मुंह में होली के रंग जाने से पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं, जिससे उल्टी, दस्त, पेट में दर्द और पेट का इंफेक्शन होने का जोखिम भी बढ़ सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# श्रीराम मंदिर से बढ़ती समृद्धि और समरसता



श्याम जाजू

**निवेश बढ़ने से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। माना जा रहा है कि अयोध्या में 20 हजार से 25 हजार नए रोजगार पैदा होंगे। रामलला के विराजमान होते ही अयोध्याम वैश्विक धार्मिक स्थवल और आध्याकत्मिक टूरिस्ट हॉटस्पॉट बन गया है।**

**पांच** सौ वर्षों की प्रतीक्षा के बाद हुए श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण ने न केवल भारतीय समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक आधारशिला को मजबूत किया है बल्कि उसकी प्राण प्रतिष्ठा ने सम्पूर्ण देश में अभूतपूर्व समृद्धि और समरसता का मार्ग प्रशस्त किया है। आज पुनर्निर्मित भव्य राम मंदिर न केवल धार्मिक या ऐतिहासिक संदर्भ में महत्वपूर्ण बन गया है, बल्कि यह समृद्धि, समरसता, और एकता के प्रतीक के रूप में भी स्थापित हो गया है। राम मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया में समाज के सभी लोगों की भागीदारी ने एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता की उसी मूल भावना का संवर्धन किया है जो प्रभु श्रीराम ने अहिल्या उद्धार तथा शबरी व निषादराज से प्रेम और मित्रता कर जगाई थी। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण का संदेश स्वयं के जीवन से दिया। उसी भावना से मंदिर के पूजन में इस्तेमाल हुए देश भर की हजारों पवित्र नदियों के जल व पावन तीर्थों की रज (मिट्टी) ने सम्पूर्ण भारत को भावनात्मक रूप से एकाकार कर दिया। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक पवित्र नदियों और पोखरों के जल तथा हर धर्म, संस्कृति, विचारधारा स्वरूप से जुड़े स्थलों जैसे संत रविदास के काशी स्थित जन्मस्थली, सीतामढ़ी के महर्षि वाल्मीकि आश्रम, विदर्भ के कचारगड, झारखंड के रामरेखाधाम, मध्य प्रदेश के टंट्या भील की पुण्य भूमि, अमृतसर के श्री हरमंदिर साहिब, बाबासाहेब आंबेडकर के जन्मस्थान महू और दिल्ली के जैन लाल मंदिर आदि की मिट्टी मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा में प्रयुक्त हो देश में बढ़ती समरसता की नींव को मजबूत कर गई। राम मंदिर का निर्माण न केवल धार्मिक स्थल के रूप में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक समरस, सहिष्णु समाज की अवधारणा का प्रतीक भी बन गया है। सामाजिक समरसता के साथ श्रीराम मंदिर के निर्माण ने सामूहिक वैभव और आर्थिक सशक्तिकरण का वह मार्ग भी प्रशस्त किया है जो समाज के हर वर्ग, हर धर्म, जाति और सम्प्रदाय को समान रूप से लाभ पहुंचाएगा। सदियों से आर्थिक रूप से पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे क्षेत्रों का तो मानो काया पलट ही हो जायेगा जिसकी शुरुआत हो चुकी है। स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास को एक नई गति मिलती दिख रही है जो देश के विकास में एक नई इबारत लिखेगा और भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश राज्य ने अपने लिए पहले से ही 2027 तक राज्य को 1 खरब (ट्रिलियन) की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखता है जो अब राम मंदिर के प्रतिष्ठापन के बाद समय पूर्व ही साकार होता दिख रहा है। राम मंदिर के कपाट खुलने के बाद से ही उत्तर प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर (यूपी टूरिज्म) में बूम देखने को मिल रहा है। भारत के करीब 1।1 अरब हिंदुओं का प्रमुख तीर्थस्थल बना अयोध्या अब अभूतपूर्व आर्थिक उछाल देख रहा है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पहले यानी रविवार 21 जनवरी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जिसमे उत्तर प्रदेश राज्य को अयोध्या के राम मंदिर और राज्य सरकार की अन्य पर्यटन योजनाओं के चलते भारी कमाई की सम्भावना बताई गई। रिसर्चर्स ने अनुमान जाहिर करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को फाइनेंशियल ईयर 2025 में सिर्फ अयोध्या से 20,000 से 25,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई हो सकती है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि राम मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश में बड़ा आर्थिक प्रभाव देखने को मिल सकता है। राम मंदिर के साथ भारत को एक नया पर्यटन स्थल मिल रहा है, जिसकी वजह से देश में हर साल 50 मिलियन यानी 5 करोड से ज्यादा पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। निस्सदेह, अयोध्या में राम मंदिर से भारत में पर्यटन सेक्टर को बड़ा बूस्ट मिलेगा। इस रिपोर्ट के मुताबित भारत में पर्यटन की बड़ी संभावनाएं हैं। वित्त वर्ष 2019 में देश की जीडीपी में पर्यटन सेक्टर का योगदान 194 बिलियन डॉलर का था। वहीं वित्त वर्ष 2030 में यह बढ़कर 443 बिलियन डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। पर्यटन में धार्मिक पर्यटन का बड़ा रोल है। भारत के लोकप्रिय धार्मिक केंद्रों में हर साल करोड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पर्यटन बढ़ने से अयोध्या में होटल, एयरलाइन सेक्टर, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, ट्रैवल, रेलवे, गाइड, पूजा सामग्री बेचने वाले दुकानदार, मूर्तियां बनाने वाले और ऐसी तमाम चीजों को बूस्ट मिलेगा।

**अयोध्या निवेश के लिए एक नया हॉटस्पॉट बन ही गया है। शहर में अब एक नया हवाई अड्डा टर्मिनल है जो 6,500 वर्ग मीटर में फैला है और हर साल दस लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करेगा। इस क्षमता को 60 लाख यात्रियों तक बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल की अपेक्षा 2025 तक है। भारत के हवाई वाहक, जैसे इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने प्रमुख शहरों को अयोध्या से जोड़ने वाली कई उड़ानें शुरू की हैं।**

## फास्ट फॉरवर्ड

### पलिया-निघासन हाईवे पर गन्ना भरी ट्रॉली से टकराई कार से बरामद हुआ तीन बोरी मांस



जन एक्सप्रेस/निघासन खीरी। शुक्रवार को पलिया निघासन स्टेट हाईवे पर बौधिया क्रशर के पास कार और गन्ना भरी ट्रॉली की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। कार से तीन बोरी मांस बरामद हुआ है। थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि कार को थाने में खड़ा कर पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया गया है। मांस को जांच के लिए आगरा लैब में भेजा गया है। कार मालिक और चालक के बार में जानकारी जुटाई जा रही है।

### टैक्ट्रर के कारखाने से हजारों की चोरी

जन एक्सप्रेस/भीरा खीरी। गुरुवार देर रात भीरा कस्बे में एक कारखाने पर चोरों चोरी की घटना को अंजाम देते हुए हजारों रुपये का सामान किया पार कारखाना मालिक ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।बताते चलें कस्बे में भीरा-मैलानी हाईवे के किनारे आरिफ का कारखाना है, जिसमें वह ट्रैक्टर के साथ ही अन्य कल पुर्जों की रिपेयरिंग आदि का काम करता है।आरिफ द्वारा यह जानकारी दी गई कि गुरुवार की रात चोर कारखाने में घुस आए। इनवर्टर-बैटरा, जेक, कीमती औजार आदि चोरी कर ले गए।जिसमें करीब 50 हजार रुपए का सामान चोरी होने की बात कही है।घटना के बाद व्यापारियों में व्याप्त है।

### कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना प्राय: समाप्त हो गया: ओपी चौहान

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। पलिया बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया द्वारा प्रथम मिल बंदी सूचना दिनांक 24मार्च 2024 को सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड को भेज दी है। इस संबंध में यूनिट हेड ओ पी चौहान ने बताया कि हमारे क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना प्राय- समाप्त हो गया है ,जिस कारण हमारी चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ,इससे मिल का पेराई कार्य बाधित हो रहा है। अत: क्षेत्र के समस्त किसान भाइयों से अनुरोध है कि दिनांक 24 मार्च2024 तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर देवें।इसके पश्चात चीनी मिल पेराई सत्र 2023-24 के लिए समाप्त कर दी जाएगी।



### घर मे घुसकर मां-बेटी के साथ की अभद्रता, पिटाई भी की



जन एक्सप्रेस/निघासन खीरी। घर मे अकेला पाकर पड़ोसी दबंगो ने मां बेटी के साथ अभद्रता की जब उन्होंने विरोध किया तो घर मे घुसकर दोनो की जमकर पिटाई कर दी।पीड़िता ने थानाध्यक्ष मझगईं पुष्पराज सिंह को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता कन्यावती ने बताया कि वह बेहद गरीब है बम्हनपुर सेंटर के पास कुटिया डालकर रहती है। घर मे अकेला जानकर पड़ोसी ओसामा, मुनव्वर, चुन्नवर आदि लोग घर मे घुसकर जवान बेटी को पटक लिया।उसकी पिटाई कर दी।विरोध किया तो मारने पीटने पर आमादा हो गए।जब इन लोगों के चंगुल से बेटी को छुड़ाकर अलग किया उसने मारपीट का वीडियो बनाना शुरू कर दिया जिसे दबंगो ने छीन लिया है।इससे पहले भी कई बार घिनौनी हरकते कर चुके है।अकेला जानकर बहुत ज्यादा ही तंग करते हैं।

# आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, लोगों ने किया पथराव

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। भीरा कस्बे में आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश देने गई पुलिस टीम पर शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर फेंके गए, जिससे थाने की जीप के शीशे टूट गए।हमले में तीन सिपाही भी घायल हुए हैं। अचानक हुए हमले से किसी तरह से पुलिसकर्मियों ने खुद को बचाया। सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स पहुंची। आक्रोशित लोगों को शांत कराने के लिए हल्का बल का प्रयोग करना पड़ा।जानकारी के मुताबिक चोरी के मामले में भीरा थाना की पुलिस शुक्रवार को 21 हजार के इनामी शिवकुमार को पकड़ने गई थी। इस दौरान महावत समाज के लोगों ने पुलिस टीम को घेरकर हमला कर दिया। लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। पुलिसकर्मियों ने भागकर अपनी जान बचाई। दरोगा जुबेर अहमद के निर्देशन में पुलिस टीम आरोपी शिवकुमार को पकड़ने गई थी।हमले की सूचना पर कई थानों की पुलिस भीरा थाने में पहुंची।घायल सिपाहियों का इलाज कराया गया है।एक सिपाही को सरिया मारी गई है।उक्त खबरें शोसल मीडिया में छाई रही कहीं कहा जा रहा की एसपी घटना स्थल पर पहुंच रहे हैं। तो कहीं मीटिंग में ब्यस्त है कहीं जमकर अपडेट वायरल हो रही कहीं अपडेट खबरो का खंडन हो रहा सच्चाई क्या है यह तो पुलिस ही जाने लेकिन क्षेत्राधिकारी की बाइट आने पर यह जानकारी तो पक्की हो गई हमला हुआ पुलिस की गाड़ी का शीशा टूटा यह हुआ यही सच है। यह नहीं हुआ यह झूठ है दिन भर इसी पर चर्चा हो रही है जैसा की कहा जा रहा था एएसपी,सीओ समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे।पुलिस टीम ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। हालांकि आरोपी शिवकुमार फरार है। उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। मामला कोई भी पुलिस वाले घायल नहीं इस पर सफाई देने का दौर जारी सच्चाई भविष्य के गर्भ में है।

## मादक पदार्थों के सहित एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एक नेपाली समेत तीन को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत भारत नेपाल बार्डर पर अवैध मादक पदार्थों आदि की तस्करी एवं अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाल गौरीफन्टा अवधेश कुमार यादव के नेतृत्व में थाना गौरीफंटा पुलिस व स्स्क्रटीम द्वारा गौरीफण्टा चैक पोस्ट व बनगवां बाजार में संयुक्त रूप से चैकिंग के दौरान एक नेपाली सुशिल श्रेष्ठ पुत्र रामकुमार श्रेष्ठ नि0 अतरिया थाना मालाखेती जिला कैलाली नेपाल, सनी गुप्ता पुत्र भगवानदास गुप्ता नि0 मो0 रंगरेजान द्वितीय कस्बा व थाना पलिया, सचिन गुप्ता उर्फ डिम्पल गुप्ता पुत्र भगवानदास गुप्ता नि0 मो0 रंगरेजान द्वितीय कस्बा व थाना पलिया को अवैध ब्राउन शुगर की नेपाल राष्ट्र में तस्करी करते समय गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।अभियुक्तों का पुराना आपराधिक इतिहास है।टीम ने सुशिल श्रेष्ठ के पास से 03 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर,सनी गुप्ता के पास से 06 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर,490 नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम,12 हजार रूपये नेपाली मुद्रा,सचिन गुप्ता से 04 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर,18 हजार रूपये नेपाली मुद्रा बरामद की है।

## शासन प्रशासन से सांठ-गांठ कर तालाबों पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे भू माफिया

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी-खीरी



भू-माफियाओ और जिम्मेदारो की मिलीभगत से तहसील क्षेत्र के अधिकांश तालाब-पोखर लुप्त होते जा रहे है जो तालाब बचे है उन पर भी भू-माफियाओ की नियत खराब है और वह शासन प्रशासन से सांठ-गांठ कर उन तालाबो पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे है।बताते चले कि नगर के लगभग दो दर्जन तालाबो सहित तहसील क्षेत्र के अधिकांश तालाबो पर भू-माफियाओ ने कब्जा कर उनमें प्लाटिंग कर बेच डाला। जिस कारण नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गयी है। परन्तु भू-माफियाओ द्वारा तालाबो पर किये गए कब्जो को मुक्त कराने के लिये प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने से भू-माफियाओ के हौसले खासे बुलन्द है।ताजा मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम शाहपुर राजा का है जहां सत्ता पक्ष के लोगो द्वारा पचासो वर्षो पुराने तालाब को पाटा जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणो द्वारा उपजिलाधिकारी सहित आलाधिकारियो को प्रार्थना पत्र भेज कर की गयी है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि गांव के पूरब की ओर पचासो वर्ष पुराना सार्वजनिक तालाब है जिसमें पूरे गांव का गन्दा पानी तथा वर्षा का पानी जाता है। तालाब के पास गांव के कुछ लोगो के खेत के है उन्ही में से एक खेत स्वामी ने अपना खेत भू-माफिओ को यह कह कर दे दिया कि तालाब भी उसका है अगर वह तालाब को पाट कर उनमे दुकाने बना ले तो आगे की दुकाने उसे दे देंगे। जिस पर उक्त भू-माफिया द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी की मदद से तालाब को पाटने का कार्य शुरू कर दिया गया। तालाब पाटे जाने की सूचना जब ग्रामीणो को हुई तो ग्रामीणो ने आलाधिकारियो के चक्कर लगाने शुरू किये परन्तु सत्ता की हनक के चलते जिम्मेदारो द्वारा ग्रामीणो की सुनवाई नही की गयी। तालाब पाटे जाने के कारण पूरे गांव में जल भराब की समस्या पैदा हो गयी जिससे ग्रामीणो को महामारी का भी डर सता रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन उक्त तालाब को भू-माफियाओ के कब्जे से छुड़ाता है या भू-माफियाओ के सामने नतमस्तक हो जायेगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या के अपराधी सद्दाम के विरुद्ध की गई रासुका की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना तिकुनिया अन्तर्गत दिनांक - 08.अक्टूबर.2023 को आरोपी सद्दाम द्वारा नाबालिग बालिका के साथ स्कूल से लौटते समय गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म कर हत्या की जघन्य घटना कारित कर लोक व्यवस्था को प्रभावित किया गया, अभियुक्त द्वारा कारित इस जघन्य घटना को लेकर पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी सद्दाम पुत्र छोटे निवासी ग्राम बसन्तापुर मजरा रमुआपुर थाना सिंगाही जनपद खीरी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान दिनांक-11.10.2023 को गिरफ्तार किया गया था, मुठभेड़ के दौरान जबाबी कार्रवाई में आरोपी सद्दाम के पैर में गोली लगी थी, आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया था , आरोपी सद्दाम जिला कारागार खीरी में निरुद्ध है, अभियुक्त सद्दाम के विरूद्ध रासुका की कार्रवाई किये जाने की अनुसंशा पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा जिला मजिस्ट्रट महोदय खीरी से की गई,जिला मजिस्ट्रेट महोदय खीरी द्वारा अभियुक्त सद्दाम के विरुद्ध रा.सु.का के तहत निरूद्ध की कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं थाना तिकुनिया अन्तर्गत दिनांक-08.10.2023 को एक 13 वर्षीय नाबालिग बालिका स्कूल पढ़ने गयी थी। आरोपी सद्दाम द्वारा बच्ची को स्कूल से वापस आते समय बच्ची को रोककर गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गयी थी जिसका शव दूसरे दिन गन्ने के खेत में बरामद हुआ था। इस जघन्य वारदात से क्षेत्र के लोगों में भय एवं दहशत का माहौल व्याप्त हो गया था। घटना के सम्बन्ध में दिनांक 08.10.2023 को थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 208/2023 धारा 363,376 ,302 आईपीसी व 5/6 पास्को एक्ट में अभियुक्त सद्दाम के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए साक्ष्य के आधार पर आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया , आरोपी सद्दाम द्वारा सक्षम न्यायालय में जमानत पाने हेतु प्रयास किया जा रहा था, ऐसे खुंखार अपराधी यदि जमानत पा जाते है तो सम्भावना है कि पुनः ऐसे जघन्य अपराधों में संलिप्त होकर लोक व्यवस्था को प्रभावित करते तथा समाज पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता । ऐसे में आरोपी सद्दाम को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के अन्तर्गत निरूद्ध किया जाना आवश्यक हो गया।


## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए होली सीज़न के दौरान रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 27.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 23:55 | गुरूवार | 28.03.24 तक | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | गोरखपुर जं. | 18:55 | शुक्रवार | 29.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 01124 | गोरखपुर जं. | 21:15 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 07:25 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 01103 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 22:35 | गोरखपुर जं. | 09:30 | गुरूवार | 28.03.24 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01104 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 00:40 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:50 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05116 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 21:15 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 13:15 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05097 | टनकपुर जं. | 18:25 | दौरई जं. | 13:40 | सोम, बुध, शुक्र | 29.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05098 | दौरई जं. | 16:05 | टनकपुर जं. | 09:35 | शनि, मंगल, वीर | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान |
| 05048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 05053 | गोरखपुर जं. | 09:30 | बांद्रा टर्मिनस | 16:00 | शुक्रवार | 29.03.24 | सामान्य |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनस | 21:45 | गोरखपुर जं. | 06:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05005 | गोरखपुर जं. | 14:40 | अमृतसर | 09:30 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | गोरखपुर जं. | 08:50 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर | 09:30 | शुक्रवार | 29.03.24 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05050 | अमृतसर | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | शनि सोम, बुध, गुरू | 27.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | रवि, मंगल, गुरू, शुक्र | 28.03.24 तक | |
| 05045 | लालकुआं | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लालकुआं | 04:05 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरूवार | 28.03.24 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 29.03.24 | |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09195 | वडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09196 | मऊ | 23:00 | वडोदरा | 00:45 | रविवार | 24.03.24 एव 31.03.24 | |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 08:00 | तिथियों के अनुसार | 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 04146 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथियों के अनुसार | 23 से 25, 27 से 30.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 14:10 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03436 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 29.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी | 06:55 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 04066 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सोमवार, गुरूवार | 28.03.24 तक | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:20 | मंगलवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:50 | बरौनी | 06:30 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य। |
| 04061 | बरौनी | 08:00 | दिल्ली जं. | 07:35 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | गुरूवार | 28.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | शुक्रवार | 29.03.24 | |
| 04060 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मंगलवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | शयनयान व सामान्य |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:55 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 01664 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | सोमवार | 25.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 01663 | सहरसा जं. | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 13:55 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 04010 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | मंगलवार | 26.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 16:05 | गुरूवार | 28.03.2024 | |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गुरूवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04067 | दरभंगा | 18:00 | दिल्ली जं. | 16:40 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04004 | नई दिल्ली | 00:10 | सीतामढ़ी | 22:00 | गुरूवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04003 | सीतामढ़ी | 23:30 | नई दिल्ली | 01:30 | | | |

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04033 | नई दिल्ली | 23:45 | श. कै. तुषार महाजन | 11:10 | शुक्रवार | 29.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04034 | श. कै. तुषार महाजन | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:10 | बुधवार, रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04076 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | गुरूवार, सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी | 09:45 | शनि, सोम, गुरु | 30.03.24 तक | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04079 | वाराणसी | 18:20 | दिल्ली जं. | 08:50 | रवि, मंगल, शुक्र | 31.03.24 तक | |
| 01654 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:35 | वाराणसी | 23:55 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 01653 | वाराणसी | 05:30 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 02371 | हावड़ा | 08:15 | बनारस | 21:45 | शनिवार | 23.03.2024 | प्रथम वता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 02372 | बनारस | 23:05 | हावड़ा | 12:20 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 13:20 | टूण्डला | 17:15 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04063 | टूण्डला | 17:45 | दिल्ली जं. | 22:15 | | | |
| 04923 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04924 | अम्बाला कैंट | 20:22 | सहारनपुर | 22:30 | | | |
| 04051 | दिल्ली जं. | 10:00 | पानीपत | 12:10 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04052 | पानीपत | 13:10 | दिल्ली जं. | 15:40 | | | |
| 04249 | वाराणसी | 06:25 | लखनऊ | 12:25 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04250 | लखनऊ | 16:35 | वाराणसी | 22:35 | | | |
| 04048 | नई दिल्ली | 06:20 | आगरा कैंट | 11:15 | प्रतिदिन | 23.03.2024 से 28.03.2024 | सामान्य |
| 04047 | आगरा कैंट | 14:30 | नई दिल्ली | 18:45 | | | |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 16:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 14:25 | शुक्रवार | 29.03.24 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 09004 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 17:25 | मुंबई सेंट्रल | 15:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 04731 | श्री गंगानगर | 14:30 | आगरा कैंट | 04:05 | बुधवार | 27.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 04732 | आगरा कैंट | 07:05 | श्री गंगानगर | 00:50 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 23:00 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 03:20 | मंगलवार | 26.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 15:10 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 01432 | गोरखपुर जं. | 23:25 | पुणे | 06:25 | शनिवार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 01084 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी(टर्मि.) | 00:40 | रविवार | 24.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 04530 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04529 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | अम्बाला कैंट | 11:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04538 | चंडीगढ़ | 19:15 | कटिहार जं. | 23:45 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04537 | कटिहार जं. | 04:00 | चंडीगढ़ | 09:40 | तिथि अनुसार | 25.03.2024 | |
| 04539 | कटिहार जं. | 04:00 | अम्बाला कैंट | 09:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04533 | जयनगर | 23:30 | सरहिन्द | 05:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04498 | पलवल | 21:30 | मथुरा जं. | 23:00 | प्रतिदिन | 23.03.2024 से 28.03.2024 | सामान्य |
| 04497 | मथुरा जं. | 23:20 | पलवल | 01:00 | प्रतिदिन | | |
| 09457 | साबरमती | 08:00 | छपरा जं. | 16:00 | शनिवार | 23.03.2024 | सामान्य |
| 09458 | छपरा जं. | 20:00 | अहमदाबाद | 04:00 | रविवार | 24.03.2024 | |
| 01492 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | शनिवार | 23.03.2024 | प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04015 | गोरखपुर जं. | 16:00 | नई दिल्ली | 05:30 | शनिवार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04018 | नई दिल्ली | 20:15 | गोरखपुर जं. | 09:30 | शनिवार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04017 | गोरखपुर जं. | 12:00 | नई दिल्ली | 01:30 | रविवार | 24.03.2024 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




### अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड, असलहों के जखीरे के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध शस्त्र निर्माण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है, दिये गये निर्देश के में थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए अभियुक्त राम खिलावन पुत्र स्व0 रघुनाथ नि ग्राम लोनियनपुरवा मजरा कुटी सुपौली थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को गन्ने के खेत वहद ग्राम कुटी सुपौली से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से मौके से अवैध शस्त्र फैक्ट्री जिसमें 5 निर्मित अवैध तमंचे, 1 अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचा, 2 कारतूस एवम् अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए है। उक्त अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना लहरपुर, मानपुर, तालगांव, सकरन, तंबौर पर भी अवैध शस्त्र रखने, विक्रय निर्माण आदि आपराधिक कृत्यों के संबंध में कई मुकदमें पंजीकृत हैं। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की जायेगी। अवैध शस्त्र फैक्ट्री की बरामदगी से जनपद में अवैध असलहे के प्रयोग में प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। पकड़े गए अभियुक्तों में राम खिलावन पुत्र स्व0 रघुनाथ नि. ग्राम लोनियनपुरवा मजरा कुटी सुपौली थाना लहरपुर जनपद सीतापुर है तथा बरामद सामान मे चार तमंचा 12 बोर चालू हालत में , एक तमंचा 315 बोर चालू हालत में , एक तमंचा अर्धनिर्मित 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 12 बोर व तमंचा बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं।

## पत्नी से हुई कहासुनी के बाद पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ़ के मोहल्ला पटेल नगर में पत्नी से हुई कहासुनी के बाद अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ के मोहल्ला पटेल नगर निवासी राजवहादुर दोहरे उर्फ छाऊ 47 वर्ष बसपा का मिशनरी कार्यकर्ता था। वह शुक्रवार की सुबह शराब में धुत होकर घर आया और किसी बात को लेकर पत्नी ममता से विवाद हो गया। पत्नी से हुए विवाद के बाद उसने कच्चे मकान में लगी बल्ली में साफी बांधकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। फांसी के फंदे पर लटक रहे पति के शव को देखकर पत्नी जोरों पर चीखने लगी। लोगो ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी नागेन्द्र पाठक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने शव को फंदे से उतार कर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की मां फुल्लन देवी, पत्नी ममता व बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

# होली का बाजार गुलजार : पिचकारियां एक से बढ़कर एक, हर्बल कलर की डिमांड

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रंगों और उत्साह के त्योहार होली में अब कुछ ही दिन का समय बाकी है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च को और रंग 25 मार्च को खेला जाएगा। जिसको लेकर जगह-जगह तैयारियां भी चल रही हैं। वहीं होली त्योहार के लिए शहर के बाजार भी गुलजार हो चुके हैं।

जहां रंग-गुलाल और पिचकारियों की खरीदारी के लिए लोग पहुंच रहे हैं। दुकानों पर बच्चे मिकी माउस, मोटू-पतलू, रोबोट और नोबिता, डोरेमोन की डिजाइन वाली पिचकारियों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। तो वहीं मोदी और योगी की बड़े साइज वाली पिचकारियां और वाटरटैंक युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। बता दें कि इस बार खास तौर पर हर्बल रंगों की खरीदारी पहले की अपेक्षा अधिक रही है।

सामान्य रंगों के दाम कम होने के बाद भी लोग उन्हें कम ही खरीद रहे हैं।

| रंग/सामान | कीमत |
|---|---|
| पिचकारी | 30-250 |
| चाइल्ड मास्क | 35-50 |
| गुब्बारे | 50-70 |
| मोदी मास्क | 80-100 |
| बिग | 100-150 |
| गिफ्ट हैंपर | 150-2000 |
| पॉप रंग | 200-800 |
| स्प्रे गन | 200-300 |
| गुलाल गन | 200-600 |
| वाटर टैंक | 350-600 |

इसकी वजह है लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, जिसके चलते अब कैमिकल युक्त रंगों से लोग किनारा कर रहे हैं। वहीं आज बाजार में हर्बल रंगों को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। चाहे रंग-गुलाल हो या पिचकारी के लिए पानी वाले रंग, सभी हर्बल कलर की ही मांग कर रहे हैं। वहीं उरई के राजमार्ग स्थित रंग व्यापारी मनोज गुप्ता रंगों को लेकर बताते हैं कि इस बार लोग हर्बल रंग की सबसे अधिक मांग कर रहे हैं।



### गुलाल गन और स्प्रे गन का बढ़ा क्रेज

**उरई।** शहर में युवाओं और बच्चों का गुलाल गन और स्प्रे गन को लेकर लगातार क्रेज बढ़ाता जा रहा है। क्योंकि इनका इस्तेमाल करना चलन में खूब है। बात अगर गुलाल गन की करें तो इसे पहले पटाके की तरह जलाया जाता है। इसके बाद जिस तरह पटाके से चिंगारी बाहर आती है उसी तरह गन से गुलाल की बौछार होती है। वहीं अगर स्प्रे गन की बात करें तो यह बाजार में कई साइज में मौजूद हैं। जिसे युवा और बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं।

### गिफ्ट हैंपर की बढ़ी डिमांड

**उरई।** शहर के बाजारों में होली के अवसर पर गिफ्ट हैंपर की मांग लगातार बढ़ रही है। वहीं इस मौके पर बाजार में कई तरह के गिफ्ट हैंपर्स मौजूद हैं। जिसमें गुलाल, पिचकारी, स्प्रे गन, गुलाल गन और मास्क शामिल हैं। यह गिफ्ट हैंपर लोग अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और कार्यालय के सहयोगी साथियों को देना पसंद करते हैं। जिसके चलते उनकी अच्छी मात्र में बिक्री हो रही है।

### योगी-मोदी के मुखौटे की बढ़ी बिक्री

**उरई।** होली त्यौहार के अवसर पर बाजार में दुकानदारों ने मोदी के मुखौटे भी खूब सजाएं हैं। जिनको युवा खूब खरीद रहे हैं। इसके अलावा बाजार में बच्चों के लिए भी कई कार्टून वाले मुखौटे बिक रहें है जो बच्चों को बहुत पसंद आ रहे हैं।

# सीएम योगी के गृह जिले में विद्युत मीटर रीडिंग में गड़बड़झाला

**मीटर रीडिंग के गड़बड़झाले से उपभोक्ता परेशान, जिम्मेदार नहीं ले रहे संज्ञान**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर भटहट**



उत्तर प्रदेश सरकार जहां विद्युत उपभोक्ताओं को लगातार बिजली मुहैया कराने में सफल है तो वहीं दूसरी तरफ लापरवाह कर्मचारियों की कार्यशैली को सुधारने में असफल भी नजर आ रही है। बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में विद्युत व्यवस्था की तो बिजली की भरपूर आपूर्ति से विद्युत उपभोक्ता निहाल हैं तो वहीं विद्युत उपकेंद्र भटहट पर तैनात विद्युत कर्मचारीयों के ढीले रवैए से विद्युत उपभोक्ता निराश भी हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण एक उपभोक्ता द्वारा विद्युत उपकेंद्र पर दिए गए प्रार्थनापत्र के महीने बाद भी कार्यवाही का न होना है। ऐसे लापरवाह कर्मचारियों की कार्यशैली से एहसास होता है कि जैसे यह सरकार की बेहतर बिजली मुहैया कराने की मंशा को पलीता लगाने पर आमादा हैं। जिससे सरकार की छवि धुमिल होती नजर आ रही है। मामला सीएम सीटी के भटहट विद्युत उपकेंद्र पर तैनात लापरवाह कर्मचारियों से जुड़ा है। आपको बताते चलें कि विद्युत उपकेंद्र भटहट से जुड़े सोहसा फीडर के ग्रामसभा पोखरभिन्डा निवासी मोहम्मद शरीफ ने 19 फरवरी को अपने घर में लगे विद्युत मीटर की फाल्ट रीडिंग को लेकर आशंका जताई और इसकी सूचना प्रार्थनापत्र के जरिए विद्युत उपकेंद्र भटहट पर तैनात जेई को दी। जेई ने तत्काल उपभोक्ता द्वारा मिले प्रार्थना पत्र पर सोहसा फीडर से जुड़े लाइनमैन को जांच के आदेश दिए। जिसकी कापी उपभोक्ता द्वारा लाइनमैन को अवगत करा दी गई। एक माह बीतने के बावजूद भी उपभोक्ता के घर जांच हेतू न कोई कर्मचारी पहुंचा न उपभोक्ता के मीटर की जांच हुई। जिससे उपभोक्ता अपना बिल जमा करने में असमर्थ ह और परेशान हाल हैं। ऐसे लापरवाह कर्मचारियों की कार्यशैली को संज्ञान में लेकर जांचकर विधिक कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है।

ताकी बिजली उपभोक्ताओं को इनसे निजात मिल सके। बहरहाल इन लापरवाह कर्मचारियों से परेशान उपभोक्ता अब मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की मंशा बना रहे है।

## आबकारी टीम ने 60 लीटर शराब व 300 किलो लहन किया बरामद

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** आगामी होली त्यौहार व आम चुनाव के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध जनपद में आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत उपजिलाधिकारी गोला के नेतृत्व में राजस्व,पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा गोला तहसील अंतर्गत देसी, विदेशी , बीयर व मॉडलशॉप का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी संचालित होने, स्टॉक रजिस्टर आदि की गहनता से जांच की गयी तथा किसी भी अनियमितता के प्रति विक्रेता को सचेत किया गया।टीम में उपजिलाधिकारी गोला केशरी नंदन तिवारी , सीओ गोला रत्नेश्वर सिंह,आबकारी इंस्पेक्टर ज्ञान प्रताप सिंह ,पुंकेश कुमार सिंह व बड़हलगंज थानाध्यक्ष अश्वनी पांडे मय हमराहियों शामिल रहे। एक अन्य खबर के अनुसार आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पांडेपार , ग्राम उचेर ईंट भट्ठा ,भाटपार ईंट भट्ठा, कैदहा तथा भालुवान ईंट भट्ठा थाना गगहा पर दबिश देकर लगभग 60 लीटर कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत 03 अभियोग पंजीकृत किया गया।

# खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग ने अभियान चलाकर भरे नमूने




**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी के निर्देश पर आगामी त्योहार होली पर्व को लेकर लोगों को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने विशेष अभियान चलाकर माधौगढ़ तहसील में निम्नलिखित खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के प्रतिष्ठान से निरीक्षण कर कार्यवाही की गयी। जिसमे हरीश कुमार विश्नोई तिलक नगर माधौगढ़ के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सरसों के तेल का नमूना संग्रहित किया गया, पारस तेल मिल ऑयल तिलक नगर के प्रतिष्ठान से सरसों के तेल का नमूना संग्रहित किया गया। आराध्या स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट गोहन से खाद्य पदार्थ बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। कृष्ण गोपाल के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पापड़ का नमूना संग्रहित किया गया। कार्यवाही के चलते अन्य खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा प्रतिष्ठान बंद कर दिये गये। अभिहित अधिकारी द्वारा बताया गया कि संग्रहित खाद्य नमूने जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं तथा जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस मौके पर डॉ. जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त, आलोक कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सुनील कुमार मौजूद रहें।

# ट्रैक्टर से कुचलकर बाइक सवार कांस्टेबल घायल

**जन एक्सप्रेस । उरई**



कुठौद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार टैक्टर ने कांस्टेबल की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। जिसे पीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

कोंच कोतवाली में तैनात सिपाही धर्मवीर पुत्र पातीराम किसी काम को लेकर थाना कुठौंद आया हुआ था। जब वह काम निपटाने के बाद अपनी बाइक से वापस जा रहा था। तभी जालौन औरैया नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार टैक्टर चालक ने लापरवाही के चलते थाने के समीप उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित सड़क पर पर गिर गया। इस दौरान सिपाही के पैर पर टैक्टर का पहिया चढ़ गया जिससे वह घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए पीएचसी कुठौंद में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।। फिलहाल हादसे में घायल कांस्टेबल की हालत गंभीर बनी हुई है।

# ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित 9 लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज।**

होनी को कोई टाल नहीं सकता है परंतु साजिश के तहत किसी को निरापराध फंसाया जाना भी एक बहुत ही बड़ा अपराध है। पीड़िता महिला ग्राम प्रधान ने भू-माफिया पर करोड़ों की सरकारी संपत्ति को हथियाने में विफल रहे नेता पर बड़ा आरोप लगाया है, उन्होंने उक्त मामले को सरकार से जांच कराने की मांग किया है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत सिधवारी निवासी होमगार्ड प्रहलाद चौरसिया गुरुवार की रात नौ बजे के लगभग उपजिलाधिकारी फरेंदा के कार्यालय पर ड्यूटी करने पहुंचे कि अचानक तबीयत खराब होने लगी और आनन -फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया तथा मृत्यु का कारण शरीर में जहर होनी की वजह बताया।

मृतक होमगार्ड के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ हैं।जिसमें उसने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समेत अपने ही नौ पट्टीदारों पर जमीनी विवाद और पैसे के लेनदेन का आरोप लगाते हुए अपने आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराया था। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक प्रहलाद चौरसिया के बेटे अशोक चौरसिया की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। जहां मामले में फरेंन्दा पुलिस ने मुस्तैदी



दिखाते हुए शव का पोस्टमार्टम होने के पश्चात बढ़ते विवाद की आशंका के मद्देनजर शव को परिजनों की रजामंदी से त्रिमुहानी घाट पर शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया ।

वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक विडियो क्लिप में सिधवारी ग्राम सभा की महिला ग्राम प्रधान मुन्नी देवी ने एक वीडियो में बयान जारी करते हुए बताया कि करोड़ों रुपए की सरकारी भींटे की जमीन पर कब्जा करने वाले गांव के भू-माफिया नागे सहानी द्वारा कब्जा किया जा रहा था जिसका पूर्व में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन ग्रामीणों के संघ मेरे बेटे द्वारा किया गया और उक्त भूमि को प्रशसान ने भू-माफिया के हाथों से खाली कराया। उसी का परिणाम है कि हमारे बेटे को साजिशों के तहत फंसाया जा रहा है, अगर सही तरीके से जांच कराई जाए तो उच्चधिकारियों काला चिट्ठा में जांच में सामने आए जाएगा। वहीं इस मामले में पुलिस द्वारा कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर किया जा रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 25 मार्च को पूर्णत: बन्द रहेगी आबकारी की दुकानें: डीएम

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला मजिस्ट्रेट/लाइसेंस प्राधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने होली के पर्व पर लोक शान्ति बनाये रखने के उद्देश्य से निर्देशित किया है कि 25 मार्च को जनपद देवरिया स्थित समस्त देशी शराब / विदेशी मदिरा/बीयर/मॉडलशॉप/ताड़ी/भांग/डिर्नेचर्ड स्प्रिट की फुटकर दुकानों के साथ-साथ समस्त एफ. एल-7 रेस्टोरेन्ट बार/ एफ.एल.-6 होटल बार / समस्त थोक विक्रय अनुज्ञापन एवं मदिरा निर्माण इकाई को पूर्णत: बन्द रखी जायेगी। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापन धारकों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने को कहा है।

### 29 व 31 मार्च 2024 को खुले रहेंगे निबंधन कार्यालय

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सहायक महानिरीक्षक निबन्धन देवरिया पंकज कुमार सिंह ने महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन में अब मात्र 09 दिन अवशेष है। माह मार्च, 2024 में 29 व 31 मार्च 2024 को सार्वजनिक अवकाश दिन क्रमश: शुक्रवार व रविवार को भी जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की भांति खोले जायेंगे और रजिस्ट्री का कार्य सामान्य कार्य दिवसों की भांति होगा। अधिक से अधिक संख्या में लम्बित विलेखों का पंजीयन कराया जाये, जिससे जनहित सहित राजस्व वृद्धि भी हो सके। अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर उक्त दिवस में *निबन्धन कार्यालय के* किसी भी अधिकारी/ कर्मचारी को अवकाश अनुमन्य नही होगा।

### लोकसभा सलेमपुर में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी भाजपा: सहजानंद राय

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर देवरिया।** सलेमपुर के सोहनाग मोड़ पर वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन पूजन के साथ भाजपा के सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा भाजपा रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेगी।इस अवसर पर सांसद रविन्दर कुशवाहा, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम,जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, प्रदेश संयोजक प्रवासी प्रकोष्ठ राजेश सिंह दयाल, लोकसभा संयोजक विनोद दुबे, लोकसभा प्रभारी बलराम उपाध्याय, विधानसभा प्रभारी अश्वनी सिंह, पूर्व विधायक धनन्जय कन्नौजिया, जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, श्याम जायसवाल, लोकसभा मीडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स, दुर्गेश पाण्डेय, वीरेन्द्र कुशवाहा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीराम यादव, मूसा रजा लारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू, संदीप सिंह टिक्कू, अमरेश सिंह बबलू, बलबीर सिंह दादा, श्याम जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष बृजेश धर दूबे, अभय सिंह विशेन, संजय दूबे, कन्हैया लाल जायसवाल, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, बृजेश उपाध्याय, सन्तोष पटेल, सत्यप्रकाश सिंह, अशोक कुशवाहा, शम्स परवेज, शेषनाथ भाई, लल्लन सिंह, विनय पाण्डेय, उमाकांत मिश्र, अमरदत्त यादव, मुरली मिश्र, अरुण सिंह, धनन्जय कुशवाहा, दीपक श्रीवास्तव, अनिल ठाकुर, अशोक प्रजापति, अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### पहले प्रयास में ही शुभांक बने सहायक श्रम आयुक्त

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर,देवरिया।** पहले प्रयास में ही शुभांक संजीव का चयन सहायक श्रम आयुक्त के पद पर हुआ है। यूपीएससी दिल्ली द्वारा जारी अन्तिम सूची के अनुसार भारत की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में शुभांक को अखिल भारतीय स्तर पर 15वां स्थान प्राप्त हुआ है। शुभांक मूल रूप से स्थानीय तहसील के भागलपुर विकास खण्ड अन्तर्गत बभनियांव गांव के रहने वाले हैं।इनकी प्रारम्भिक स्कूली शिक्षा सलेमपुर के मानवस्थली पब्लिक स्कूल में हुई। इनके पिता संजीव दुबे भूतपूर्व बैंक एवं सरकारी अधिकारी हैं। माता रेणु दुबे मानवस्थली पब्लिक स्कूल की प्रबंधक हैं। इनकी इस सफलता पर क्षेत्र के लोग गौरवान्वित हैं।

### महिला चेयरमैन ने आयोजित कराया होली मिलन समारोह

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी देवरिया।** आदर्श नगर पंचायत भाटपार रानी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब महिला चेयरमैन द्वारा महिला होली मिलन समारोह का आयोजन कर भाटपार रानी नगर क्षेत्र के अन्दर स्थित रानी पोखरा के भव्य रूप छठ घाट पर बड़े ही धूम धाम के साथ आयोजित हुआ। इस महिला होली मिलन समारोह का आयोजन रंग पर्व होली पर नगर पंचायत भाटपार रानी की विकासशील नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता गुप्ता के द्वारा किया गया था। यहां महिला होली मिलन समारोह में सैकड़ो की संख्या में महिला, बच्चे, एवं युवतियां सभी मौजूद रहे। और होली मिलन कार्यक्रम में आयोजित रंगा रंग कार्यक्रम का लुत्फ उठा उठाया।होली मिलन कार्यक्रम में भाटपार रानी के स्टार गायक व इंडियन आइडियल में चयनित परमेश्वर पटवा रहे जो अपने मधुर गायकी से उपस्थित लोगो का मनोरंजन किया।

### समय पर पीड़ित की मदद सबसे बड़ी सेवा: डॉक्टर अजीथा

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की सभी इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन शुक्रवार को बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज आफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ डीएस अजीथा ने कहा कि समय पर पीड़ित की मदद करना सबसे बड़ी सामाजिकता है। डॉ अजीथा ने कहा कि हर जागरूक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार की जानकारी रहे तो समाज के लिए बड़ा योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अलग अलग परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार करने का तरीका भी समझाया। इस सत्र में अपने विचार रखते हुए गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस ने अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए अनुशासित होना अनिवार्य शर्त है। शिविर के छठवें दिन सुबह योग प्रशिक्षक सुश्री चिन्मयी (सहायक आचार्य आयुर्वेद संकाय) ने स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया। इसके बाद रासेयो की सभी इकाई के स्वयंसेवक अपने चयनित ग्राम में परियोजना कार्य करने पहुंचे। आर्यभट्ट इकाई एवं पारिजात इकाई द्वारा शिविर को स्वच्छ जागरूकता शपथ ग्रहण कराया गया जिसमे गांव के लोगो को जागरूक किया गया। सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा जागरूकता अभियान में मानीराम की ग्राम प्रधान पूनम सिंह का सहयोग मिला। इसी क्रम में माता शबरी इकाई द्वारा ग्राम सोनबरसा मे डिजिटल जागरूकता, साक्षरता अभियान के साथ बाल हिंसा के खिलाफ अभियान चलाया गया। नचिकेता इकाई ने ग्राम बालापार में स्वच्छता व गार्गी इकाई जे नशा मुक्ति अभियान चलाया। शिविर में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडेय, डॉ विकास कुमार यादव, कुंवर अभिनव सिंह राठौड़ आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

# शिक्षक बनने के मार्ग को प्रशस्त करता है सेवा पूर्व प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर आनंदनगर में लाल बहादुर शास्त्री स्मारक पी जी कॉलेज आनंदनगर महराजगंज के बीएड द्वितीय वर्ष सत्र 2023-24 के छात्राध्यापक, छात्राध्यापिकाओं का सेवा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राम पांडेय ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया निरंतर हमारे जीवन में चलती रहती है। शिक्षा में प्रशिक्षण के आधार पर ही विद्यार्थी जीवन की दिशा और दशा को सकारात्मक तरीके से सुनिश्चित किया जा सकता है। बी एड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर वैभव मणि त्रिपाठी ने कहा कि सेवा पूर्व प्रशिक्षण आगामी शिक्षक बनने के मार्ग को प्रशस्त करता है। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर संजय कुमार पांडेय रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्राध्यापक विवेक कुमार ने किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा मनमोहक गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रद्युम्न मिश्र, उप प्रधानाचार्य सुरेन्द्र राय, बी एड विभागाध्यक्ष डॉक्टर महीप कुमार पांडेय, डॉक्टर वैभव मणि त्रिपाठी, डॉक्टर शुभम श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार, मनींद्र तिवारी, राकेश मिश्रा, राजेश कुमार, एवं छात्र छात्रा- नंदिनी, पूर्णिमा, विशाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सादगी और ईमानदारी ने दिलाई 'बरहज का गांधी' की पहचान

**जन एक्सप्रेस/बरहज देवरिया।** भागलपुर ब्लॉक के ठेगवल दुबे गांव निवासी स्वामीनाथ को उनकी सादगी और ईमानदारी के कारण लोग बरहज का गांधी कहते हैं। यह उनकी छवि ही थी कि 1989 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उतरे और पहली बार में ही मोहन सिंह जैसे दिग्गज समाजवादी नेता को हरा दिया। दो बार के विधायक लेकिन सवारी आज भी साइकिल। पैतृक घर के अलावा कहीं कोई संपत्ति नहीं है। न बंगला, न गाड़ी। ऐसे हैं बरहज के पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव। भागलपुर ब्लॉक के ठेगवल दुबे गांव निवासी स्वामीनाथ को उनकी सादगी और ईमानदारी के कारण लोग बरहज का गांधी कहते हैं। यह उनकी छवि ही थी कि 1989 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उतरे और पहली बार में ही मोहन सिंह जैसे दिग्गज समाजवादी नेता को हरा दिया। उस चुनाव में उन्हें साइकिल चुनाव चिन्ह मिला था, वही बाद के वर्षों में उनका हमसफर भी बन गया।

# अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर समूचे प्रदेश मे पार्टी कार्यकर्ताओं ने सड़को पर उतरकर जोरदार धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौपे है।

ज्ञातव्य हो कि गुरूवार के रोज ईडी के अधिकारियो ने अरविन्द केजरीवाल को 10 नोटिस भेजे थे तथा ईडी कार्यालय मे अरविन्द्र केजरीवाल के उपस्थित न होने पर गुरूवार के रोज प्रवर्तन दल के अधिकारियो ने अरविन्द केजरीवाल के कार्यालय पहुॅचकर दो घंटे तक पूॅछताछ की तत्पश्चात गिरफ्तार कर लिया था। अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी



की खबरें मीडिया के माध्यम से प्रकाशित होने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने सड़को पर उतरकर कड़ा विरोध जताना शुरू कर दिया था। शुक्रवार के रोज जिले के पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा भाजपा सरकार के विरूद्ध जबरजस्त नारेबाजी की तथा महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर महोबा को सौपा है।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने आल्हा चैक पर पार्टी कार्यकर्ताओं तथा आमजन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा है कि देश मे हिटलरशाही सरकार चल रही है। उन्होने कहा कि भाजपा को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द केजरीवाल से पराजय का भय सता रहा था इसलिए लोकसभा चुनाव के पहले अरविन्द्र केजरीवाल पर ईडी के माध्यम से कार्यवाही कराकर गिरफ्तार कर जेल की सलाखो के पीछे डाला गया है।

उन्होने कहा कि अरविन्द केजरीवाल वह व्यक्तित्व है जो जेल मे बंद होकर भी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और भारतीय जनता पार्टी को उनके कृत्यों का मजा चखायेंगे।

तत्पश्चात आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अरविन्द केजरीवाल की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर महामहिम को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा है।

# टाटा पॉवर ने अयोध्या में ई-मोबिलिटी समाधानों का किया विकास

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी, टाटा पॉवर और अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी (एडीए) ने शहर में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। इस रणनीतिक गठबंधन का उद्देश्य अयोध्या में इलेक्ट्रिक वाहन को अपनाने में तेजी लाना और परिवहन के सस्टेनेबल साधनों को बढ़ावा देना है। इस परियोजना द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करके अयोध्या और नजदीकी मुख्य शहरों के बीच महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी स्थापित की गई है। महत्वपूर्ण मार्गों, जैसे एनएच27 द्वारा अयोध्या से लखनऊ के बीच, एनएच330 द्वारा अयोध्या से राय बरेली के बीच, एनएच330 द्वारा अयोध्या से प्रयागराज के बीच और एनएच27 द्वारा अयोध्या से गोरखपुर के बीच स्थित ये स्टेशन यात्रियों और यहाँ के स्थानीय लोगों के यात्रा के अनुभवों में काफी सुधार ले आएंगे।




21 मार्च, 2024 को अयोध्या में कलेक्टर कार्यालय, एमएलसीपी पार्किंग में इन स्टेशनों का आधिकारिक अनावरण कर उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अयोध्या और टाटा पॉवर के गणमान्य लोग मौजूद थे, जिन्होंने इस दूरदर्शी परियोजना के लिए अपने सहयोग का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में मुख्य शहरों को जाने वाले चार इलेक्ट्रिक वाहनों को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में मौजूद महत्वपूर्ण अतिथियों में अयोध्या के कमिश्नर, गौरव दयाल और अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी (एडीए) के वाईस चेयरमैन, अश्विनी पांडे ने स्थानीय अधिकरणों का प्रतिनिधित्व किया। टाटा पॉवर की ओर से दीपेश नंदा, प्रेसिडेंट-रिन्युएबल्स, सीईओ एवं एमडी-टीपीआरईएल के साथ वीरेंद्र गोयल, हेड बिज़नेस डेवलपमेंट (ईवी), रामकृष्ण सिंह- हेड- बिज़नेस ऑपरेशंस (ईवी) भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

टाटा पॉवर रिन्युएबल एनर्जी लिमिटेड के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, दीपेश नंदा ने कहा, अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी के साथ इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशंस परियोजना को पूरा करने की आज की उपलब्धि एक हरित भविष्य के लिए हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। ये स्टेशन इनोवेशन और पर्यावरण का ख्याल रखने का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में यह अभियान नेट जीरो उत्सर्जन की ओर हमारे देश की गति तय करेगा। आवागमन के सस्टेनेबल समाधानों को बढ़ावा देकर हम न केवल स्थानीय परिवहन में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं, अपितु देश को हरित भविष्य की ओर ले जाने के उद्देश्य में अपना योगदान भी दे रहे हैं। हम मिलकर सभी के लिए एक सस्टेनेबल भविष्य को आकार दे रहे हैं।

## एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को सुनाई गई 02 वर्ष की सजा व 2000 रू0 जुर्माना

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। जनपद में एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को न्यायालय ने दो वर्ष की सजा तथा रू.2000 जुर्माना सुनाया है। मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त उदयभान पुत्र शिवराज नि0 केवलापुर थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा के पास से अवैध मादक पदार्थ की बरामद हुआ था। जिसके बाद अभियुक्त के विरुद्ध थाना को0 उतरौला प एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियोग की विवेचना उ0नि0 शम्भू सिंह द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में मुकदमे के दौरान विचारण अभियोग की पैरवी मानीटरिंग सेल की नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव के नेतृत्व में मानीटरिंग सेल प्रभारी सर्वेन्द्र नाथ व नागेन्द्र प्रताप पाण्डेय विशेष लोक अभियोजक एवं थाना को0 उतरौला पुलिस के न्या0 पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी की। जिसके परिणाम स्वरूप शुक्रवार को न्यायालय ASJ/स्पे0 जज एन0डी0पी0एस0 एक्ट बलरामपुर द्वारा धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट में अभियुक्त उदयभान उपरोक्त को 02 वर्ष कारावास व 2000 रु0 अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में छठवें दिन योग शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर अंतर्गत छठवें दिन बलरामपुर देहात के रंजीतपुर गांव में एमएलके पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर मे योग के माध्यम से शरीर को निरोग रखने के टिप्स सिखाकर सेहतमंद रहने के लिए प्रेरित किया गया।

जानकारी के अनुसार 22 मार्च को आयोजित योग शिविर में योग शिक्षिका रेखा मिश्रा ने स्वयंसेवकों को प्राणायाम, शीर्षासन, चक्रासन सहित विभिन्न आसनों और योग से होने वाले लाभ को बताया। शिविर के द्वितीय सत्र में संयुक्त जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य विभाग की टीम जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पांडे, अविनाश विक्रम सिंह, शिवेंद्र सिंह, अनुराधा तिवारी, सूर्य मणि त्रिपाठी द्वारा स्वयंसेवकों को एनीमिया, टीवी, टाइफाइड, डेंगू, मलेरिया से संबंधित जानकारी देते हुए उनके रोकथाम के उपाय बताया




गया। महिला काउंसलर अनुराधा तिवारी ने स्वयंसेविकाओं से विशेष वार्ता कर उनकी समस्याओ का उपाय बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका ने काउंसलर अनुराधा तिवारी का बैच लगाकर स्वागत किया और एनएसएस मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला ने जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पांडे सहित पूरी डॉक्टर्स टीम का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। स्वस्थ विभाग के अबिनाश सिंह ने स्वयंसेवकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने ग्रामीणों को जागरूक करें की उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में जाएं। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के डॉ ऋषि रंजन पांडे ने भी योग तथा अध्यात्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेन्द्र भट्ट ने किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश शुक्ला ने स्वस्थ विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मनस्वी, ममता, मांडवी सहित सैंकड़ों स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची से वंचित नागरिक 29 अप्रैल तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें एवं लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करें। यह अपील करते हुए डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि ऐसे युवा/नागरिक जो की 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं एवं उनका नाम मतदाता सूची में नही है,उनको मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की ऑनलाइन सुविधा दी जा रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर फॉर्म - 06 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल निर्धारित की गई हैं। उन्होंने कहा की सभी जागरूक नागरिक बने एवं मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज कराए तथा मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया की मतदान के दिन बूथ पर चुनाव आयोग द्वारा वोटर आईडी कार्ड सहित 12 मान्य पहचान पत्रों में से किसी से भी वोट दिया जा सकता हैं। आधार कार्ड,मनरेगा जॉब कार्ड,बैंक या डाकघरों के फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय का स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र मान्य होंगे।

# होली के दौरान हाई अलर्ट पर रहेंगी 108 व 102 एम्बुलेंस

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

होली को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने जिले भर में चलाई जा रही एंबुलेंस सेवा को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए है। वहीं अयोध्या जिलाधिकारी ने होली के मौके पर होने वाले हादसे अथवा अन्य तरह से बीमार मरीजों को अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाने के एवज में इमरजेंसी सेवा देने के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। डीएम ने जनता से अनुरोध करते हुए अपील किया की है कि किसी भी प्रकार की इमर्जेंसी होने पर वह तत्काल 108अथवा102 पर फोन कर सरकारी एम्बुलेंस सेवाएं ले सकता हैं।

जिसके बाद इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा कुछ ही मिनट में आपकी मदद के लिए पहुंचेगी। यह सेवा त्यौहार के दौरान 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाएं 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को दी है।

एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था के प्रोग्राम मैनेजर दीपक अस्थाना ने बताया कि होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एम्बुलेंस रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही एम्बुलेंस से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है।

### इन सभी एंबुलेंस पर जीवनरक्षक दवाओं के साथ प्रशिक्षित स्टाफ भी तैनात होंगे




उन्होंने ने बताया कि सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित, या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर तत्काल सूचना दी जा सकती है। 108 एम्बुलेंस जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर सेवा देगी। सभी एम्बुलेंसों में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है।

### 102 एंबुलेंस भी रहेगी अलर्ट

होली के त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व 2 साल तक के बच्चों को सेवाएं देने के लिए विशेष कर 102 एंबुलेंस सेवा को भी 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रदेश में 108 सेवा की 2200 एंबुलेंस और 102 सेवा की कुल 2270 एंबुलेंस 24 घंटे संचालित हैं। आवश्यकता पड़ने एम्बुलेंस 102 या 108 पर कॉल करके निशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है।

## आगामी त्योहारों और लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और आबकारी विभाग ने छेड़ा अभियान

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली के त्योहार के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में आबकारी विभाग द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है उसी क्रम में क्षेत्र-03 जलालपुर में क्षेत्राधिकारी जलालपुर देवेन्द्र कुमार मौर्य एवं आबकारी निरीक्षक जलालपुर द्वारा जनपद एवं आजमगढ़ की सीमा के निकट स्थित शराब की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया शराब के दुकानों के विक्रेताओं को नियमानुसार दुकान के संचालन हेतु निर्देशित किया गया।




# बूथ जीतने के लिए पदाधिकारियों में आपसी समन्वय आवश्यक: सांसद लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

लोक सभा क्षेत्र के सभी 24 मंडलों की बैठकें सम्पन्न हो गई। चुनावी व्यूह रचना को लेकर पदाधिकारियों में आपसी समन्वय के लिए प्रथम चरण में मंडलों बैठकों का आयोजन किया गया था। द्वितीय चरण में शक्ति केन्द्रों व बूथ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। शुक्रवार को मिल्कीपुर मंडल, रानी बाजार मंडल व अयोध्या मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। मिल्कीपुर मंडल की बैठक व्यापार भवन मिल्कीपुर तथा रानी बाजार मंडल की बैठक चुनाव कार्यालय प्रभात नगर में तथा अयोध्या मंडल की बैठक यशोदा लॉन अचारी के सागरा में आयोजित की गई। लोकसभा चुनाव संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने सांगठनिक रिर्पोट पदाधिकारियों से लिया।




मिल्कीपुर मंडल की बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा बूथ विजय ही चुनाव जीतने की सीढ़ी है। बूथ जीतने के लिए पदाधिकारियों में आपसी समन्वय आवश्यक है। पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाते हुए टोली बनाएं। जो घर-घर जा कर सम्पर्क व संवाद के जरिए लोगों को सरकार की उपब्धियों के बारे में बताए। लोक सभा संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पिछली बार से अधिक मत प्राप्त करने का संकल्प लेकर कार्यकर्ता जनसम्पर्क में जुट जाएं। बीकापुर विधान सभा संयोजक सोमनाथ वर्मा ने कहा मंडल के पदाधिकारी बूथ के कार्यकार्ताओं को साथ लेकर जनसम्पर्क अभियान में लग जाएं। विजय का अंतर पिछली बार से अधिक हो इस संकल्प के साथ अपने दायित्व क्षेत्र को ही अपनी लोकसभा मानते हुए व्यापक जनसम्पर्क व लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएं। मिल्कीपुर की बैठक में लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, ओम प्रकाश सिंह, राधेश्याम त्यागी, अशोक मिश्र, बब्लू पासी, जर्नादन मौर्या, अजय तिवारी, राघवेन्द्र पाण्डेय, रामसजीवन मिश्र, अरूण गुप्ता प्रभात नगर की बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विधान सभा संयोजक राम कृष्ण तिवारी, सहसंयोजक इं रणवीर्र संह, अयोध्या मंडल की बैठक में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, विधानसभा प्रभारी अशोक कसौंधन, शिवनारायण तिवारी, बाल कृष्ण वैश्य, तिलकराम मौर्या, शैलेन्द्र कोरी सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसानों ने फसलों के लिए काल बने आठ सांड़ों को घेराबंदी कर धर दबोचा

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। फसलों को लगातार निवाला बना रहे छुट्टा पशुओं से तंग किसानों ने फसलों के लिए काल बने आठ सांड़ों को शुक्रवार को घेराबंदी कर धर दबोचा। इतना ही नहीं पकड़े गए सांड़ों को एक जगह बांध कर स्थानीय प्रशासन को सूचित किया। सूचना के बाद भी प्रधान और सचिव के न आने पर आक्रोश जताया है।सोहावल तहसील क्षेत्र के मुस्तफाबाद के मजरे लोधे उपाध्याय के पुरवा में शुक्रवार को किसान छुट्टा पशुओं के आतंक को लेकर एकजुट हो गए। लम्बे समय से फसलों को नुकसान पहुंचा रहे आठ सांड़ों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। किसान संदीप पांडेय, गौरव पांडेय, विकास और लवकुश के नेतृत्व में जुटे किसानों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद इन सांड़ों को पकड़ा। किसानों ने बताया कि गुरुवार देर रात अभियान चला कर इन्हें गांव के विभिन्न क्षेत्रों से पकड़ा गया। बताया कि सूचना देने के बाद भी प्रधान और सचिव मौके पर नहीं आए। खंड विकास अधिकारी भावना यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया छुटा पशुओं को पिरखौली गौशाला भेजने की तैयारी की जा रही है।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम की निभाई गई औपचारिकता

जन एक्सप्रेस | मिल्कीपुर-अयोध्या

मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय किनौली में हमारा आंगन, हमारे बच्चे, कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम महाजन रस्म अदायगी तक सीमित रहा। शिक्षा क्षेत्र स्थित 10 न्याय पंचायतों के विभिन्न विद्यालयों के 50 निपुण बच्चों को बैग, पेंसिल, रबर, कटर और एक कापी देकर सम्मानित किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी।

न्याय पंचायत के सभी विद्यालय से दो बच्चे बाल वाटिका के तथा दो बच्चे कक्षा 1 से 3 तक कुल एक विद्यालय पांच बच्चों को सम्मानित किया जाना था। शिक्षा क्षेत्र के दस न्याय पंचायत से 50 बच्चे बाल वाटिका निपुण कार्यक्रम में शामिल हुए। शासन की ओर से निपुण बच्चों को करीब 250 रूपए कीमत की टी एल एम किट वितरित किया जाना था। जिसमें बैग, पेंसिल, कटर, रबड़, जमेट्री, कहानियों की पुस्तकें तथा कापी दी जानी थी, लेकिन कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बैग, एक रबर, एक पेंसिल, कटर तथा एक कॉपी दी गई है। सूत्रों की माने तो 12 हजार 500 रुपए टीएमएल किट के नाम पर खर्चे तो कर दिया गए लेकिन बच्चों को किट के माध्यम से जो सामान मिलने थे, वह पूरे नहीं मिल सके।खंड शिक्षा अधिकारी अजय त्रिपाठी से जब पूछा गया कि बच्चों को जो किट वितरण किया गया है सारे सामान इसमें क्यों नहीं है, तो उन्होंने कहा कि

अचानक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे सारी किताबें उपलब्ध नहीं हो सकी, फिलहाल जल्द ही किताबें बंटवा दी जाएगी। सूत्रों की माने तो कार्यक्रम में 50 छात्र, 50 अभिभावक, 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों कुल 150 लोगों को शामिल होना था। जिनके नाश्ते के लिए 100 रूपए प्रति व्यक्ति कुल 15 हजार रुपए विभाग ने मुहैया कराया था।

लेकिन कार्यक्रम में तो 50 बच्चे, लगभग 30 से 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं कुछ अभिभावक ही शामिल हुए थे। नाश्ते के नाम पर करीब 25 से 30 रुपए ही प्रति व्यक्ति खर्च किए गए। इस प्रकार से शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना पर भी जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी मनमानी का चाबुक चला दिया है।

### * शासन से प्राप्त धन के सापेक्ष नौनिहालों में नहीं वितरित की जा सकी किट

## मंडल अध्यक्षों का हुआ चयन

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

चुनाव की सरगर्मी को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी में नए मंडल अध्यक्षों के चयन एवं पुराने मेहनती मंडल अध्यक्षों पर विश्वास व्यक्त करके उनका चयन किया गया है जिसमें बीकापुर मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने बताया कि मंडल बीकापुर का औपचारिक गठन करके संस्तुति के लिए जिलाध्यक्ष को लिस्ट सौंप दी गई हैं। जल्द ही जिलाध्यक्ष की संस्तुति के बाद पदों का ऐलान किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने भाजपा के पदाधिकारी पर विश्वास व्यक्त करते हुए चुनाव में बूथ स्तर पर अपनी पार्टी द्वारा जन-जन के विकास एवं प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास में किए गए कार्यों से क्षेत्र के मतदाताओं को अवगत करवाने का विश्वास व्यक्त किया है। जिससे श्री उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र के किसी भी बूथ विपक्षियों की दाल नही गलने दिया जाएगा।

तथा पार्टी से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं युद्ध स्तर से लगाकर पार्टी के प्रत्याशी को विजय दिलाने का आह्वान किया है।

## लेखपालों के ट्रांसफर में उड़ी नियमों की धज्जियां

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर

जनपद के अकबरपुर तहसील क्षेत्र में कार्यरत लेखपालों का पिछले दिनों हुआ ट्रांसफर सवालों के घेरे में आ गया है। बताया जाता है कि कुछ लेखपालों का ट्रांसफर उस जगह कर दिया गया है, जहां के वह स्थायी निवासी है। इसके साथ ही जुगाड़ वाले लेखपालों को मनमानी तरीके से ट्रांसफर कर लाभ दिया गया। अकबरपुर में तैनात आधादर्जन लेखपालों का आचार संहिता लगने से पहले उनके कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया था। इस दौरान लेखपालों के ट्रांसफर में जमकर मनमानी बरती गई। नियमों को दरकिनार कर दिया गया। नियम की बात करें तो लेखपाल की तैनाती उनके गृह ब्लाक में नहीं हो सकती है, लेकिन जिन लेखपालों का ट्रांसफर हुआ, उनमें इसका ध्यान नहीं दिया गया। सबसे ज्यादा चर्चा लेखपाल जय प्रकाश वर्मा को लेकर है।बताया जाता है की वह मीरानपुर और सिझौली का अब तक कार्यभार देख रहे थे। अब इनको सिझौली के साथ शहजादपुर का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है। जबकि वह पिछले कई सालों से शहजादपुर के इंद्रलोक कालोनी में रहते है और वहां के स्थायी निवासी बन गये है। मामले में एसडीएम पवन जायसवाल ने बताया कि लेखपाल को उनके गृह ब्लाक में तैनात नही किया जा सकता है। उन्होंने कहाकि मामले की जांच कराई जा रही है।

इसी प्रकार अन्य तहसीलों में मोहम्मद साहिल अकबरपुर जनपद मुख्यालय पर ही इन लोगों का घर है और मुख्यालय पर ही तैनाती है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' ने अयोध्या में किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनके दिल्ली आवास से बृहस्पतिवार देर शाम प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने गिरफ्तार करने की जैसी ही जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओं को मिली तो दिल्ली के कार्यकर्ता उनके आवास के बाहर पहुँचने लगे। प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने जानकारी देते हुये बताया कि इस गिरफ्तारी के विरोध में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के जिला मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया।

अयोध्या में जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन्स स्थित गाँधी पार्क पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया।



इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा है आप उनको गिरफ्तार कर सकते हैं उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करेंगे..... तुम एक केजरीवाल गिरफ्तार करोगे.. हजार केजरीवाल पैदा हो जाएंगे। इस प्रदर्शन में जिला महासचिव सुनील राजीव पाठक संदीप पटेल जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश मौर्य गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष मोहित महाराज प्रदेश सचिव रितेश सिंह प्रदेश महासचिव खेल प्रकोष्ठ मौर्य यूके द्विवेदी गुड़िया राईन नीलेश चतुर्वेदी तेज नारायण मौर्य मिल्कीपुर प्रभारी हर्षवर्धन कोरी मोहम्मद इसराइल घोसी विद्यावती वर्मा स्वर्णिम वर्मा सूर्यपाल रमेश कुमार रमेश कुमार संतोष कोरी मो फरीद अहमद इरशाद हुसैन मौजूद रहे।

## संस्था द्वारा दो सौ रोजेदार परिवारों को सौंपी गई रमज़ान किट

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

जनपद में विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी **गेटवेल चैरिटेबल** जलालपुर के द्वारा सैकड़ों परिवारों के बीच रमज़ान किट का वितरण किया गया। समिति के संयोजक मौलाना अकील अब्बास जैनबी ने बताया कि यह संस्था पिछले कई वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में समाज के निःसहाय गरीब परिवार का सहयोग करती आ रही है। कहा की आज भी हमारे समाज में कई ऐसे परिवार हैं जिनको सही से इफ्तारी नसीब नही होती उसके बाद भी तरह तरह की परेशानी उठाने के बाद भी रोज़ा रख कर इबादत करते है। रमज़ान महीने की महत्त्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस्लाम धर्म में रमज़ान महीने का बहुत बड़ा महत्व है इस महीने में लोग ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने की कोशिश करते है। इस महीने में लोग अपनी-अपनी हैसियत के हिसाब से ज़कात सदका फितरा आदि के रूप में गरीब निःसहाय परिवार का सहयोग करते है।

समिति में कार्यरत मोहम्मद अली ने कहा कि समाज में निवास कर रहे गरीब निःसहाय परिवार के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जरूरतमंदों की जरूरत को पूरा करने के लिए संस्था विगत कई वर्षों से इस प्रकार के विभिन्न कार्य करती आ रही है। रमज़ान किट में आटा, चावल, तेल, दाल, चीनी, चायपत्ती, खजूर आदि सामान होता है। स्वास्थ्य के विषय पर बात करते हुए कहा कि यह संस्था पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य क्षेत्र मे भी जाति धर्म से ऊपर उठकर कर जरूरतमंदों की सेवा कर रही है।

# मेरठ के बदमाश फरमान, रामपुर के रिजवान ने पूरनपुर के किराना व्यापारी के घर डाली थी डकैती

* कलीनगर रोड पर घेराबंदी के दौरान बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़
* 3.5 लाख की नगदी, कार, मोबाइल, डीवीआर आदि सामान बरामद

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत







**पूरनपुर।** किराना व्यापारी के परिवार को गन पॉइंट पर लेकर शरेशाम डकैती की वारदात को अंजाम देने के बाद से फरार चल रहे मेरठ और रामपुर के दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कार,लूटी गई नगदी,डीबीआर मोबाइल आदि बरामद किया है। वारदात में शामिल अन्य तीन बदमाशों के बारे में भी पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नगर से दो कि.मी दूर पूरनपुर बायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर गांव रम्पुरा निवासी किराना व्यापारी सुनील गुप्ता 30 जनवरी की रात्रि लगभग 8:00 बजे दुकान बंद कर द्वितीय तल पर बने मकान मे जा रहे थे।इसी दौरान कार सवार हथियारबंद पांच डकैतों ने व्यापारी के घर धाबा बोल दिया था।परिवार को गन पॉइंट लेकर बंधक बनाने के बाद घर में रखी 15 लाख की नगदी, लाखों रुपए की ज्वैलरी, मोबाइल आदि सामान लूट कर फरार हो गए थे। डकैतों ने पुलिस से शिकायत पर किराना व्यापारी को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी थी।वारदात का राजफाश करने के लिए तत्कालीन एसपी अतुल शर्मा ने चार टीमें गठित की थी।डकैतों की तलाश में पुलिस की चारों टीमें उत्तराखंड, मेरठ दिल्ली आदि जगह पड़ताल करने में लगी हुई थी।तमाम प्रयासों के बाद भी डकैतों का कोई सुराग नहीं लगा था। नवागत एसपी अविनाश पांडे ने किराना व्यापारी के घर पहुंच कर वारदात की नए सिरे से पूछताछ कर राजफाश के प्रयास शुरू किए थे। गुरुवार रात्रि पुलिस पुलिस को जानकारी मिली कि किराना व्यापारी के घर हुई डकैती में शामिल बदमाश दूसरी वारदात को अंजाम देने की फिराक में कार से पूरनपुर की ओर जा रहे हैं। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास चेकिंग शुरू कर घेराबंदी के लिए टीमें लगा दी।पुलिस को देख बदमाश कार से कलीनगर रोड की ओर भागने लगे।घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया।मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने डकैती की वारदात में शामिल फरमान पुत्र हनीफ कुरैशी निवासी मेरठ,रिजवान उर्फ बॉबी पुत्र खैराती कुरैशी निवासी पंजाबी कॉलोनी रामपुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों ने किराना व्यापारी के घर डकैती की वारदात को स्वीकार किया। पुलिस ने बदमाशों के पास से घटना में शामिल कार, मोबाइल फोन, डीवीआर, 3.5 लाख की नगदी,दो अवैध तमंचा,दो कारतूस बरामद किए।फरार चल रहे तीन बदमाशों के बारे में भी पुलिस ने पड़ताल शुरू की है।

### फरमान पर पांच रिजवान पर 19 प्राथमिक

किराना व्यापारी के परिवार को बंधक बनाने के बाद गन पॉइंट पर लेकर डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश पेशेवर है। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए रिजवान उर्फ बॉबी पर बरेली, बुलंदशहर, मेरठ, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, बाजपुर,आदि थानों में लूट, गोकशी, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, डकैती,चोरी की 19 प्राथमिक दर्ज है। फरमान पर शामली,मेरठ के थाना पर गैंगस्टर,शस्त्र अधिनियम, मारपीट,बलवा आदि की पांच प्राथमिकी दर्ज है।

### एसपी ने 25000 का दिया इनाम



संजीव कुमार शुक्ला इंस्पेक्टर, हरसिंह पाल अपराध निरीक्षक, उप निरीक्षक प्रताप सिंह,जसवीर सिंह,प्रकाश चंद शर्मा, प्रध्दुम्न कुमार, कांस्टेबल राजू वर्मा,सुरेंद्र कुमार,लोकेश सोम, प्रिंस कुमार, मोनू कुमार, सर्विलांस प्रभारी सुनील कुमार आदि शामिल रहे है। वहीं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने पुलिस टीम को 25000 का नगद पुरस्कार दिया।

> मेरठ के फरमान और रामपुर निवासी रिजवान ने अपने तीन अन्य साथियों की मदद से किराना व्यापारी के वारदात को अंजाम दिया था। मुठभेड़ में दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।बदमाशों के पास से 3.5 लाख की नगदी,कार सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।फरार चल रहे तीनों बदमाशों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
> –अवनीश पांडे, एसपी पीलीभीत।

# कहां गए वो दिन न रंगीन चेहरे और न रंगों से सरावोर लोग

* पूरनपुर में होली से एक सप्ताह पहले ही मचने लगती थी धूम, उड़ने लगता था गुलाल
* राहगीरों के लिए मुश्किल होता था पिचकारी लेकर गली में घूम रहे बच्चों से बचना

जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा



**पूरनपुर।** हाथ में पिचकारी लेकर बच्चों का राहगीरों के पीछे दौड़ना। बाजार में धूम और अबीर गुलाल का उड़ना। रंग चलने के दौरान लोगों का छिप छिपाते हुए निकलना। पूरनपुर में यह सब होली के सप्ताह भर पहले ही शुरू हो जाता था। पहले होली पर्व पर बच्चों, युवाओं के अलावा बुजुर्गों में भी काफी उत्साह देखा जाता था लेकिन अब ऐसा नजर नहीं आता। होली पर्व रंगों का पर्व है। सोमवार होलिका स्थल पर आखत डालने के साथ रंगों की बौछार होगी। हालांकि कुछ साल पहले यह बौछार पर्व के कई दिन पहले ही शुरू हो जाती थी। पुराने दौर की बात करें तो इस पर्व को लेकर आने को लेकर लोगों में एक माह पहले से ही उत्साह देखा जाता था। पूरनपुर में होली के सात दिन पहले से ही जमकर रंगबाजी होने लगती थी। रंगों की पिचकारी लेकर गली मोहल्लों में घूमते बच्चे जो राहगीरों को निशाना बनाकर दौड़ाकर रंगते थे। पिचकारी की धार से राहगीरों को भिगोकर खिल खिलाकर हंसते थे। हुरियारों का हुजूम भी सप्ताह भर पहले से ही मस्ती शुरू कर देता था। कुद लोगों का कहना है कि अब हुरियारों की मस्ती की धूम भी कम देखी जा रही है। होली की रंगत भी बाजार में उतनी नहीं जितनी पहले हुआ करती थी। अब तो ऐसा लगता है कि मानो लोग मजबूरी में पुरानी परंपरा निभा रहे हो। अब पहले वाली होली नहीं रही। न तो कहीं रंग फिक रहा है और न ही बच्चे पिचकारी लेकर राहगीरों के पीछे दौड़ रहे हैं। वो दौर कहां गुम हो गया जब होली आने से पहले ही जमकर मस्ती होने लगती थी।

### बढ़ती मंहगाई और बदलते दौर ने कम किया होली का उत्साह

नगर में होली पर्व के सप्ताह भर पहले से ही लोग एक-दूसरे को जमकर रंगना शुरू कर देते थे। लोग भी रंग लगने पर बुरा नहीं मानते थे लेकिन अब तो पर्व से पहले रंग लगते ही लड़ाई झगड़े शुरु हो जाते हैं। बढ़ती महंगाई और लोगों के बदलते मिजाज व दौर से होली पर्व का उत्साह कम होता जा रहा है। बताते हैं कि पूरनपुर में होली के कई दिन पहले से ही बाजार में रंगबाजी होती थी जो रोजाना दोपहर तक चलती थी। इससे देहात क्षेत्र से लोग बाजार में खरीददारी करने के लिए दोपहर बाद आते थे। ताकि रंगों से खुद और कपड़ों को रंगने से बचाया जा सके। अधिकांश ग्रामीण तो रंगबाजी होने के डर से पुराने परिधान पहनकर ही नगर में घरेलू और जरूरी सामान खरीदने आते थे।

### मुख्य जगहों पर चस्सा होते थे हंसी ठिठोली वाले स्लोगन

होली पर्व सनातन धर्म में विशेष रूप से उत्साह का पर्व होता है। क्योंकि हिन्दू नव वर्ष भी इसी समय पतझड़ के साथ होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होता है। कुछ साल पहले मनाई जाने वाली होली के उत्साह की बात करें तो शहर से गांवों में जगह-जगह गांव के प्रतिष्ठित लोगों के नाम लिखकर हंसाने गुदगुदाने वाले स्लोगन लिखे पंपलेट चस्पा होते थे जो कम शब्दों में पूरी जानकारी देते थे। यह पंपलेट लोगों को हंसने पर मजबूर कर देते थे। इसके ऊपर लिखा होता था बुरा न मानो होली है। इन्हें चोरी चुपके से दीवारों आदि जगहों पर चस्पा किया जाता था लेकिन अब पिछले कुछ सालों से ऐसा नजारा देखने को नहीं मिलता है।

# अभिभावक बनकर की कॉल, प्राइवेट शिक्षक के खाते से उड़ाए 45 हजार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

* एकाउंट चेक करने पर ठगी की लगी जानकारी
* फाड होने की जानकारी पर शिक्षक के उड़े होश, पुलिस को दी तहरीर

**पूरनपुर।** स्कूल में अध्ययनरत छात्र की फीस जमा करने की बात कहकर साइबर ठग ने एक प्राइवेट स्कूल के शिक्षक को अपने जाल में फंसा लिया और 45 हजार रुपए का चूना लगा दिया। बैंक से रुपए डिबेट होने का मैसेज आने पर शिक्षक को ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। होली के पर्व पर हजारों रुपए का नुकसान होने से शिक्षक काफी परेशान हैं।

साइबर ठग नए-नए तरीकों से भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसा उनसे रुपए ऐंठ रहे हैं। पूरनपुर क्षेत्र में आए दिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। अब एक और व्यक्ति को साइबर ठग ने अपना शिकार बना लिया। गांव घुंघचाई के रहने वाले शिवओम त्रिवेदी बेसिक शिक्षा परिषद से प्राइवेट स्कूल चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उनके नंबर पर किसी व्यक्ति ने फोन काल की और छात्र की फीस जमा करने की बात कही। उस व्यक्ति ने गूगल यूपीआई नंबर या क्यूआर कोड मांगा। यूपीआई नंबर देने पर मैसेज आया जिसमें 50 हजार रुपए क्रेडिट लिखा था लेकिन यह मैसेज फर्जी था। कुछ देर बाद साइबर ठग ने फिर फोन काल की और धोखे से पांच की जगह 50 हजार रुपए ट्रांसफर होना बताया। उसने 45 हजार रुपए वापस मांगे। शिक्षक भी उसकी चाल को समझ नहीं सके और उसकी बांतों में आकर दो बार में 45 हजार रुपए यूपीआई नंबर पर सेंड कर दिए। बैंक से मैसेज आने पर शिक्षक को रुपए कटने का एहसास हुआ। उन्होंने तत्काल उसी नंबर पर काल की जो स्विच आफ हो गया। फाड होने से शिक्षक के होश उड़ गए। शिक्षक ने साइबर ठग पर कार्रवाई और रुपए वापस कराने की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। इसमें साइगर ठग का नंबर और उसके पेटीएम अकाउंट का भी हवाला दिया गया है।

# परिषदीय स्कूलों में चल रही वार्षिक परीक्षाएं, सरल पेपर आने से छात्र खुश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**पूरनपुर।** 20 मार्च से परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं हो रही हैं जो दो पालियों में कराई जा रही हैं। वार्षिक परीक्षा के तीसरे दिन शुक्रवार को कक्षा दो से आठ तक के छात्रों की हिन्दी, सामाजिक और अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। प्रश्नपत्र सरल आने पर छात्रों में खुशी देखी गई। पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के 397 परिषदीय स्कूलों में 52 हजार से अधिक छात्र पंजीकृत हैं। शासन के निर्देश पर 20 मार्च से स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं कराई जा रही हैं। इसमें कक्षा दो से आठ तक के छात्र श्ज्ञामिल हो रहे हैं। बतादें कक्षा एक के छात्रों की मौखिक परीक्षा होगी। वार्षिक परीक्षा के तीसरे दिन शुक्रवार को प्रथम पाली में कक्षा दो में हिन्दी और कक्षा तीन से आठ तक सामाजिक विषय का पेपर हुआ। द्वितीय पाली में कक्षा दो से आठ तक अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक की मौजूदगी में संबंधित विषयों के सील बंद पेपर खोले गए।

# परिवार नियोजन एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों के परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत आज सभागार कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया। उनके द्वारा उपस्थित सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को उत्साह वर्धन करते हुये भविष्य में अपने कार्य एवं दायित्वों का ईमानदारी एवं मेहनत से निर्वाहन करने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हरिदत्त नेमी द्वारा प्रतिभागियों को मेहनत एवं लगन से कार्य करने के लिये प्रेरित किया एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 राजेश कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 छत्रपाल सिंह, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ0 के0के0भट्ट, डॉ0 रतिका, डॉ0 नाजनीन आरा, आयुष एल0एम0ओ0, फार्मासिस्ट, स्टॉफ नर्स, ए0एन0एम0, आशा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तीन लाख के जेवर आदि सामान उठा ले गए चोर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मुफ्तीगंज।** बीती रात गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के निबिया टाड़ी नैपुरा गांव में हौसला बुलंद चोर दो घरों में चोरी कर 35 हजार नगदी सहित लगभग तीन लाख का सामान उठा ले गए।पीड़ित द्वारा चोरी की सूचना यू पी डायल 112 को दी गई मौके पर पुलिस पहुंच घटना की जांच पड़ताल कर वापस चली गई। जानकारी के अनुसार चोर गांव निवासी राम पलट नागर के घर के दरवाजा में लगेओ ताला को तोड़ कर घर में रखे दो जोड़ी मंगल सूत्र कंगन मांग टीका कड़ा करधन और तीस हजार रुपया नगद उठा ले गए।राम पलट रात में घरओ के मुख्य दरवाजा में तालाओ बंद कर लगभग 20 की दूरी पर सामने मडहे में परिवार संग सोए थे।वही पड़ोसी रामसेवक के घर में चोर छत के रास्ते घर में घुसकर कंगन चैन कड़ा कालानी दो जोड़ी मंगल सूत्र पैजनी कनफूल सहित घर में रखा 5000 नगद उठा ले गए।वही घर से कुछ दूरी पर दक्षिण पश्चिम की दिशा में खेत में एक बैग और कुछ सामान तीतर वितर दिखा है। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर बृजेश गुप्ता ने बताया की घटना की सूचना मिली है घटना जांच कर जल्द ही चोर पकड़ लिए जाएंगे।

### ट्रेन की ज़द में आने से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खेतासराय।** वाराणसी अयोध्या रेल खण्ड पर खेतासराय रेलवे स्टेशन से लगभग 800 मी दक्षिण क्षेत्र के तारगहना रोड के पास शुक्रवार की सुबह अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मृत्यु हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा तारगहना रोड के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक महिला की शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया। तो पता चला शव निर्मला देवी 46 पत्नी फूलचंद यादव निवासी ग्राम लाडपुर बक्श थाना दिदारगंज जनपद आजमगढ़ का है



जो 21 मार्च गुरुवार सायं 4 बजे घर से सरसों काटने के लिए निकली थी। देर शाम घर नहीं आई तो परिजनो ने खोजबीन किया ।कहीं पता न लगने पर परिजनों ने दीदारगंज थाने पर रात्रि मे ही गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई । खेतासराय पुलिस द्वारा रेलवे ट्रैक के किनारे महिला का शव सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त निर्मला देवी के रूप में किया । पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई।परिजनों ने बताया कि निर्मला देवी गंभीर बीमारियों से ग्रसित थी जिनके दो बेटी एक बेटा नीरजा देवी उम्र 26 वर्ष, विपिन कुमार उम्र 19 वर्ष तथा निधि 17 वर्ष है। पति फूलचंद रोजी-रोटी के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना मे काम करते हैं जो इस समय घर पर ही थे। इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया की महिला का शव रेलवे ट्रेक के किनारे मिला है। किसी ट्रेन से कटने की आशंका है। पी एम रिपोर्ट के बाद अग्रिम विधिक कारवाई की जाएगी।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 30 अप्रैल व दस्तक अभियान चलाया जाएगा अभियान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने कलेक्ट्रेट सभागार में 01 से 30 अप्रैल 2024 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल 2024 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुडे मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2024 तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 01 अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साप्ताहिक बन्दी के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है।



# चुनाव पाठशाला मे मतदाताओ ने वोट करने का लिया संकल्प

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के निर्देशन मे चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला लगाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय जपटापुर, ब्लाक शाहगंज में चुनाव पाठशाला आयोजित किया गया। जिसमे लोगो को आगामी 25 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इसके लिए बच्चों व अभिभावकों को संकल्प दिलाया गया तथा उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज अमरदीप जायसवाल ने मतदाताओ को जागरूक करते हुए कहा कि मतदाता बनना अपने आप मे एक गर्व की बात है इसलिए अपने कर्तव्य का पालन करते हुए 25 मई को मतदान जरूर करे क्योकि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओ का वोट करना जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों को जिम्मेदारी देते हुए कहाँ कि मतदान केंद्र स्तर पर व सभी विद्यालयो पर चुनावी पाठशाला लगाते हुए समुदाय के लोगो को जुटाऐ और लोगों को लोकतंत्र के महत्व के बारे मे बताते हुए मतदान करने के लिए जागरुक करें। जो मतदाता बाहर रह रहे हैं उन्हें भी मतदान करने के लिए बुलाने हेतु प्रेरित करें।

# ‘चरित्रवान हमेशा निर्भीक, निडर और साहसी होता है’

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**खुटहन।** निर्बल बलवान से, मूर्ख विद्वान से, निर्धन धनवान से डरता है, किंतु चरित्रवान व्यक्ति किसी से नहीं डरता है। वह ईश्वर में अगाध श्रद्धा के साथ साथ साहसी, निडर और निर्भीक होता है। उक्त बातें प्रख्यात कथावाचक पंडित मदन मोहन मिश्रा ने कदिरापुर गांव में शिव सेवा समिति के सौजन्य से आयोजित कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने रावण का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि वह बलवान इतना था कि चलने पर पृथ्वी कांपने लगती थी। धनवान ऐसा था कि सोने की लंका का मालिक था, विद्वता में वेदों पर वर्षों तक भाषण करता था, किंतु चरित्रवान ना होने के कारण आज भी उसका पुतला जलाया जाता है। उन्होंने कहा कि रावण ने मारीच को जानवर बनने के लिए कहा जबकि श्री राम ने सभी बंदरो में मनुष्यता स्थापित किया। मानवीय मूल्य में सामाजिक समरसता की पारदर्शिता को स्थापित करना श्री राम का कार्य है। समाज के सबसे बड़े व्यक्ति वशिष्ठ और निषाद राज को एक साथ मिला देना श्री राम का कार्य है। श्री मिश्र ने कहा अंदर और बाहर पवित्र होने पर ही भगवान का दिव्य दर्शन होता है। श्रोताओं को स्वामी बजरंग दास ने भी कथा का श्रवण कराया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता साधु तिवारी ने किया। आगंतुकों का स्वागत महेंद्र प्रताप तिवारी ने किया। विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने पहुंच कथा श्रवण किया।

# लेखपाल कानूनगो ने किया जेसीबी से मकान का हिस्सा ध्वस्त

* महिला ने जिलाधिकारी कार्यालय में लगाई फरियाद

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**शाहगंज।** उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मुक्त का नारा दे रही है। ऐसे में शाहगंज के शाहपंजा मोहल्ला निवासी सविता ने जिलाधिकारी जौनपुर को प्रार्थना पत्र देकर शाहगंज तहसील में कार्यरत लेखपाल एवं कानूनगो के ऊपर गंभीर आरोप लगायें है। उक्त महिला ने लिखित रूप से जिलाधिकारी जौनपुर कार्यालय में शाहगंज तहसील के लेखपाल ऋतुराज एवं कानूनगो संजय राय के उपर गम्भीर आरोप लगाये हैं। पीड़िता सविता ने लेखपाल एवं कानूनगो के ऊपर धन शोषण एवं मानसिक शोषण का आरोप लगाया। उन्होंने लिखित रुप से शिकायत में कहा कि लेखपाल द्वारा 90 हजार रुपए हमसे प्रोसेस फीस के तौर पर लिए गए। ज्ञात हो कि पीड़िता का निर्माणाधीन मकान शाहगंज नगर के पुराना मछरहट्टा में है। जिसका बेगैर नोटिस एवं। हमारी जानकारी के लेखपाल ऋतुराज एवं कानूनगो संजय राय जेसीबी लेकर गये और मकान का बड़ा हिस्सा ध्वस्त कर दिए। उक्त प्रकरण पर पीड़िता ने तत्काल उप जिलाधिकारी शाहगंज से संपर्क किया। जिस पर उप जिलाधिकारी ने घटना की जानकारी होने से अनभिज्ञता जाहिर की थी। वही लेखपाल ऋतुराज ने बताया कि सभी आरोप गलत है। जबकि पीड़िता का आरोप है कि हमारा नक्शा पास है। एवं नाली के अंदर चार फीट जगह छोड़कर मैं अपना मकान निर्माण कर रही थी एवं हमारा पड़ोसी भू माफिया है। जिसके इशारे पर यह कदम राजस्व अधिकारियों ने उठाया। जिलाधिकारी के समक्ष उपरोक्त प्रकरण में सम्मिलित सभी लोगों के ऊपर विधिक कार्रवाई की मांग की एवं इंसाफ के लिए भटकती महिला सविता अभी भी दर दर भटकने को मजबूर है।

# चुनाव के मद्देनजर एसपी ने परखी व्यवस्था

* बूथों व अर्धसैनिक बलों के रुकने के स्थान का किया निरीक्षण
* फ्लैग मार्च कर अराजक तत्वों को चेताया

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



शाहगंज लोकसभा चुनाव चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा ने जवानों संग फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सीओ अजीत सिंह चौहान मौजूद रहे। आदर्श चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर भ्रमण पर आयें कप्तान ने निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने हेतु फ्लैग मार्च किया। वहीं सेंट थामस इंटर कालेज में बने जवानों के आश्रय स्थल को भी देखा।भादी गांव स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। कोतवाली चौक से जेसीज चौक एवं राजकीय महिला महाविद्यालय से रोडवेज तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान सीआईएसएफ पीएसी और पुलिस के जवान मौजूद रहे। प्राइमरी स्कूल मतदान स्थल निरीक्षण कर निकलें अधीक्षक ने पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान और कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय को सख्त निर्देश दिया कि मतदान प्रक्रिया शुरू होने के बाद यह सुनिश्चित हों कि कोई भी बाहरी व्यक्ति किसी के घरों में न रुके। वहीं होटल लाज आदि पर निगरानी रखने। गुंडा एक्ट और गैंगस्टर जैसे अपराधी क्षेत्र में मौजूद न रहे। अराजक तत्वों को सम्बोधित धारा में पांवद किया जाये। होली का त्योहार के मद्देनजर भी दिशा निर्देश दिया। वहीं कोतवाली चौराहे पर पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा का स्वागत भाजपा नेता भुवनेश्वर मोदनवाल के नेतृत्व में एसपी को रामनामी पटका पहना स्वागत किया गया। सभासद अर्पित जायसवाल, श्रेयांश मोदनवाल, कृष्णकांत सोनी, प्रज्ञेश मोदनवाल, अक्षत अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# वृद्धा को जेब कतरी ने लगाया 48 हजार का चूना

**बैंक के अंदर शातिर ने दिया घटना को अंजाम**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



अचलगंज थाना क्षेत्र में बेटे को विदेश भेजने के लिए बैंक से रुपये निकालने आयी वृद्धा जेब करती का शिकार हो गई। दुपट्टे से मुंह लपेटे युवती ने उसकी पन्नी काट कर 48 हजार रुपए पार कर दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही।

अचलगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर ग्रंट निवासिनी फूल दुलारी पत्नी रामसजीवन अपने बेटे जीत बहादुर के साथ शुक्रवार दोपहर कस्बे स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से रुपये निकालने आयी थी। फूल दुलारी ने बताया कि उसने उन्नचास हजार रुपये निकाले थे। पूरी धनराशि पांच पांच सौ रुपये के नोटों की थी। बैंक के अंदर ही दो नोट फुटकर कराने के लिए अपने बेटे जीत बहादुर को दे दिया और शेष अड़तालीस हजार रुपये प्लास्टिक की झोले में डालकर हाथ मे पकड़े हुए थी।

इसी बीच दुपट्टे से मुंह छिपाए एक युवती उसे धक्का देते हुए बगल से निकल गयी। थोड़ी देर में देखा तो झोला कटा हुआ रकम गायब थी। फूल दुलारी ने थाने में घटना की तहरीर दी है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कराने के प्रयास किया जा रहा है।

## बाल्टी में गिरा मासूम, पानी डूबकर हुई मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

दही थाना क्षेत्र के कटरा गांव में शुक्रवार सुबह एक वर्ष के मासूम की पानी में डूबकर मौत हो गई। घटना के समय मां शौच के लिए गई थी। दही थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी अरजान(1) पुत्र नशीम की मां अमरीन शुक्रवार को सुबह शौच के लिए गई थी। पिता लखनऊ में रहकर काम करता है। घर में पानी बाल्टी के साथ खेल रहा था। किसी तरह बाल्टी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। मां जब लौटकर आई तो देखा तो उसको पास के निजी अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक घर का इकलौता था। परिजनों ने पुलिस को सूचना नही दी।

## स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं का राष्ट्रीय टीम ने किया मूल्यांकन





जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के तहत सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं का मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। जिसके लिये चयनित विकासखण्ड के जैतीपुर गांव स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर की स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन करने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तरीय टीम में शामिल डॉ गोविंद सिंघल व अंजू कुशवाहा पहुंचे। टीम ने सीएचओ मोहिनी वर्मा से केन्द्र पर आने वाले मरीजों के बारे में तथा उन्हें दी गयी चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। टीम ओपीडी मरीज़ो से संबंधित लेखाजोखा से संतुष्ट नहीं दिखी। उन्होंने दवाओं का भंडारण व संबंधित रजिस्टर चेक करने पर मानक के अनुरूप दवाएं उपलब्ध न होने पर नाराजगी जताई। टीम ने एएनएम अर्चना पाल से गर्भवती महिला मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं जांच, टीकाकरण आदि की जानकारी ली। महिला मरीजों का हाई रिस्क प्रेगनेंसी के तहत चिन्हांकन, उपचार व फॉलोअप आदि के बारे में पूछा। आशाओं से मिलने वाली सुविधाओं व किट के बारे जानकारी ली। उनसे टीकाकरण व स्वास्थ्य विभाग के अन्य कार्यक्रमों आदि समेत परिवार नियोजन के लिये उपलब्ध साधनों व महिलाओं को उनके प्रति प्रेरित करने के तरीकों की जानकारी ली। उन्होंने सेंटर पर साफ सफाई व्यवस्था, संसाधनों की उपलब्धता, शौचालय, पानी की उपलब्धता आदि का निरीक्षण किया। टीम ने मरीज़ो व उनके इलाज से संबंधित लेखाजोखा के रख रखाव के साथ अन्य कमियों को भी सुधारने के निर्देश दिये। इस दौरान एसीएमओ हरिनंदन प्रसाद, डॉ. पुष्पा सिंह, चिकित्साधीक्षक डॉ.राजेश कुमार, बीपीएम मलखान सिंह, सीएचओ प्रज्ञा वर्मा व सोनी, स्टाफ नर्स निशी पाल, क्षेत्रीय आशाबहु समेत अन्य मौजूद रहे।

## ससुराल आए अधेड़ का फंदे से लटका मिला शव

**सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर गांव की घटना**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में ससुराल आए अधेड़ का शव संदिग्ध हालातों में सड़क किनारे पेड़ से बंधे फंदे से लटकता मिला। मृतक के परिजनों व ससुरालीजनों के बीच काफी देर की कहासुनी होती रही। पुलिस ने समझा बुझा कर दोनों पक्षों को शांत कराया जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमाबाद निवासी किशनपाल लोधी (50) पुत्र स्व. बंदी गुरुवार शाम अपनी ससुराल परियर में चार महीने से अपनी माँ के साथ घर में रह रही पत्नी को वापस ले जाने के लिये आया था। अगले दिन गाँव के बाहर गेहूं के खेत मे अपने गमछे से फांसी लगा ली। युवक के कपड़े फ़टे देख परिवारीजन हत्या का आरोप लगाकर काफी देर तक बहस करते रहे। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी श्यामनारायण सिंह ने परिजनों को समझा बुझा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के तीन पुत्र विनय, बाराती और गोविंद है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

## डाक्टर पर मरीजों से अभद्रता का आरोप, वीडियो हुआ वायरल

**जिला अस्पताल के त्वचा रोग विभाग में तैनात है डाक्टर**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जिला अस्पताल में तैनात त्वचा रोग विशेषज्ञ पर मरीजों से बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि हमारा समाचार पत्र ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

जिला अस्पताल के त्वचा रोग विभाग में तैनात डॉ. प्रियंका बाहर से दवाएं लिखने के लिए पहले से ही चर्चित है। अब उन पर मरीजों से बदसलूकी के आरोप लग रहे हैं। शुक्रवार दोपहर मरीजों ने कई घंटों के इंतजार के बाद डॉक्टर से दवा लिखने को कहा तो उन्होंने मरीजों के साथ जमकर अभद्रता की और देख लेने तक की धमकी दे डाली। इस दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में लोग बताते हैं कि मरीजों की भीड़ के बाद भी चिकित्सक दवा देने के बजाय फोन पर बात करती हैं। एक व्यक्ति बताता है कि त्वचा संबंधी दिक्कत होने पर वह पत्नी को दिखाने डॉक्टर के पास आया था। जब उसने डॉ. प्रियंका से पत्नी को दवा देने को कहा तो वह अभद्रता करने लगी। उन्होंने साधारण से धब्बे का लखनऊ जाकर ऑपरेशन कराने तक को कह दिया। वीडियो में एक अन्य महिला बताती है कि डॉक्टर ने उनके बेटे को दवा देने से मना करते हुए बाहर जाने तक को कह डाला। मरीजों के अनुसार चिकित्सक बाहर की दवाएं लिखती हैं और जब कोई मरीज अस्पताल की दवाएं लिखने को कहता है तो वह अभद्रता पर उतर आती हैं।

## पसंद की शादी को राजी नहीं हुए परिजन तो युवक ने दे दी जान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। युवक की पसंद से शादी करने से परिजनों के इनकार करने पर गुरुवार को उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे उपचार के लिए ले गए। जहां देर रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कन्हई खेड़ा निवासी आदर्श (18) पुत्र कमलेश ने गुरुवार को जहरीला पदार्थ निगल लिया। देर रात उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेजा है। घटना की पृष्ठभूमि में बताया जाता है कि आदर्श की बड़ी बहन पड़ोस के रवनहार गांव में ब्याही है। बताते है कि आदर्श का बहन की ननद से प्रेम चल रहा था। वह उससे शादी करने का परिजनों पर दबाव बना रहा था। लेकिन परिजन सामाजिकता का हवाला देकर शादी करने से मना कर रहे थे। बताते है कि परिजनों द्वारा शादी से इनकार करने से क्षुब्ध होकर उसने मौत को गले लगा लिया।

## मेडिकल कालेज की छात्रा ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित एक मेडिकल कालेज की छात्रा ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि कालेज के ई डी द्वारा लगातार शोषण करने का प्रयास किया जा रहा है। ना मानने पर एक्जाम में फेल करने की लगातार धमकियां दी जा रही है। उक्त शिकायत का संज्ञान लेकर सोहरामऊ थाने में छात्रा की तहरीर पर ई डी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर स्थित सरस्वती मेडिकल कालेज में एमबीबीएस फाइनल ईयर की छात्रा ने सूबे के मुख्यमंत्री को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि कालेज ई डी सौरभ कंवर ने अपने केबिन में बुलाकर आपत्तिजनक बातें की और किसी से ना बताने की धमकी दी। बताया कि वह चेकिंग के बहाने गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा के रूम तक पहुंच जाते थे और ई डी सौरभ कंवर अपने प्रस्तावों को मान लेने को कहता था। जिसका विरोध करने पर उसको फेल करने की धमकी भी लगातार दी जा रही थी। छात्रा ने ई डी सौरभ कंवर को कालेज से हटाए जाने और अपनी पढ़ाई पूर्ण करने के लिए दूसरे कालेज में स्थानान्तरण हेतु निवेदन भी किया है। उक्त मामले में सूबे के मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिस पर सोहरामऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोहरामऊ थाना प्रभारी कमल किशोर दुबे ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। छात्रा के सभी आरोपो की बिंदुवार जांच की जायेगी।

## मशीन से धान की रोपाई का हुआ सफल प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के दलीपनगर स्थित प्रक्षेत्र पर जापानी कंपनी कुबोटा द्वारा निर्मित पैडी ट्रांसप्लांटर हस्त चालित एवं पॉवर चलित मशीन से ग्रीष्मकालीन धान की रोपाई का सजीव प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद कानपुर देहात से आई कई महिला कृषकों ने इस मशीन को स्वयं खेत में चलाकर धान की रोपाई की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ विजय कुमार यादव ने बताया कि खेती में उन्नत तकनीकी और आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग कर कम लागत में अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हाथ से रोपाई की तुलना में इन मशीनों से कम समय में अधिक क्षेत्रफल में धान की रोपाई हो जाती है। बताया कि इस मशीन द्वारा ढाई से तीन एकड़ खेत की 8 घंटे में रोपाई हो जाती है।

जबकि मैनुअल 8 घंटे में पांच श्रमिकों द्वारा एक एकड़ खेत की रोपाई हो पाती है।

## प्रशिक्षण के अंतिम दिन सपाइयों में दिखा जबरदस्त उत्साह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शुक्रवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रशिक्षण के अंतिम दिन आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र तथा लोहिया वाहिनी के 325 बूथ प्रभारी के प्रशिक्षण शिविर दिन में 4 बजे सपा कार्यालय में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुआ जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष परमवीर सिंह गम्भीर ने किया।

आदर्श चुनाव आचार संहिता के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि 14 फ्रंटल तथा पांचो विधानसभा क्षेत्र के चुनाव आचार संहिता का सफल प्रशिक्षण के आज अंतिम दिन बड़े उत्साह के साथ चुनाव आचार संहिता का मंथन तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने का जो अभियान का जन जागरण हुआ है उससे 1607 बूथों पर सक्रिय रहकर मतदान के लिए सन 2019 से ज्यादा प्रतिशत मतदान बढ़कर लोकतंत्र को मजबूत करने व व्यवस्था का बदलाव करके युवा पीढ़ी को रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी सहयोग देकर आगे बढ़ाना है। तथा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की आर्थिक नीतियों को घर-घर पहुंचना है।

शिविर में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव के के शुक्ला महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर परमवीर सिह गंभीर महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर सत्यनारायण गहरवार मोहम्मद सरिया सुभाष द्विवेदी मोहम्मद शारिक साकिब अब्बासी सुधीर बाजपेई जानकी वर्मा खुर्शीद आलम गोविंद प्रधान राजू पहलवान अंसारी धीरज यादव संदीप पांडे विवेक पांडे अवधेश शुक्ला नरेश यादव सुनील सिंह अनिल चौबे आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बिल्हौर कस्बे में त्यौहार के एक दिन पहले दुकानों पर पसरा सन्नाटा



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में होली त्योहार से एक दिन पहले दुकानों में सन्नाटा पसरा रहा कभी-कभी एक झोंका से आता जो महिलाएं और बच्चे होली के रंग-बिरंगे अबीर गुलाल पिचकारी खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे हैं वह भी दुकान में भाव सुनकर आगे बढ़ जाते हैं कोई भी ग्राहक ऐसा नहीं है की समान लेकर ही जाए दुकानदारों ने बताया कि केवल भाव लेने आ रहे हैं सुबह से 500 की दुकानदारी नहीं हुई है अब दो दिन बचे हैं।

कैसे दुकानदारी होगी और इतना सामान खरीद कर लाए हैं कैसे बिकेगा वहीं पर फलों के ठेलों पर मुस्लिम भाई रोज अफ्तार के लिए फल खरीदते नजर आए नगर पालिका चौराहे पर नगर पालिका प्रशासन ने ठेले ठेलिया हटा दिए हैं जो दूर इधर-उधर जीटी रोड पर मारे घूमते रहे दुकानदारों ने बताया कि शनिवार और इतवार को भीड़ बढेगी। भीड़ भाड वाले स्थान पर यातायात दुरस्त करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल लगाया गया है।

## स्मैक, गांजा, रूपया बरामद कर आरोपित को जेल भेजा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर थाना क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज ने कमिश्नरेट पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कई दिनों से चौकी इंचार्ज को सूचना मिल रही थी कि भीड़भाड़ में चोरी छुपे नशीले पदार्थों का व्यवसाय कर रहा है पुलिस टीम गठित कर मुखबिर की सटीक सूचना पर पूरा चौबियाना मोहल्ला निवासी दिनेश मिश्रा पुत्र अरुण मिश्रा को दस ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक एक किलो गांजा इलेक्ट्रिक पॉकेट तराजू 20500/- रुपए के साथ चौकी इंचार्ज सतीश कुमार, उप निरीक्षक सत्यवीर गौतम, उपनिरीक्षक यूटी देव सिंह, उप निरीक्षक सोनू गुप्ता यूटी उपनिरीक्षक रितु दिवान बिजेंद्र रवि कुमार पहलवान राजेन्द्र सिंह धर्मपाल ने घेरा बंदी करते हुए पकड़ा और न्यायलय भेजा एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने गिरफ्तार करने वाली टीम की सराहना की है वहीं पर क्षेत्र की जनता ने भी ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है जिससे आगे आने वाली पीढ़ी नशे की आदी हो रही है ऐसे लोग ही समाज को और बढ़ावा दे रहे हैं जो कई बार नशीले पदार्थ बिक्री में जेल जा चुका है।

## 30 मार्च को आयोजित होगा हटिया का ऐतिहासिक होली मेला


जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शुक्रवार को खत्री धर्मशाला बिरहाना रोड में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि होलिका दहन 24 मार्च को होगा लेकिन कानपुर रंगो का समापन कानपुर हटिया होली मेला (गंगा मेला) के साथ होता है कानपुर नगर अपनी अनूठी एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं के लिए पूरे देश में अपना एक विशेष महत्व रखता है आगामी दिनांक 24 मार्च 2024, दिन रविवार को होली है कानपुर की होली पूरे भारत में अपना अलग स्थान रखती है क्योकि कानपुर में होली से लेकर कानपुर हटिया होली मेला (गंगा मेला) तक होली का उल्लास रहता है। इस बार 83वां होली का मेला दिनांक 30 मार्च, दिन शनिवार अनुराधा नक्षत्र में प्राचीन परम्परा के अनुसार होगा होली मेले का शुभारंभ प्रातः 9:45 बजे क्रान्तिकारियों के शिलालेख में पुष्पांजलि करके माननीय जिलाधिकारी कानपुर नगर व पुलिस कमीश्नर कानपुर नगर तिरंगा झण्डा फहराकर पुलिस बैण्ड (होमगार्ड बैन्ड) द्वारा राष्ट्रीय धुन बजायी जाती है तत्पश्चात् रंग ठेले का शुभारंभ हटिया रज्जन बाबू पार्क से जिलाधिकारी/पुलिस कमीश्नर द्वारा होगा रंग ठेले मार्ग हटिया रज्जन बाबू पार्क से प्रारम्भ होकर जनरलगंज बाजार, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड, चौक, टोपी बाजार, कोतवालेश्वर मन्दिर चौक, चौक सर्राफा, बीच वाला मन्दिर मेस्टन रोड, कोतवाली चौराहा, संगम लाल मन्दिर, कमला टावर, फीलखाना, बिरहाना रोड, नयागंज चौराहा, शतरंगी मोहाल, लाठी मोहाल, जनरलगंज बाजार होते हुए हटिया रज्जन बाबू पार्क में आकर पूर्ण विश्राम लेता है कानपुर का होली मेला (गंगा मेला) पूरे देश में कानपुर की पहचान है अतः हम लोग प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यानाथ से मांग करते है सरकार द्वारा हर शहरों में उत्सव कराये जाते है अभी कानपुर बिठूर महोत्सव सम्पन्न हुआ इसी तर्ज में कानपुर में कानपुर होली उत्सव प्रत्येक वर्ष स्थानीय प्रशासन या सांस्कृतिक मंत्रालय उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कराया जाये।

## आईटीआई की आधुनिक लैब में जल्द आएंगे चार नए रोबोट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



राजकीय औोधोगिक प्रशिक्षण संस्थान, आईटीआई में जल्द नई आधुनिक लैब में चार रोबोट मगांये जयेंगेत। इसके साथ ही 17 से अधिक अत्याधुनिक उपकरणों को भी लैब में लगाने के लिए मंगाया जायेगा। आईटीआई में लगभग नई आधुनिक लैब का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

एडवांस कंप्यूटर न्यूमेरिक कंट्रोल मशीनिंग टेक्नीशियन तथा कंट्रोल एंड आटोमेशन टेक्नीशियन जैसे कोर्स के लिए राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान पांडु नगर में नई आधुनिक लैब का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अब जल्द ही कोर्स में शामिल होने के लिए आईटीआई प्रशासन द्वारा आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। बताया जाता है। कि इस आधुकन लैब के लिए जहां चार रोबोट मंगाये गये है तो वहीं 17 से अधिक आधुनिक मशीनों को भी लैब में स्थापित किया जायेगा। टाटा कम्पनी द्वारा आधुनिक सिम्युलेटर, कंम्प्यूटर तथा अन्य आधुनिक मशीने पहुंचा भी दी गयी है।

बताया जाता है।

कि अभी शुरूआत लघु अवधिक के कोर्स के प्रशिक्षण देने के साथ की जायेगी।

जिसके बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू की जायेगी ताकि निर्धारित सीट पर युवाओं को उद्योगों की आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण दिया जा सके।

## बच्चों को स्कूल वैच लगाकर पूर्ण अपनत्व के साथ किया गया स्वागत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



जे एम डी वर्ल्ड स्कूल मैनावती मार्ग में त्रिदिवसीय वेलकम कैंप का समापन हुआ। कैंप के प्रथम दिवस में नवीन प्रवेश लिए हुए बच्चों का स्कूल वैच लगाकर पूर्ण अपनत्व के साथ स्वागत किया गया।

इसी दिन मॉर्निंग असेंबली में स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागतगीत फ्रेंच भाषा में प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती मलिका अरोरा जी ने सभी बच्चों को संबोधित किया। नए सत्र की शुरूआत में सभी बच्चों को शिक्षा के सुझाव देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के प्रथम दिन की शुरुआत प्लेग्राउंड में फन रेस के साथ हुई। विज्ञान शिक्षकों द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार के विज्ञान एक्सपेरीमेंट से परिचित कराया गया। बच्चों ने उन्हें स्वयं करके सीखा साथ ही बच्चों ने जुबा का भी आनंद उठाया। बच्चों के द्वारा स्कूल में मनोरंजक और शैक्षणिक गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया गया। कैंप के दूसरे दिवस में पहेलियों के माध्यम से गणितीय गतिविधियां कराई गई। बच्चों ने आर्ट क्रॉफ्ट के माध्यम से अपनी कला क्षमता को प्रस्तुत किया। साथ ही नृत्य और संगीत का भरपूर आनंद लिया। कैंप के तृतीय दिवस में दिन की शुरूआत खेल के माध्यम से किया जिसमें बास्केट बॉल, फुटबॉल, बैटमिंटन आदि का आनंद लिया। स्विमिंग कोच की देख - रेख में बच्चों को तैराकी कराई गई। सभी बच्चों के लिए वेलकम कैंप उत्साहवर्धक एवम् ज्ञानवर्धक रहा। तीनों दिन स्कूल का वातावरण मनोरंजक एवम् आनंददायक रहा।

## अनुसाशन हीनता मे लेखपाल किया गया निलंबित

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील में बछना ग्राम पंचायत में तैनात लेखपाल आशीष कुमार को उप जिलाधिकारी ने निलंबित कर दिया है बीते कई दिनो से लेखपाल के द्वारा विभागीय कार्य के निष्पादन न करने के साथ अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है

उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि लगातार लेखपाल विभागीय कार्यों से दूरी बनाकर चल रहे थे तथा उच्च अधिकारियों के प्रश्नों का जवाब भी नहीं दे रहे थे और तमाम कृषक क्षेत्र के उनकी कार्यशैली से परेशान थे और कार्यालय में आकर शिकवा शिकायत करते थे।

## जिंदा जले युवकों के घर वालों ने किया रोड जाम, जमकर काटा बवाल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




बीते दिनों थाना सेन पश्चिम पारा क्षेत्र स्थित घर के अंदर सो रहे दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों मे आग से जलकर मौत हो गई थी। कल उसी प्रकरण मे मृतक के परिजनों ने पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्यवाही ना करने का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दी और आरोपियों के खिलाफ शासन प्रशासन से फांसी की सजा की मांग की है। वहीं मृतक राज और सुनील के परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि मृतक राज और सुनील किसी भी प्रकार का कोई नशा नही करते थे। लेकिन पुलिस मृतक राज और सुनील को नशे बाज कह कर आत्महत्या की बात कह रही है।जबकी देर रात मे हत्यारोपियों ने उसके घर मे खाना पीना खाया और हत्या कर दी। घटना होने के काफी दिन पहले आरोपियों ने दोनो मृतकों से हत्या करने की बात कही थी और मौका मिलते ही घटना को अंजाम दे दिया। लेकिन पुलिस उन हत्यारोपितों को थाने बुलाकर वीआईपी ट्रीटमेंट दे रही है। इस पूरे प्रकरण मे डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया की घटना के संबंध मे परिजनों ने तहरीर दी थी। जिसके आधार पर परिजनों द्वारा बताए गए आरोपियों पर हत्या व अन्य गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। दो नामजद अभियुक्तों को थाने बुलाकर पुछताछ भी करी गई। लेकिन अभी तक कोई भी साक्ष्य सामने नही आया है। हालाकि पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को अपने द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत करा दिया गया है और शांति व्यवस्था बना दी गई थी। पोस्टमार्टम के दौरान मिली वस्तुओं को फोरेंसिक लैब भेज दिया गया है। जिसकी रिर्पोट आने पर आगे की कार्यवाही करी जाएगी।

**मोदी को मिला भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान** प्रधानमंत्री बोले, इसे भारत के 140 करोड़ लोगों को समर्पित करता हूं

# दोनों देशों के युवाओं की आकांक्षाएं और लक्ष्य एक जैसे

**✱ मोदी ने कहा, आज एक भारतीय के नाते मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। थिम्पू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान के दो दिन के दौरे पर हैं। शुक्रवार को भूटान के राजा जिग्मे वांगचुक ने प्रधानमंत्री को वहां के सर्वोच्च ऑर्डर ऑफ ड्रूक ग्यालपो अवॉर्ड से सम्मानित किया। मोदी ने कहा कि वो इस सम्मान को 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करते हैं। मोदी ने कहा, आज एक भारतीय के नाते मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है, आपने मुझे भूटान के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता ही है लेकिन जब किसी अन्य देश से पुरस्कार मिलता है तो यह महसूस होता है कि हम दोनों देश सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इससे पहले वो राजधानी थींपू के ताशिचो द्जोंग पैलेस पहुंचे। यहां उनका औपचारिक स्वागत हुआ। उन्होंने भूटान के राजा जिग्मे वांगचुक से मुलाकात की। भूटान पहुंचने पर प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने पारो एयरपोर्ट पर मोदी का गले मिलकर स्वागत किया। टोबगे ने मोदी से कहा, स्वागत है मेरे बड़े भाई। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।



### भूटान का सबसे बड़ा सहयोगी देश है भारत

ऐतिहासिक तौर पर भूटान हमेशा भारत के करीब रहा है, हालांकि उसकी फॉरेन पॉलिसी में भारत ने कभी दखलंदाजी नहीं की। 8 लाख की आबादी वाले भूटान की गुट निरपेक्ष नीति है। उसके अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस से राजनयिक संबंध नहीं हैं। 1949 में भारत-भूटान में विदेश नीति, व्यापार व सुरक्षा को लेकर संधि हुई थी। 2007 में विदेश नीति का प्रावधान हटा दिया गया। भारत अब भूटान का सबसे बड़ा राजनयिक और आर्थिक साथी है।

### भूटान के लक्ष्य को पूरा करने में भारत करेगा मदद: पीएम

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत और भूटान के युवाओं की आकांक्षाएं और लक्ष्य एक जैसे है। भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है, जबकि भूटान ने 2034 तक उच्च आय वाला देश बनने का लक्ष्य रखा है। भूटान के इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत हर कदम पर आपके साथ खड़ा है।

### दोनों देशों के बीच संबंध नई ऊंचाईयों पर: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध प्राचीन है, लेकिन आधुनिकता के दौरे में दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों पर हैं। जब मैं पहली बार 2014 में प्रधानमंत्री बना तो मेरी पहली विदेश यात्रा के रूप में भूटान जाना मेरे लिए स्वाभाविक था। 10 साल पहले भूटान द्वारा दी गए गर्मजोशी से स्वागत ने प्रधानमंत्री के रूप में मेरी कर्तव्य यात्रा की शुरुआत को यादगार बना दिया।

### भारत-भूटान एक साझा विरासत का हिस्सा: पीएम मोदी

थिम्पू में लोगों का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और भूटान एक साझा विरासत का हिस्सा हैं। भारत भगवान बुद्ध का जन्मस्थान है। यह वह स्थान है जहां भगवान बुद्ध ने निर्वाण प्राप्त किया था। जबकि, भूटान वह स्थान है जिसने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपनाया और संरक्षित किया इसने वज्रयान बौद्ध धर्म की परंपरा को जीवित रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम सहयोग करते हैं और एक-दूसरे की सफलताओं का जश्न मनाते हैं। जब भारत का मिशन चंद्रयान सफल हुआ, तो भूटान के लोग भी उतने ही खुश थे जितने भारत के लोग थे।

### पीएम मोदी को इस सम्मान के लिए हार्दिक बधाई: जयशंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान का सर्वोच्च सम्मान दिए जाने पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी को इस सम्मान के लिए हार्दिक बधाई। पीएम मोदी इस उच्च सम्मान से सम्मानित होने वाले पहले विदेशी नेता है। यह भारत और भूटान की दोस्ती को मजबूत करता है। दोनों देश संबंधों का जश्न मना रहा है।

### चुनावों के ऐलान के बाद विदेश दौरे पर जाने वाले पहले प्रधानमंत्री

मोदी भारत में आम चुनावों का ऐलान होने के बाद किसी विदेश दौरे पर जाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक चुनाव से ठीक पहले भूटान जाकर मोदी ने पड़ोसी देश को उसकी अहमियत का एहसास कराने की कोशिश की है। भूटान भी मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान - ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से नवाजेगा। यह सम्मान भूटान के राजा उन्हें देंगे। इसके अलावा भूटान के राजा जिग्मे वांगचुक भारत-भूटान संबंधों को मजबूत करने और कोरोना के समय मदद करने के लिए मोदी को एक अन्य अवॉर्ड से भी सम्मानित करेंगे।




## सरकारी कामकाज से जुड़े आरबीआई के दफ्तर शनिवार और रविवार को भी खुलेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सरकारी कामकाज से जुड़े भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई के कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार 30 मार्च और रविवार 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के दौरान अपने काउंटर खुले रखेंगे। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकारी खातों की वार्षिक क्लोजिंग को देखते हुए एक बयान में कहा कि दोनों दिन 30 मार्च और 31 मार्च को निर्धारित समय तक इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन किया जा सकता है। करदाताओं को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर एनईएफटी और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट आरटीजीएस प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, 2024 को 24 घंटे तक जारी रहेगा। सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों की सुविधा के लिए, देश भर में स्पेशल क्लियरिंग अभियान चलाने के लिए आवश्यक व्यवस्था भी की गई है। सरकारी चेक के लिए 30 और 31 मार्च, 2024 को स्पेशल क्लियरिंग की जाएगी। एजेंसी बैंकों को सूचित किया जाता है कि सरकारी खातों से संबंधित सभी चेक इस तरह की मंजूरी पर प्रस्तुत किए जा सकते हैं। केंद्र और राज्य सरकार के लेन-देन की आरबीआई को रिपोर्ट करने के संबंध में 31 मार्च की रिपोर्टिंग विंडो 1 अप्रैल, 2024 को रात 12 बजे तक खुली रहेगी।




## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आक्रोश कोलकाता तक पहुंचा

### आम आदमी पार्टी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार रात गिरफ्तार किया। 24 घंटे से भी कम समय में विरोध की आंच कोलकाता तक पहुंच चुकी है। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में ईडी की कार्रवाई और केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। रिपोर्ट के मुताबिक कोलकाता के मुरलीधर सेन लेन पर भाजपा का प्रदेश मुख्यालय है। भाजपा और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की झड़प इसी स्थान पर हुई।

#### तनाव बढ़ा और दोनों पक्षों के बीच नौबत हाथापाई तक पहुंची

तख्तियों और पार्टी के झंडों के साथ पहुंचे आप कार्यकर्ताओं ने उत्पाद नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जब आप कार्यकर्ता केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे उसी समय पार्टी कार्यालय में मौजूद बीजेपी कार्यकर्ता भी सड़क पर आ गए। जवाबी नारेबाजी के कारण तनाव बढ़ा और दोनों पक्षों के बीच नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर हालात पर काबू पाया। आप समर्थक के मुताबिक वे केजरीवाल के समर्थन में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुर्व्यवहार किया। लाठियों से हमले भी किए गए। दूसरी तरफ भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके वरिष्ठ नेताओं के साथ दुर्व्यवहार किया। एक भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि ये तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सवाल किया कि ये भाजपा के शीर्ष नेताओं को गालियां कैसे दे सकते हैं। अगर उन्हें कोई शिकायत है तो कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

#### भाजपा कार्यकर्ताओं पर महिलाओं से छेड़खानी के आरोप

आम आदमी पार्टी के लगभग 30 कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आप ने जोरासंको पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी का आरोप है कि झड़प के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने आप की महिला सदस्यों के साथ छेड़छाड़ की।

## एअर इंडिया पर डीजीसीए ने लगाया 80 लाख का जुर्माना

### एयरलाइन ने क्रू को पर्याप्त आराम नहीं दिया, ट्रेनिंग रिकॉर्ड भी गलत तरीके से मार्क किए




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एअर इंडिया पर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन्स और फटीग मैनेजमेंट सिस्टम से संबंधित नियमों के उल्लंघन के लिए लगाया गया है। डीजीसीए ने हाई लेवल की सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए, एफडीटीएल और एफएमएस नियमों के अनुपालन को लेकर जनवरी महीने में एअर इंडिया का स्पॉट ऑडिट किया था। ऑडिट के दौरान डीजीसीए ने पाया कि कंपनी ने नियमों का उल्लंघन करते हुए उड़ानें संचालित कीं। डीजीसीए ने कहा कि रिपोर्टों और साक्ष्यों के विश्लेषण से पता चला कि एअर इंडिया ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों फ्लाइट क्रू के साथ उड़ानें संचालित कीं, जो एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के नियम 28ए के उप नियम (2) का उल्लंघन है। पर्याप्त साप्ताहिक आराम, अल्ट्रा-लॉन्ग रेंज (यूएलआर) उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त आराम और फ्लाइट क्रू को लेओवर पर पर्याप्त आराम प्रदान करने में भी कमी पाई गई। इसके अलावा, गलत तरीके से मार्क किए गए ट्रेनिंग रिकॉर्ड आदि के मामले भी देखे गए।

#### कारण बताओ नोटिस के जवाब के बाद जुर्माना लगाया गया

डीजीसीए ने कहा कि एअर इंडिया को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 1 मार्च, 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। विमानन नियामक ने पाया कि उसकी प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है।

#### जनवरी में भी 1.10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया था

इससे पहले जनवरी में भी डीजीसीए ने सुरक्षा उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। 12 मिनट केमिकल पैसेंजर ऑक्सीजन सिस्टम में कमी मिली थी, जिसके बाद ये जुर्माना लगा था।

#### एयरलाइन के एक कर्मचारी की शिकायत पर कार्रवाई हुई

डीजीसीए को अक्टूबर में एयरलाइन के एक कर्मचारी की शिकायत मिली थी। इसमें बताया गया था कि एअर इंडिया मुंबई/बेंगलुरु-सैन फ्रांसिस्को के बीच बोइंग बी777 विमान के जरिए जो फ्लाइट ऑपरेट करती है, उसमें सेफ्टी के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। शिकायत में यह भी बताया गया था कि नवंबर 2022 के बाद से ऐसा हो रहा है। शिकायत के आधार पर एविएशन रेगुलेटर ने एअर इंडिया के विमानों की 12 मिनट केमिकल पैसेंजर ऑक्सीजन सिस्टम की जांच की। ऑक्सीजन सिस्टम विमान में लगभग 12-15 मिनट तक ऑक्सीजन का उत्पादन कर सकते हैं। इमरजेंसी आने पर इतने समय में पायलट विमान को कम ऊंचाई पर ला सकते हैं, जहां एक्स्ट्रा ऑक्सीजन की जरूरत नहीं होती।

## बेगूसराय सीट से कन्हैया कुमार नहीं होंगे इंडी गठबंधन के उम्मीदवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

2019 में बेगूसराय से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले कन्हैया कुमार का इंडी गठबंधन (बिहार में महागठबंधन) से टिकट कट गया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने बेगूराय सीट पर अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी। सीपीआई ने पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय को उम्मीदवार बनाया है। सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने इसकी घोषणा कर दी है। पटना में शुक्रवार को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद से हरी झंडी मिलने के बाद ही सीपीआई ने इस सीट से प्रत्याशी के नाम का एलान किया। मीडिया से बातचीत करते हुए सीपीआई के महासचिव डी राजा ने कहा कि हमारी पार्टी के वरीय नेता और पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय बेगूसराय से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंनें केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी निंदनीय है। सरकारी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी का खाता जब्त करना सही नहीं है।



#### पिछले चुनाव में कन्हैया कुमार को गिरिराज ने हराया था

जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार 2019 में सीपीआई के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे थे। उनका मुकाबला भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह से था। मतगणना के बाद कन्हैया कुमार को करीब सवा चार लाख वोट से गिरिराज सिंह ने हरा दिया। इसके बाद कन्हैया कुमार सीपीआई छोड़कर कांग्रेस में चले आए। ऐसे में माना जा रहा था कि इस बार कन्हैया कुमार बेगूसराय से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े। लेकिन, कांग्रेस की ओर से कोई एलान होता, उससे पहले सीपीआई ने अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी।

#### कांग्रेस ने कहा था एक-दो दिन में फाइनल होगा

दरअसल, डी राजा के प्रेस कांफ्रेंस से कुछ देर पहले ही बिहार कांग्रेस प्रभारी अखिलेश सिंह ने सीट शेयरिंग पर जबाव देते हुए कहा था कि एक-दो दिन में सब फाइनल हो जाएगा। वहीं लालू प्रसाद द्वारा राजद प्रत्याशियों को सिंबल देने के सवाल पर कहा कि मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। जबकि एक दिन पहले पहले अखिलेश सिंह लालू प्रसाद से मुलाकात की थी और उनके बाद डी राजा भी राबड़ी आवास पहुंचे थे। अब अचानक डी राजा का कांग्रेस के दावेदारी वाली बेगूसराय सीट पर अपनी पार्टी के प्रत्याशी के नाम के एलान के बाद सियासी पारा चढ़ने लगा है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि महागठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अन्ना हजारे ने दी प्रतिक्रिया, बोले

## यह उनके कर्मों का फल



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी के बाद इंडी गठबंधन के नेताओं ने केंद्र सरकार को घेरा है, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि उनके कर्मों के कारण ही उनकी गिरफ्तारी हुई है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए अन्ना हजारे ने कहा, मैं बहुत दुखी हूं कि अरविंद केजरीवाल जो कभी मेरे साथ काम करते थे, उन्होंने शराब के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। अब वह खुद शराब नीतियां बना रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी उनके कर्मों के कारण ही हुई है। अन्ना हजारे ने मीडिया को बताया कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को इस तरह की नीति लागू नहीं करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा, मैंने बोला था कि हमारा काम शराब नीति बनाना नहीं है। एक छोटा बच्चा भी यह जानता है कि शराब बुरी चीज है। लेकिन उन्होंने नीति बनाई। उन्हें लगा कि वह इससे ज्यादा पैसे कमा लेंगे, इस वजह से उन्होंने इस नीति को लागू किया। मैंने उन्हें दो बार चिट्ठी भी लिखी। बता दें कि शराब घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के अलावा विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, समीर महेंद्रू, पी सरथ चंद्रा, बिनोय बाबू, अमित अरोड़ा, गौतम मल्होत्रा, राघव मंगुटा, राजेश जोशी, अमन ढाल, अरुण पिल्लई, मनीष सिसोदिया, दिनेश अरोड़ा, संजय सिंह, के. कविता को गिरफ्तार किया गया है।

#### अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल का रिश्ता

जनलोकपाल बिल आंदोलन के दौरान अन्ना हजारे की कोर टीम में शामिल अरविंद केजरीवाल का नाम जनता के सामने आया था। 2011 में शुरू हुई इस आंदोलन में केजरीवाल एक प्रमुख चेहरा थे, जिन्होंने अन्ना हजारे के साथ मिलकर जन लोकपाल विधेयक को लागू करने की मांग की थी। अन्ना हजारे ने नई दिल्ली में जंतर मंतर पर भूख हड़ताल शुरू की। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने किरण बेदी के साथ मिलकर विदेशों से काले धन को वापस लाने के लिए तत्कालीन सरकार को घेरा था।

#### केजरीवाल सत्ता के घेरे में फंस गए

अन्ना हजारे ने 30 अगस्त 2022 को केजरीवाल की नई शराब नीति को लेकर चिट्ठी लिखकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने लिखा था कि दिल्ली सरकार की शराब नीति को लेकर जो खबरें आ रही हैं, उनसे मैं दुखी हूं। हमें महाराष्ट्र की तरह शराब नीति की उम्मीद थी, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। अन्ना ने आगे लिखा था कि लोग सत्ता के लिए पैसे और पैसे के लिए सत्ता के घेरे में फंस गए हैं। यह उस पार्टी के अनुरूप नहीं है, जो एक बड़े आंदोलन से उभरी है। आपने अपनी पुस्तक स्वराज में बड़ी-बड़ी बातें लिखी थीं, लेकिन आपके आचरण पर उसका असर नहीं दिख रहा है। आपके मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मैं आपको पत्र लिख रहा हूं।

## सिद्धू मूसेवाला केस में 27 तक टली सुनवाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मानसा

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में आज शुक्रवार को मानसा कोर्ट में सुनवाई हुई। हत्या के चार मुख्य आरोपियों लॉरेंस बिश्नोई, जग्गू भगवानपुरिया, चरणजीत सिंह चेतन व जगतार सिंह की तरफ लगाई याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में आरोपियों ने खुद को बेकसूर बताया है। इस दौरान सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह मानसा कोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने 27 मार्च तक सुनवाई टाल दी है और सरकार को अपना पक्ष रखने के लिए कहा है। इस मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। सभी आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट के सामने पेश हुए। वहीं, लॉरेंस बिश्नोई ड्रग्स मामले में गुजरात की जेल में बंद है। हालांकि पिछली तारीख पर न्यायाधीश के छुट्टी पर होने के कारण सुनवाई आज तक के लिए टाल दी गई थी। वहीं, पुलिस अधिकारियों के माने तो केस काफी मजबूत है। पुलिस की तरफ से तथ्यों सहित पक्ष को रखा जाएगा। 29 मई 2022 की शाम को मानसा के जवाहरके गांव में 6 शूटरों ने गोलियां मारकर मूसेवाला की हत्या कर दी थी। तब मूसेवाला की उम्र 28 साल थी। इस हत्या की जिम्मेदारी कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने ली।

## बिहार में देश के सबसे लंबे पुल का हिस्सा गिरा, एक की मौत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सुपौल

सुपौल के बकौर और मधुबनी जिले के भेजा के बीच बन रहे पुल के तीन गार्डर शुक्रवार सुबह गिर गए। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 10 से ज्यादा मजदूरों को निकाल कर अस्पताल भेजा गया है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया। मृतक की पहचान किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचगछिया निवासी विपिन यादव (27) के रूप में हुई है। मृतक के परिजन सदर अस्पताल में कागजी प्रक्रिया का इंतजार कर रहे है। हालांकि इस बीच एडीएम राशिद कलीम अंसारी ने कई बार परिजनों से मुलाकात की।

#### मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा

दोपहर करीब 12 बजे के बाद मृतक के परिजन आक्रोशित होकर स्टेचर सहित शव को अस्पताल परिसर से बाहर ले कर चले गए और अस्पताल के मुख्य द्वार पर ही एनएच 327ए को जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। परिजन जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा की मांग कर रहे थे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का भी आरोप लगाया।

#### सुरक्षा गार्ड ने परिजनों को पीटा

मृतक के भाई धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जब तक जिलाधिकारी स्वयं आकर मुआवजा का ऐलान नहीं करेंगे, हंगामा जारी रहेगा। हालांकि इस बीच सदर अस्पताल के कुछ सुरक्षा गार्ड शव को वापस अंदर ले जाने कोशिश करने लगे। इस दौरान पहले सुरक्षा गार्ड एवं परिजनों के बीच शव को लेकर खींचतानी हुई और फिर अचानक मृतक के परिजनों ने सुरक्षा गार्ड की जमकर पिटाई कर दी।

#### तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

एनएचएआई ने पुल हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनाई है। ब्रिज विशेषज्ञ एके श्रीवास्तव, महेश टंडन और जीएल वर्मा दुर्घटना के कारणों एवं ब्रिज के आकलन करने के लिए मौके पर भेजा है। एनएचएआई के सदस्य (परियोजना) अनिल चौधरी एवं सीनियर इस मामले पर तत्काल कार्रवाई के लिए निकल चुके हैं।

## मोदी-शाह के इशारे पर सीज हुए खाते: गहलोत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बैंक खाते फ्रीज करने के मुद्दे पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर क्राइम किया है। देश में स्वतंत्र चुनाव को खतरे में डाल दिया है। कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने का मुद्दा गांव तक पहुंच चुका है। यह मुद्दा इनको (केंद्र सरकार-बीजेपी) ले डूबेगा। गहलोत पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- सीधे बैंक खाता फ्रीज कर दिया जाए, ऐसा प्रावधान ही नहीं है। 2017-18 में असेसमेंट हुआ। उस वक्त कांग्रेस को 199 करोड़ रुपए चंदे के मिले थे। उनमें से 14.40 लाख नकद जमा करवाए गए। पहले कानून था कि 20 हजार तक नकद दे सकते थे। फिर यह सीमा दो हजार कर दी गई। बदलाव के बारे में लोगों को पता नहीं था। उन्होंने नकद जमा करवा दिए। इसके लिए भी प्रावधान है। चूक हुई है तो 10 हजार की पेनल्टी लगा दीजिए। यह समझ से परे है कि कांग्रेस पार्टी के 115 करोड़ फ्रीज कर दिए।

## इसरो की बड़ी कामयाबी: दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' का सफल परीक्षण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। इसरो को बड़ी सफलता मिली। दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार की सुबह करीब 7.10 बजे इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल पुष्पक सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक के मामले में इसरो ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसरो इससे पहले भी दो बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग करा चुका है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के परीक्षण के दौरान आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक जैसे नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेयरेशन सिस्टम की सफलता पर भी मुहर लग गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)